# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## दुनिया देख रही पाक का आतंकी चेहरा

### शुक्रवार रात 8 बजे फिर किया ड्रोन अटैक

### एलओसी पर की गोलाबारी

फिरोजपुर में घर पर गिरा ड्रोन, तीन जख्मी, घर में लगी आग

सीमा पार से आ रहे ड्रोन को भारतीय सेना ने किया नष्ट

## पाक के सारे ड्रोन फिर आसमान में ही ढेर, जैसलमेर में 9, अमृतसर में 15 ड्रोन गिराए, 2 ड्रोन अन्य जगह भी गिराए, अवंतीपोरा एयर बेस पर हमला नाकाम, रक्षा मंत्री ख्वाजा ने किया 'जंग का ऐलान'

भारत का वार प्लान तैयार, इसी के अनुसार पाक को सिखाया जाएगा फाइनल सबक, इसका संकेत सेना प्रमुखों के कैमोफ्लॉज ड्रेस में पीएम से मिलना है। ये वर्दी जंग के दौरान ही पहनी जाती है

OPERATION SINDOOR
जय हिंद - जय भारत

# भारत ने किया 'प्रचंड प्रहार'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लगातार दूसरे दिन पाक ने रात 8 बजे अपने तयशुदा पैटर्न पर भारत पर फिर ड्रोन हमले किए। वह फिलहाल, भारत के सीमवर्ती राज्यों के जिलों को निशाना बना रहा है। शुक्रवार को रात 8 बजे जम्मू, नगरोटा, उधमपुर, आरएस पुरा, अखनूर, पुंछ, उरी, राजौरी, सांबा, बारामूला, श्रीनगर, अनंतनाग, पठानकोट, होशियारपपर, फिरोजपुर, जैसलमेर, पोखरण, बाड़मेर और भुज पर ड्रोन अटैक किए। ड्रोन हमलों ने कश्मीर घाटी के एक बड़े हिस्से को निशाने पर लिया।

हाजीबल की तरफ से बारामूला पर ड्रोन छोड़े गए। फिरोजपुर में एक मकान में ड्रोन गिरा। एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए। कार में आग लग गई। करतारपुर कॉरिडोर में भी पाक ने धमाका किया। भारतीय सेना ने इन सभी हमलों को नाकाम कर दिया। एक को छोड़कर सभी ड्रोन आसमान में ही मार गिराए। इस दौरान इन सभी जगहों पर ब्लैक आउट कर दिया गया और लगातार सायरन बजता रहा।

वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी के आवास पर उच्च स्तरीय बैठक हुई, जो लगभग 10.30 बजे खत्म हुई। इस बैठक के बाद ही भारत ने जवाबी हमले में पूरे पाक को दहला दिया। भारत ने पाक की ही शैली में पाकिस्तान के कई शहरों में ड्रोन अटैक किया। समझा जा रहा है कि भारत ने इंडियन नेवी को भी मूव करा दिया है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पाकिस्तान सेना के इस दुस्साहस का मजबूत और दंडात्मक जवाब दिया जाए। पाकिस्तान की सेना ने हालिया हमलों में तोपों और भारी हथियारों ▶▶ शेष पेज 2 पर

### पीएम आवास में हुई उच्च स्तरीय बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर, एनएसए अजीत डोभाल और विदेश सचिव विक्रम मिसरी मौजूद रहे

### सऊदी अरब के विदेश राज्य मंत्री पाकिस्तान पहुंचे, समझाया कि भारत से युद्ध न लड़ें, फिर रियाद लौटे

### एस जयशंकर ने नार्वे के विदेश मंत्री को बताया कि पाक लगातार युद्ध के लिए ललकार रहा

### नागरिक विमानों के संचालन के पीछे पाक की यह भी हो सकती है बड़ी चाल

पाकिस्तान यह जानता है कि भारत किसी भी वक्त तगड़ा प्रहार कर सकता है। बावजूद, रहे अपने एयर स्पेस में भारत से लगती सीमा में बिल्कुल नजदीक से अपने नागरिक विमान उड़ा रहा है। आशंका जताई जा रही है कि पाकिस्तान इसमें भी एक घृणित चाल चल सकता है। अब जबकि उसको अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से 9,500 करोड़ रू. का बेलआउट पैकेट मिल चुका है और भारत इस पर कह रहा है कि वह इस राशि का उपयोग टेरर फंडिंग के लिए करेगा। ऐसे में पाकिस्तान या तो अपने एयर स्पेस के किसी कमर्शियल विमान को निशाना बनाकर उड़ा सकता है। भले ही वे खाली हो या फिर उसमें कोई छोटे-मोटे आतंकी बैठाकर उड़ा दे। ऐसा करके वह यह दुनिया के सामने यह साबित करेगा कि वह आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है।

### व्हाइट हाउस ने कहा तनाव को कम करें

अमेरिका में व्हाइट हाउस की



प्रवक्ता व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने देर रात बयान जारी करते हुए कहा कि भारत-पाक आपसी रिश्तों में तनाव कम करें। क्योंकि, एक छोटा सा युद्ध भी इलाके के लिए खतरनाक होगा। हम दोनों देशों के सपंर्क में हैं।

### 24 एयरपोर्ट्स अब 15 मई तक रहेंगे बंद

भारत सरकार ने भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के मद्देनज़र देश के 24 एयरपोर्ट्स पर डोमेस्टिक फ्लाइट्स की आवाजाही पर लगी रोक को अब 15 मई तक बढ़ा दिया है। यह जानकारी नागरिक उड्डयन



मंत्रालय ने शुक्रवार को दी। गुरुवार को मंत्रालय ने घोषणा की थी कि सुरक्षा कारणों से इन 24 एयरपोर्ट्स से सभी डोमेस्टिक फ्लाइट्स को अस्थायी रूप से निलंबित किया जा रहा है। इनमें सीमावर्ती और संवेदनशील क्षेत्रों के हवाई अड्डे प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसमें जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, चंडीगढ़, भुज, जामनगर, राजकोट एयरपोर्ट शामिल हैं।

## बड़ा सवाल... क्या पाक अपने ड्रोन लोकल हैंडलर से करवा रहा है ऑपरेट?



विशेष खबर

**नई दिल्ली।** पाक के हमलों का जरा पैटर्न चेक करें। वह हर दिन रात 7 से 8 बजे के बीच ड्रोन हमले शुरु करता है। खुद विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा है कि ये चीप ड्रोन हैं। ये चीप ड्रोन 60 किमी का भी सफर ठीक से नहीं कर सकते हैं। लिहाजा, ये सवाल उठ खड़ा हुआ है कि इनको ऑपरेट कौन कर रहा है। सेना पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कहीं ये ड्रोन उड़ाकर पाक कहीं कश्मीर वैली और सीमावर्ती किसी इलाके के किन्हीं लोकल हैंडलर से तो ऑपरेट नहीं करवा रहा है। क्योंकि, इतने चीप ड्रोन भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में भेजे जा रहे हैं। हालांकि, यदि ऐसा हो रहा है तो ये हैंडलर जल्दी ही दबोच लिए जाएंगे।

### 'चीप ड्रोन' क्यों भेज रहा है पाक?

क्या पाक की ये भी एक चाल है कि भारत इतने चीप ड्रोन भेजकर वह हमारे एयर डिफेंस सिस्टम के प्रतिवाद को परखना चाह रहा है कि भारत अपने श्रेष्ठ उपकरणों को इन ड्रोन को गिराने में लगा दे। बाद में पाक अपने असली हथियार निकालकर हमला करे। लेकिन, भारतीय सुरक्षा तंत्र इस बात को समझ रहा है। लिहाजा, वह इन ड्रोन को रूटीन एक्सरसाइज की तरह ही गिरा रहा है।

पुंछ में लगातार गोलाबारी

## अवंतीपोरा वायुसेना बेस पर ड्रोन अटैक करने की कोशिश



शुक्रवार शाम को जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में सीमा पार से गोलाबारी की गई है। पाकिस्तान की तरफ से उरी सेक्टर में भारी गोलाबारी शुरू हुई, जिससे सीमावर्ती इलाकों में दहशत का माहौल बन गया है। इसके बाद पाकिस्तान ने पुंछ और कुपवाड़ा सेक्टर में भी सीमा पार से गोलाबारी की.। सीमा पार से मोर्टार दागे गए। नौगाम हंदवाड़ा सेक्टर में भी पाकिस्तान की तरफ से गोलाबारी की गई। पाकिस्तान ने अवंतीपोरा वायुसेना बेस पर ड्रोन अटैक करने की कोशिश की। इसे भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही नष्ट कर दिया। पाकिस्तान ड्रोन को मार गिराने के दौरान 15-20 धमाके सुने गए। किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

### श्रीनगर एयरपोर्ट पर भी धमाका किया गया

जम्मू और राजस्थान के पोखरण में संदिग्ध ड्रोन की घुसपैठ को भारतीय सुरक्षा बलों ने सफलतापूर्वक नाकाम किया। हाई अलर्ट के बीच ड्रोन को इंटरसेप्ट कर निष्क्रिय कर दिया गया, जिससे संभावित खतरे को टाल दिया गया। सांबा में रात के अंधेरे में आसमान पर हलचल के दृश्य देर से सामने आए, जहां सायरनों की आवाजें और दूर से सुनाई देने वाले हल्के धमाके माहौल को तनावपूर्ण बना रहे थे। सुरक्षा एजेंसियां हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखे हुए हैं। श्रीनगर एयरपोर्ट पर भी धमाका किया गया। जम्मू एयरपोर्ट पर भी सायरन बजाया गया।

### लेकिन... शरीफ नहीं माने



सऊदी अरब के विदेश राज्य मंत्री अदेल अलजुबेर ने पाक पीएम शाहबाज शरीफ को समझाया कि वे भारत से न उलझें। क्योंकि, उसके पास पाक से ज्यादा सैन्य ताकत है और वह एक बड़ी महाशक्ति है। लेकिन, शरीफ नहीं माने। भले ही उन्होंने उनके सामने कटोरा जरूर फैलाया। विदेश राज्य मंत्री 15 मिनट की मुलाकात के बाद ही रियाद के लिए लौट गए। क्योंकि, उनको अंदेशा था कि भारत कभी भी एयर स्ट्राइक कर सकता है।



### शशि थरूर ने बजाया ख्वाजा आसिफ का बाजा

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने फिर जंग की गीदड़ भभकी दी है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने माकूल जवाब दिया है। थरूर ने कहा कि अब जंग की सीढ़ी पर पहला कदम भारत नहीं, पाकिस्तान ने रखा है। शशि थरूर ने जोर देकर कहा कि कोई भी गंभीर जानकार ये नहीं मानता कि पाकिस्तान भारत के साथ लंबी और बड़ी जंग में टिक पाएगा।

सीएम उमर ने 'एक्स' पर लिखा

### मैं जहां मौजूद, वहां लगातार धमाकों की आवाज

सीएम उमर अब्दुल्ला ने जानकारी दी है कि जम्मू-कश्मीर में वे इस समय मौजूद हैं, वहां लगातार धमाकों की आवाज आ रही है। सीएम ने सभी लोगों से घर के अंदर रहने की अपील की है। उन्होंने जोर देकर कहा है कि अगले कुछ घंटों तक घर में रहिए या फिर सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं। किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। जम्मू और श्रीनगर में फिर ब्लैकआउट कर दिया गया है।

तनाव के बीच डेरा ब्यास की बड़ी घोषणा

### सत्संग घरों को प्रभावितों के लिए खोला

पाकिस्तान से बने तनावपूर्ण माहौल के दौरान डेरा ब्यास की ओर से बड़ी



घोषणा की गई है। डेरा की ओर से कहा गया है कि पंजाब के सभी सत्संग घरों को जंग के दौरान प्रभावित होने वाले लोगों के लिए खोल दिया गया है। इमरजेंसी की स्थिति में लोग सत्संग घरों में आकर रह सकते हैं।






कहीं, अमेरिका तो नहीं खेल रहा परदे के पीछे कोई खेल, क्योंकि आईएमएफ तो अमेरिका के इशारों पर खेलता है

भारत ने आईएमएफ की वोटिंग में नहीं लिया हिस्सा

## भारत के विरोध के बाद भी आईएमएफ ने पाक को 8500 करोड़ रु. का दिया बेलआउट पैकेज

भारत का आईएमएफ को कड़ा संदेश पाकिस्तान को कर्ज मत दो, ये पैसा आतंकवाद पर खर्च होगा

भारत ने इसके पीछे इस्लामाबाद के वित्तीय सहायता के इस्तेमाल में खराब रिकॉर्ड का हवाला दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ओर से पाकिस्तान को प्रस्तावित 1.3 बिलियन डॉलर के बेलआउट पैकेज पर मतदान से किनारा किया है। भारत ने इसके पीछे इस्लामाबाद के वित्तीय सहायता के इस्तेमाल में खराब रिकॉर्ड का हवाला दिया है। यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है।

हाल ही में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाकर सैन्य कार्रवाई की थी। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। भारत के इस मतदान से दूरी बनाने को आईएमएफ और अन्य बहुपक्षीय वित्तीय संस्थाओं को यह संदेश देने के रूप में देखा जा रहा है कि पाकिस्तान को बिना ठोस कदम उठाए वित्तीय मदद देना क्षेत्रीय सुरक्षा के लिहाज से खतरनाक हो सकता है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था आईएमएफ सहायता पर ▶▶ शेष पेज 2 पर

### आईएमएफ की शर्तें पूरी करने में विफल पाकिस्तान

9 मई को वाशिंगटन में हुई आईएमएफ बोर्ड बैठक में भारत ने पाकिस्तान की ओर से बार-बार आईएमएफ की सहायता शर्तों को पूरा न करने को लेकर चिंता जताई। भारत ने आईएमएफ की एक रिपोर्ट का हवाला भी दिया जिसमें कहा गया है कि पाकिस्तान को बार-बार राहत दिए जाने से वह आईएमएफ के लिए टू बिग टू फेल कर्जदार बन गया है। साथ ही रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि पाकिस्तान को आईएमएफ सहायता देने में राजनीतिक कारक भी भूमिका निभाते हैं।

### आतंकी संगठनों को जा रहा आईएमएफ का पैसा

भारत ने यह भी दोहराया कि पाकिस्तान को दी जाने वाली वित्तीय सहायता अप्रत्यक्ष रूप से उसकी खुफिया एजेंसियों और आतंकी संगठनों जैसे लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद की मदद करती है, जो भारत पर हमलों को अंजाम देते रहे हैं।



मध्यप्रदेश में बहेगी
समृद्धि की
जलधारा
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
देवेन्द्र फडणवीस
मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र
'तापी बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना'
मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र
सरकार के मध्य एमओयू
मुख्य अतिथि
देवेन्द्र फडणवीस
मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
10 मई, 2025 । अपराह्न 3:00 बजे । मिंटो हॉल, भोपाल
D-11022/25
मध्यप्रदेश के 1 लाख से अधिक हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का होगा विस्तार
यह परियोजना मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र सरकार की संयुक्त भू-जल पुनर्भरण की परियोजना है, इससे लाभान्वित होने वाले जिलों में कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी
सिंचाई सुविधा के साथ पेयजल और उद्योगों के लिए जल आपूर्ति
'तापी बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना' से भविष्य में जल की आवश्यकता की पूर्ति सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी
लाभान्वित जिले
खंडवा जिले की खालवा तहसील एवं बुरहानपुर जिले में नेपानगर, खकनार और बुरहानपुर तहसीलें लाभान्वित होंगी
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी


बारामूला में पाकिस्तान की गोलाबारी से घरों को नुकसान पहुंचा


पंजाब के होशियारपुर में पाक की मिसाइल




जैसलमेर में पाक का जिंदा बम मिला

# पाकिस्तान की खुली पोल...लेह से सर क्रीक तक घुसपैठ की कोशिश, पाक सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की नीयत से पूरी पश्चिमी सीमा पर भारतीय वायुक्षेत्र का कई बार उल्लंघन किया

OPERATION SINDOOR
जय हिंद - जय भारत

## 36 शहरों को निशाना बनाने की थी कोशिश, 300 से 400 दागे थे तुर्किये के ड्रोन

# 'तुर्किये' निकला पाक का मददगार नागरिक विमानों की आड़ में हमले

## भारतीय वायुसेना ने बेहद संयमित और जिम्मेदारी से दिया जवाब

- ड्रोन के मलबों की फोरेंसिक जांच में तुर्किये के कनेक्शन का खुलासा
- जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान व गुजरात के शहर थे निशाने पर
- पाक ने बंद नहीं किए नागरिक हवाई अड्डे, उनको बनाया ढाल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

'ऑपरेशन सिंदूर' से बौखलाए पाकिस्तान की कायरना हरकतों को लेकर विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बार फिर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान के नापाक चेहरे और इरादों का पर्दाफाश कर दिया। विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह 8 से 9 मई की रात की पाकिस्तान के हमलों की जानकारी दी। इस दौरान सबसे बड़ी खुलासा यह हुआ कि पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर लेह से लेकर सरक्रीक तक 36 जगहों पर 300-400 ड्रोन से घुसपैठ की कोशिश की। ये ड्रोन तुर्किये के बताए जा रहे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि पाकिस्तानी सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के इरादे से भारतीय इलाकों में हमला किया। इस तनाव की स्थिति और ▸▸ शेष पेज 2 पर



### कराची और लाहौर के बीच हवाई मार्ग पर नागरिक विमान उड़ान भर रहे

उन्होंने बताया कि पाकिस्तान ने 7 मई को शाम 8:30 बजे एक असफल बेवजह ड्रोन और मिसाइल हमला करने के बावजूद अपना नागरिक हवाई क्षेत्र बंद नहीं किया। पाकिस्तान नागरिक विमान को ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, यह अच्छी तरह से जानते हुए कि भारत पर उसके हमले के बाद उसे तेज हवाई रक्षा प्रतिक्रिया मिलेगी। यह भारत और पाकिस्तान के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास उड़ान भरने वाले अंतरराष्ट्रीय विमानों सहित सभी नागरिक विमानों के लिए सुरक्षित नहीं है। हमने आपको एक स्क्रीनशॉट भी दिखा रहे हैं, उसमें पंजाब सेक्टर में उच्च वायु रक्षा चेतावनी की स्थिति के दौरान एप्लीकेशन फ्लाइट रडार 24 का डेटा दिखाया गया है। जैसा कि आपने देखा है, हमारे घोषित बंद के कारण भारतीय पक्ष का हवाई क्षेत्र नागरिक हवाई यातायात से पूरी तरह से खाली है। हालांकि, कराची और लाहौर के बीच हवाई मार्ग पर नागरिक विमान उड़ान भर रहे हैं। भारतीय वायुसेना ने अपनी प्रतिक्रिया में काफी संयम दिखाया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय नागरिक वाहकों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

## तीनों सेनाओं के पूर्व प्रमुखों से मिले पीएम


इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों सेनाओं के पूर्व प्रमुखों से अपने आवास पर मुलाकात की। इस बैठक में नेवी चीफ, एयरफोर्स चीफ और आर्मी चीफ के साथ ही सीडीएस भी मौजूद रहे।

## राजनाथ सिंह ने की अहम बैठक, सीडीएस-सेना प्रमुखों के साथ की सुरक्षा स्थिति की बड़ी समीक्षा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य की व्यापक समीक्षा की। यह समीक्षा बैठक भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की हालिया कोशिशों को नाकाम करने के एक दिन बाद की गई। बताया जा रहा है कि बैठक में उभरती सुरक्षा स्थिति के हर पहलू पर चर्चा की गई। बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी शामिल हुए।



## डीआरडीओ प्रमुख से रक्षा मंत्री की मुलाकात जल्द

रक्षा मंत्री जल्द ही डीआरडीओ (रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन) के प्रमुख डॉ. समीर वी. कामत से मुलाकात करेंगे। इस मुलाकात को सुरक्षा मामलों के लिहाज से काफी अहम



माना जा रहा है। डॉ. समीर कामत ने 26 अगस्त 2022 को डीआरडीओ के चेयरमैन और डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी का पदभार संभाला था। डॉ. कामत ने देश की सुरक्षा को मजबूत बनाने वाले कई अत्याधुनिक डिफेंस प्रोजेक्ट्स में अहम भूमिका निभाई है। इनमें नौसेना के ▸▸ शेष पेज 2 पर

### जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान का एक और एयर डिफेंस रडार नष्ट

पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के तंगधार, उड़ी, पुंछ, मेंढर, राजौरी, अखनूर और उधमपुर में भारी कैलिबर आर्टिलरी गन और सशस्त्र ड्रोन का इस्तेमाल कर नियंत्रण रेखा के पार गोलाबारी की। भारतीय सेना के कुछ जवान हताहत हुए। जवाबी कार्रवाई में भारत ने भी बड़ा नुकसान पहुंचाया। इसके अलावा रात में पाकिस्तान के सशस्त्र यूएवी (मानव रहित हवाई वाहन) ने बठिंडा सैन्य स्टेशन को निशाना बनाने की कोशिश भी की जिसे पकड़ कर निष्क्रिय कर दिया गया। पाकिस्तानी हमले के जवाब में पाकिस्तान में चार हवाई रक्षा स्थालों पर सशस्त्र ड्रोन लॉन्च किए गए। इनमें से एक ड्रोन एडी रडार को नष्ट करने में सक्षम रहा।

### और क्या बोले विदेश सचिव?

## पाक के दावे बेतुके और अपमानजनक

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि अपनी हरकतों को स्वीकार करने के बजाए, पाकिस्तान ने यह बेतुका और अपमानजनक दावा किया कि यह भारतीय सशस्त्र बल हैं जो अमृतसर जैसे अपने ही शहरों को निशाना बना रहे हैं और पाकिस्तान पर दोष मढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। जैसा कि उनके इतिहास से पता चलता है, वे ऐसी हरकतों में पारंगत हैं... पाकिस्तान ने गलत सूचना फैलाई कि भारत ने ड्रोन हमले के जरिए नानकम साहिब गुरुद्वारे को निशाना बनाया, जो एक और सरासर झूठ है... पाकिस्तान सांप्रदायिक विवाद पैदा करने के इरादे से स्थिति को सांप्रदायिक रंग देने की पूरी कोशिश कर रहा है।

> पाकिस्तान ने गलत सूचना फैलाई कि भारत ने ड्रोन हमले के जरिए नानकम साहिब गुरुद्वारे को निशाना बनाया

## पाकिस्तानी सांसद ने नेशनल असेंबली में शहबाज शरीफ को बताया 'बुजदिल'



एक पाकिस्तानी सांसद ने अपने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को ही 'बुजदिल' बता दिया है। पाकिस्तान के सांसद शाहिद अहमद खट्टक ने नेशनल असेंबली में कहा-भारत के रुख पर उनका (पीएम शहबाज शरीफ) का कोई बयान नहीं आया है। मुझे टीपू सुल्तान का वो बयान याद आ रहा है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर एक लश्कर का सरदार शेर हो और उसके साथ गीदड़ हों, तो वो शेरों की तरह लड़ते हैं। लेकिन, अगर शेरों के लश्कर का सरदार गीदड़ हो, तो वो लड़ नहीं सकते और जंग हार जाते हैं। इस वक्त बॉर्डर पर खड़ा हमारा फौजी ये उम्मीद रखता है कि हमारा नेता, जो हमारा चेहरा है, जो हमारी ताकत का आइना है, वो सियासी ▸▸ शेष पेज 2 पर

### संघ ने सेना को जमकर सराहा

## भारत की जवाबी कार्रवाई ने देश का स्वाभिमान और हिम्मत बढ़ाई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भारत और पाकिस्तान के बीच जारी संघर्ष को लेकर प्रतिक्रिया दी है। संघ ने पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई को



लेकर भारत सरकार की जमकर तारीफ की। संघ ने एक्स पर लिखा- पहलगाम की कायरतापूर्ण आतंकवादी घटना के बाद पाक प्रायोजित आतंकवादियों और उनके समर्थक तंत्र के विरुद्ध की जा रही निर्णायक कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारत सरकार के नेतृत्व और सशस्त्र बलों को हार्दिक बधाई। सरसंघचालक मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के हवाले से संघ ने लिखा-ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारत सरकार के नेतृत्व और सैन्यबलों का हार्दिक अभिनंदन। हिंदू यात्रियों के नृशंस हत्याकांड में आहत परिवारों को एवं समस्त देश को न्याय दिलाने हेतु हो रही इस कार्रवाई ने समूचे देश के स्वाभिमान एवं हिम्मत को बढ़ाया है। संघ ने आगे लिखा कि हमारा यह भी मानना है कि पाकिस्तान में आतंकियों, उनके ढांचे और सहयोगी तंत्र पर की जा रही सैनिक कार्रवाई ▸▸ शेष पेज 2 पर

## चंडीगढ़ में शाम 7 व मोहाली में रात 8 बजे बंद हुए बाजार

पंजाब व हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में स्कूल, कॉलेज और अन्य शिक्षण संस्थान 12 मई तक बंद कर दिए गए हैं। वहीं ट्राईसिटी (चंडीगढ़, पंचकूला, मोहाली) में भी हाई अलर्ट है। ऐसे में चंडीगढ़ प्रशासन ने चंडीगढ़ के सभी मार्केट, शॉपिंग मॉल शाम 7 बजे बंद कर दिए गए। पटाखे और आतिशबाजी पर भी रोक लगा दी गई है। मोहाली में रात 8 बजे सभी बाजार बंद हो गए। चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (सीटीयू) ने जम्मू और कटड़ा के लिए अपनी बस सेवाएं बंद कर दी हैं। चंडीगढ़ व आसपास के इलाकों से कॉलेज के छात्र घरों को लौटने लगे हैं। चंडीगढ़ के 43 बस स्टैंड पर शुक्रवार को खासी भीड़ देखने को मिली।



धर्मशाला से विशेष ट्रेन से खिलाड़ी रात में दिल्ली पहुंचे

## आईपीएल 2025 का सत्र एक हफ्ते के लिए स्थगित

आईपीएल 2025 पर बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने



कहा कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए आईपीएल 2025 को एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया है। सभी हितधारकों के साथ परामर्श के बाद टूर्नामेंट के नए कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। हमें भारतीय सेना पर गर्व है। बीसीसीआई हमारे सशस्त्र बलों और सरकार के साथ खड़ा है। विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता को लेकर उन्होंने कहा कि यह उनका निजी फैसला होगा, वो खुद ही इस पर फैसला लेंगे। इससे पहले आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने गुरुवार रात बताया था कि मौजूदा स्थिति में आईपीएल का 18वां सत्र जारी रहेगा, लेकिन अब बोर्ड में इसे स्थगित करने का फैसला किया है।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर 138 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द

शुक्रवार को विभिन्न एयरलाइनों ने दिल्ली हवाई अड्डे से आने-जाने वाली 138 उड़ानें रद्द की हैं। हवाई अड्डों पर भी सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए गए हैं। देश के विभिन्न भागों में लगभग 27 हवाईअड्डे बंद हैं। शुक्रवार को सुबह 5 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच दिल्ली एयरपोर्ट जाने वाली कुल 66 घरेलू और 63 आने वाली उड़ानों के साथ ही पांच अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान और 4 आगमन उड़ानें रद्द कर दी गईं।

### केंद्र सरकार का बड़ा फैसला : यह आदेश 10 फरवरी 2025 से प्रभावी होगा और 9 फरवरी 2028 तक लागू रहेगा

जिन यूनिट्स को रक्षा मंत्रालय के अलावा किसी अन्य मंत्रालय की मांग पर तैनात किया जाएगा, उसका खर्च संबंधित मंत्रालय ही उठाएगा

## सेना प्रमुख को तीन साल के लिए प्रादेशिक सेना को सहयोग के लिए जुटाने का अधिकार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। अब सेना प्रमुख को अधिकार दिया गया है कि वे प्रादेशिक सेना (टीए) के हर अफसर और सैनिक को तैनात कर सकते हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर नियमित सेना की मदद की जा सके या उसकी ताकत बढ़ाई जा सके। यह आदेश 10 फरवरी 2025 से प्रभावी होगा और 9 फरवरी 2028 तक लागू रहेगा। इसका



मतलब है कि अगले तीन सालों तक सेना प्रमुख के पास टीए को किसी भी जरूरी मिशन के लिए तैनात करने का पूरा अधिकार रहेगा। अधिसूचना में यह भी साफ किया गया है कि इन बटालियनों की तैनाती तभी होगी जब बजट में इसके लिए पैसे उपलब्ध होंगे या फिर आंतरिक बचत से पैसे की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही, जिन यूनिट्स को रक्षा मंत्रालय के अलावा किसी अन्य मंत्रालय की मांग पर तैनात किया जाएगा, उसका खर्च संबंधित मंत्रालय ही उठाएगा।

### प्रादेशिक सेना: 75 सालों की सेवा

प्रादेशिक सेना, जिसे 9 अक्तूबर 1949 को स्थापित किया गया था, ने पिछले साल अपनी 75वीं वर्षगांठ मनाई थी। यह बल न सिर्फ युद्ध के समय देश की सेवा करता है, बल्कि आपदा राहत, पर्यावरण सुरक्षा और मानवीय मदद में भी सक्रिय भूमिका निभाता है। इसके जवानों को उनकी बहादुरी और सेवा के लिए कई पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

### देश में 14 बटालियन होंगी तैनात

सरकार की अधिसूचना के अनुसार मौजूदा 32 टीए इन्फैंट्री बटालियनों में से 14 को तैनात करने का आदेश दिया गया है। इन्हें देश के कई सैन्य कमानों में भेजा जाएगा। साउथर्न कमांड, ईस्टर्न कमांड, वेस्टर्न कमांड, सेंट्रल कमांड, नॉर्दर्न कमांड, साउथ वेस्टर्न कमांड, अंडमान और निकोबार कमांड, आर्मी ट्रेनिंग कमांड, (एआरटीआरएसी)।

### भारत के मुंहतोड़ जवाब से दहशत में पाकिस्तान

## चीन-ईरान-सऊदी के सामने गिड़गिड़ाए पाक रक्षा मंत्री, मदद की लगाई गुहार

आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना की ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने अब दूसरे देशों के सामने गिड़गिड़ाना शुरू कर दिया है। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने शुक्रवार को कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव कम करने के लिए पाकिस्तान हर दिन ईरान, सऊदी अरब, चीन, कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे देशों से कूटनीतिक बातचीत कर रहा है। नेशनल असेंबली को संबोधित करते हुए आसिफ ने कहा कि भारत ने सीधे हमले के लिए नहीं, बल्कि जासूसी के मकसद से ड्रोन हमले किए थे। आसिफ के अनुसार, भारत के ड्रोन को एक सुरक्षित सीमा तक अंदर आने दिया गया और फिर उन्हें गिरा दिया गया, ताकि संवेदनशील जगहों का पता न चले। वहीं, पाकिस्तान के सूचना मंत्री अता तरार ने झूठा दावा किया कि बुधवार से शुक्रवार तक कुल 77 ड्रोन गिराए गए। पहले 29 ड्रोन गिराए और फिर रातभर में 48 ड्रोन गिराए गए।



जवाहर चौक स्थित भारत माता की प्रतिमा पर लहराया तिरंगा ध्वज



भारत माता की प्रतिमा की आरती करते वीडी शर्मा, रामेश्वर शर्मा, विश्वास सारंग, कृष्णा गौर, हितानंद, रविंद्र यति, भगवानदास सबनानी सहित अन्य लोग।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश संगठन महामंत्री भारत माता चौक पर आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारत माता की महाआरती कर फहराया तिरंगा ध्वज, आतंकवाद को जड़-मूल से नष्ट करने को संकल्पित है सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने भारत माता चौक पर भोपाल जिला द्वारा आयोजित भारत माता की महाआरती में शामिल होकर तिरंगा ध्वज फहराया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्र सरकार पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद को जड़-मूल से नष्ट करने को संकल्पित है। तीनों सेनाओं ने बताया कि पाकिस्तान में बैठे आतंक के आका उसकी पहुंच से दूर नहीं हैं। ऑपरेशन सिंदूर के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकियों को कड़ा संदेश दिया है।

इस अवसर पर प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, कृष्णा गौर, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, विधायक रामेश्वर शर्मा, पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, भाजपा के झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक महेंद्र दवे, प्रदीप त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

तीनों सेनाओं ने बताया कि पाकिस्तान में बैठे आतंक के आका उसकी पहुंच से दूर नहीं

ऑपरेशन सिंदूर के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकियों को कड़ा संदेश दिया

### आतंकियों के जनाजे को कंधा देने वाली पाकिस्तान सरकार, उसकी सेना को दुनिया ने देखाः रामेश्वर



जवाहर चौक स्थित भारत माता की प्रतिमा की आरतीं करतीं महिलाएं।

भारत माता चौराहे पर भारत माता की आरती में सम्मिलित हुए विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा की आतंकीयों के जनाजे को कंधा देने वाली पाकिस्तान सरकार और सेना को दुनिया ने देखा, जिससे दुनिया के सामने पाकिस्तान का आतंकी चेहरा उजागर हुआ। सिंदूर ऑपरेशन के लिए तीनों सेना को बधाई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद जिन्होंने संकल्प लिया था की आतंकियों को मिट्टी में मिला देंगे।

### निर्दोष जनता का खून बहाने वालों को सिखाया सबकः शर्मा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने पाकिस्तान पर भारतीय सेना की कार्रवाई का स्वागत किया है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और तीनों सेनाओं को बधाई देते हुए कहा कि यह कार्रवाई पाकिस्तान प्रेरित आतंक को समूल नष्ट करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प की पूर्ति की दिशा में एक बड़ा कदम है। भारतीय सेना की इस कार्रवाई में अनेक आतंकवादी और उनके आका मारे गए हैं। हमारी सेना ने यह बता दिया है कि भारत में बेगुनाहों का खून बहाने वाले आतंकी और उनके आका पाकिस्तान में ही क्यों न छिपे हों, वे हमारी पहुंच से दूर नहीं हैं और जब भी निर्दोष नागरिकों का खून बहाएंगे उन्हें ऐसा ही सबक सिखाया जाएगा। विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि आज पूरी देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ी है।



## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर कांग्रेस ने निकाली जय हिंद यात्राः पटवारी, सिंघार और दिग्विजय हुए शामिल

कांग्रेस ने भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने के समर्थन में जयहिंद यात्रा निकाली है। यह यात्रा सेना के प्रति सम्मान, देशभक्ति की भावना और सामाजिक एकता के रूप निकाली गई। यात्रा कांग्रेस ने रेडक्रास (शिवाजी चौक) से शुरू होकर शौर्य स्मारक तक निकाली। इस यात्रा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व सीएम व राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और आम लोग शामिल रहे। इस दौरान सभी ने भारतीय सेना के अतुलनीय योगदान को नमन किया।

### कांग्रेस हमेशा देश और तिरंगे के साथ



जय हिंद यात्रा के दौरान पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस हमेशा देश के साथ है, देश के शहीदों के साथ है, तिरंगे के साथ है। कांग्रेस ने देश को आजाद कराया था। देश की सीमा पर जवानों के साथ कांग्रेस खड़ी है। यह रैली आर्मी की समर्थन में है। पाकिस्तान को सबक सिखाना चाहिए। इसी रणनीति के तहत यह काम किया जा रहा है। वहीं विधायक आरिफ मसूद ने कहा कि भारत का मुसलमान पाकिस्तान की चाल में नहीं आने वाला। भारतीय मुस्लिमों ने भी देश को आजादी दिलाई थी। शहीदों को इंसाफ मिला एकजुट होकर देश की जनता उनके साथ है।

**दिग्विजय बोले-हम सब एक हैं**

इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि हम सब एक हैं। जब भारत पर संकट आता है सब एक हो जाते हैं। भारत की सरकार ने जो सेना को टारगेट दिया था वह टारगेट सही निशाने पर है। किसी भी आम नागरिक को नहीं मारा गया, सिर्फ आतंकवादियों को मारा है।

**नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा-पीओके बने भारत का हिस्सा**

*नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा- हमारी सेना मजबूती से काम कर रही है इसी लिए भारत की सेना के आगे पाकिस्तान घबराया हुआ है। कांग्रेस पार्टी ने भारतीय सेवा का मनोबल बढ़ाने के लिए यात्रा निकाली है। प्रदेश के कार्यकर्ता हर जिले से आए हुए हैं। हम सेना को सैल्यूट करते हैं। सेना का मनोबल ऊंचा रहे। पूरी कांग्रेस पार्टी देश की सेना के साथ है। पाकिस्तान हिंदुस्तान से निकला हुआ एक छोटा सा बच्चा है। वह हमेशा नादानी करता आया है। इसलिए उसके 1971 में टुकड़े हुए थे और निश्चित तौर पर इस बार फिर चाहूंगा कि पाकिस्तान के टुकड़े हों। पाक अधिकृत कश्मीर हिंदुस्तान का हिस्सा बने और बलूचिस्तान पर हमारा कब्जा हो।*

# बाबा बटेश्वर से की आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने की प्रार्थना

### बैसाख माह के दूसरे प्रदोष पर पूजा-अर्चना कर की महाआरती


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्रीबड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा बेसाख माह के दूसरे प्रदोष पर पूजा-अर्चना कर बाबा बटेश्वर की महाआरती के बाद वर्तमान में चल रहे भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के मद्देनजर भगवान बटेश्वर से भारतीय सेनिकों को हर तरह के नुकसान से बचाने एवं आतंकी ठिकानों को पूरी तरह से नेस्तनाबूत करने की प्रार्थना की गई। समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया प्रदोष काल में बील से बनी विजया एवं भस्मी से बाबा बटेश्वर का भारत की सेना की ओर से रुद्राभिषेक कर श्रृंगार किया गया एवं महाआरती की।



**दादाजी धाम में शिवजी का किया जलाभिषेक**

दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड पटेल नगर भोपाल में प्रदोष व्रत पर शिव जी की पूजा-अर्चना के लिए उमड़े भक्त, शिवजी का जलाभिषेक पूजन, हवन आरती की गई। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार प्रदोष व्रत भोलेनाथ की कृपा पाने का दिन है। यदि इस तिथि पर उनका अभिषेक किया जाए, तो व्यक्ति के मन से सभी डर भय समाप्त होते हैं। इस अवसर पर भक्त भगवान शिव की पूजन करने के लिए आते रहे। सांय 7:30 बजे आरती के पश्चात आतंकवाद के खात्मे और देश की सुरक्षा के लिए भक्तों द्वारा विशेष प्रार्थना की गई।



### जवानों के लिए ब्लड डोनेट करेंगे डॉक्टर्स

**भोपाल।** राष्ट्र के प्रति समर्पण डॉक्टर जवानों और आम मरीजों के लिए रक्त दान शिविर का आयोजन करेंगे। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप गुप्ता ने बताया कि शनिवार 10 मई को सुबह साढ़े दस बजे यह शिविर हमीदिया अस्पताल के ब्लड बैंक में लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जूडा और मेडीकल टीचर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा।

# ऑपरेशन-सिंदूर के लिए स्वदेशी जागरण मंच ने छेड़ा 'स्वदेशी योद्धा गुल्लक' अभियान

### प्रत्येक व्यक्ति से लिए 10 रुपए की सहयोग राशि को देंगे देश रूपी मंदिर में दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जहां एक ओर बॉर्डर पर हमारे वीर सिपाही देश की रक्षा के लिए दुश्मनों के सिर काटने को तैयार हैं तो वहीं देशवासियों में भी देशभक्ति की लहर है और चारों ओर ऑपरेशन-सिंदूर की चर्चा है। ऐसे में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा 'स्वदेशी योद्धा गुल्लक' अभियान की शुरुआत की गई है।

स्वदेशी जागरण मंच मध्य भारत प्रान्त महिला सह प्रमुख सीमा भारद्वाज ने कहा कि पहलगाम में हुई आतंकवादियों की नापाक कोशिशों के अंत के रूप में आपरेशन सिंदूर चलाया जा रहा है ऐसे में हमारा भी कर्तव्य है कि हम भी देश की सीमा पर तैनात वीर जवानों का हौसला बढ़ाएं और उनकी मदद के लिए सामने आएं। इसके लिए स्वदेशी जागरण मंच द्वारा 'स्वदेशी योद्धा गुल्लक' अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें स्वदेशी जागरण मंच की बहनों द्वारा स्वदेशी योद्धा गुल्लक बनाने का कार्य शुरू किया गया है।




**किसी मंदिर में राशि न चढ़ाकर, देश रूपी मंदिर में करें दान**

जिसके अंतर्गत हम प्रत्येक व्यक्ति से 10 रुपए की सहयोग की राशि को एकत्रित करके एक माह बाद इस राशि को कलेक्टर के जरिए देश की रक्षा में तैनात वीर जवानों तक पहुंचाऐंगे। सीमा ने कहा कि किसी मंदिर में राशि न चढ़ाकर हम देश रूपी मंदिर में यह सहयोग राशि देंगे ताकि देश के प्रति हम थोड़ा बहुत कर्तव्य निभा पाएं। इस अभियान को सीमा भारद्वाज के साथ डॉ प्रतिभा चतुर्वेदी, आशा साहू, नीता पॉसपोल, उषा खरे, दीपा शर्मा, प्रीति सक्सेना, प्रीति चौरसिया सहित स्वदेशी जागरण मंच से जुड़ी सैकड़ों महिलाओं द्वारा संचालित किया जा रहा है।

ज्योति टॉकीज चौराहा स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

# महाराणा प्रताप जयंती पर किया शस्त्र पूजन काफिले के साथ निकली शौर्य वाहन रैली

### समाज के लोगों ने महाराणा प्रताप के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाराणा प्रताप की जयंती शुक्रवार को धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर विभिन्न समाज संगठनों की ओर से कई आयोजन किए गए। कई संस्थाओं द्वारा शौर्य यात्राएं, वाहन रैली निकाली गई और ज्योति टॉकीज चौराहा स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण किया गया।

इस मौके पर समाज के लोगों ने महाराणा प्रताप के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वहीं सकल हिंदू समाज, लोहार समाज और संस्कृति बचाओ मंच ने शुक्रवार को महाराणा प्रताप महाराज की जयंती मनाई। शस्त्र पूजन किया गया। महाराणा प्रताप के जयकारे लगाए गए। शहर के जवाहर चौक पर महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर शस्त्र पूजन किया गाय। शस्त्र पूजन के माध्यम से यह संदेश दिया कि आज के समय में शास्त्र अपने पास आज के समय में रखना आवश्यक है। इस अवसर पर संस्कृति बचाओ मंच के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने कहा कि आज की स्थिति में जिहादियों के लिए भी शस्त्र उठाने की आवश्यकता है।



**सेना के साथ मिलकर युद्ध लड़ने को तैयार**

यदि भारत की सेवा की आवश्यकता पड़ेगी तो सकल हिंदू समाज सेना के साथ कंधा मिलाकर युद्ध लड़ने के लिए शस्त्र लेकर तैयार है। इस अवसर पर राजू राणा, नीलेश नामदेव, डॉ. शुभम शाह व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इधर मप्र राजपूत समाज के महासचिव दीपक चौहान ने बताया कि महाराणा प्रताप की जयंती तिथि के अनुसार 29 मई के पड़ रही है। अंग्रेजी कलेंडर के हिसाब से नौ मई को मनती है। हर वर्ष तिथि के अनुसार महाराणा प्रताप की जयंती की तिथि अलग-अलग पड़ती है। राजपूत समाज की ओर से 29 मई को महाराणा प्रताप की जयंती पर शस्त्र पूजन सहित अन्य कार्यक्रम रखे गए हैं।

### शिव मंदिर रुसल्ली में श्रीमद् भागवत कथा 23 मई से होगी शुरू

**भोपाल।** शिवशक्ति शिक्षा एवं जन कल्याण समिति द्वारा शिवमंदिर रुसल्ली करोंद में 23 मई से भव्य श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। शिवशक्ति धाम के पीठाधीश पंडित सुशील महाराज द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा वाचन किया जाएगा। श्रीमद् भागवत कथा में सहायक कथा वाचक के रूप में पंडित अभय त्रिपाठी नियुक्त किया गया है। श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य यजमान श्याम पाराशर ने बताया कि श्रीमद् भागवत के शुभारंभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें मुख्य अतिथ के रूप में मंत्री विश्वास सारंग शामिल होकर व्यासपीठ का पूजन करेंगे। समिति के प्रदेशाध्यक्ष शुभम पाण्डेय ने बताया कि तैयारियों को लेकर समिति के पदाधिकारियों की बैठक हुई है।

### न आतंकियों का डर और न ही हमले का खौफ...

# बंद नहीं होगी अमरनाथ यात्रा... चप्पे चप्पे की निगरानी करेगी भारतीय सेना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पहलगाम आतंकी हमले और पाकिस्तान पर भारतीय सशस्त्र सेना के एयरस्ट्राइक का असर 3 जुलाई से शुरू होने वाले अमरनाथ यात्रा पर नहीं पड़ेगा। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि पवित्र अमरनाथ यात्रा साल में एक बार होती है। जिसका श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन के बेसब्री से इंतजार करते हैं।

इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से प्रारंभ होकर 9 अगस्त रक्षाबंधन तक चलेगी, जो 38 दिनों की होगी। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादी द्वारा कायराना हमला कर 26 बेकसूर पर्यटकों की हत्या कर दी थी एवं भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध की स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार ने निर्णय लिया है कि अमरनाथ यात्रा न तो रद्द होगी ना सीमित रहेगी। इस वर्ष अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा के लिए डेढ़ लाख जवान तैनात रहेंगे, जबकि पिछले वर्ष 1 लाख 10 हजार जवान तैनात थे। मंडल केंद्र सरकार के इस निर्णय का स्वागत करता है।



केंद्र सरकार के एक निर्णय का स्वागत करने वालों में सचिव रिंकू भटेजा, सचिन सेवारामनी, राजकुमार शर्मा, गुड्डू अग्रवाल, प्रदीप सोनी, योगेश श्रीवास्तव, बृजेश पाठक, गजेंद्र ठाकुर, मनीष पवासे, कपिल ग्वाला, सचिन आर्य, मुकेश रैकवार, प्रकाश पाटिल अरुण तिवारी शिव पाटिल, आदि मंडल सदस्य है।

भोपाल
शनिवार, 10 मई 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष-12
वर्ष : 12, अंक : 39
पृष्ठ : 18 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 33
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

अलर्ट मोड पर मध्यप्रदेश पुलिस

## पुलिसकर्मियों की हुईं छुट्टी कैंसिल, डीजीपी के निर्देश

साइबर पुलिस को भी सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग के लिए कहा

**भोपाल।** एमपी पुलिस भी अलर्ट मोड पर है। उच्चस्तरीय बैठक के बाद पुलिसकर्मियों की छुट्टियां कैंसिल कर दी गई हैं। साथ ही करीब पांच हजार अफसर कर्मचारी अभी छुट्टी पर हैं उनको भी तत्काल लौटने के लिए सूचना दी जा रही है। शनिवार को संबंधित ऑफिस में आमद दर्ज कराने को कहा गया है। डीजीपी कैलाश मकवाना ने शुक्रवार को सभी रेंज आईजी, एडीजी, डीआईजी और एसपी की वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने माहौल सामान्य होने तक छुट्टियों को रद्द किए जाने की जानकारी पुलिस अफसरों को दी। साथ ही पुख्ता सुरक्षा प्रबंधों के साथ पुलिस अफसरों को इस बिंदु पर फोकस करने के लिए कहा कि पब्लिक में किसी प्रकार का डर या अफवाह व्याप्त नहीं
शेष पेज 2 पर

- जो छुट्टी पर हैं उनको वापस बुलाया गया

### भोपाल सहित सभी जगह सघन चेकिंग के निर्देश

*भोपाल सहित प्रदेश के सभी जिलों की सीमाओं पर सघन चेकिंग, सार्वजनिक स्थानों, हाइराइज बिल्डिंग, धार्मिक स्थल और पब्लिक प्लेस पर कड़ी चौकसी के निर्देश दिए। हाल में भी सुरक्षा के लिहाज से केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइन का पूर्ण रूप से पालन करने के लिए कहा गया है। इधर, आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एमपी पुलिस की इंटेलीजेंस भी सक्रिय हो गई है। सभी जिलों के एसपी को अलर्ट कर दिया गया है। सुरक्षा एजेंसियों को आपस में समन्वय कर सूचनाएं शेयर करने के लिए भी कहा गया है।*

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के दिए निर्देश

# ऐसे हालात में अवकाश पर न जाएं नागरिक सुविधाओं से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा हमारा परम धर्म है। ताज़ा हालातों को देखते हुए सभी नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया कि जरूरी नागरिक सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। डॉ. यादव ने साफ किया कि परिस्थितियां सामान्य होने तक नागरिक सुविधाओं की सहज आपूर्ति से शेष पेज 2 पर

### अपनी-अपनी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें सभी संबंधित विभाग



### आपातकालीन परिस्थितियों पर तत्परता से करें कार्य

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं, नागरिक सुविधाओं की स्थिति और विभागीय समन्वय की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आपसी तालमेल को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। यह भी कहा कि किन्हीं भी आपातकालीन परिस्थितियों के लिए सभी विभाग तत्परता और सजगता के साथ तैयार रहें।

### राष्ट्र विरोधी प्रचार पर सख्ती से लगाएं अंकुश

डॉ. यादव ने जोर देकर कहा कि राष्ट्र विरोधी किसी भी प्रचार पर सख्ती से अंकुश लगाया जाए। नागरिकों को अफवाहों पर ध्यान न देने की लिए प्रेरित और सूचित करें। केंद्रीय और राज्य सरकार के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की चहुं ओर सुरक्षा पर अत्यंत विशेष ध्यान दिया जाए। आपदा प्रबंधन के सभी उपाय एवं आवश्यकताओं जैसे स्वास्थ्य, अग्निशमन सेवाओं को और मजबूत कर लें।

### 13 विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों के अवकाश रद्द

*प्रदेश के 13 विभागों के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए गए हैं। मप्र शासन के सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के उप सचिव प्रदीप जैन के हस्ताक्षर से जारी आदेश में प्रदेश के 13 विभागों की सूची जारी की गई है। आदेश में निर्देशित किया गया है कि समस्त शासकीय सेवकों को अपने मुख्यालय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना*
शेष पेज 2 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### दूल्हा हेलीकॉप्टर से दुल्हन लेने पहुंचा

**गुना।** चांचौड़ा तहसील के जयसिंह पुरा गांव में हाल ही में एक शाही अंदाज में शादी देखने को मिली। आम तौर पर दूल्हा अपनी दुल्हन को लेने कार या बस से आता है, लेकिन यहां दुल्हा हेलीकॉप्टर से दुल्हन को लेने पहुंचा। हेलीकॉप्टर में दूल्हे के साथ महिलाएं भी सवार थीं। ये बारात पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही और दूल्हा-दुल्हन को देखने ग्रामीणों को हुजूम उमड़ पड़ा। भोपाल के मुबारकपुर निवासी और वर्तमान में सरपंच रघुवीर सिंह मारन के बेटे यशवंत सिंह मारन की शादी जयसिंह पुरा निवासी पूर्व सरपंच भगवान सिंह मीणा की बेटी हेमलता मीणा से तय हुई थी।



### बदमाश की गोली से घायल हेड कॉन्स्टेबल ने दम तोड़ा

**सतना।** बदमाश के गोली मारने से घायल हेड कॉन्स्टेबल प्रिंस गर्ग ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शुक्रवार सुबह 8 बजे दिल्ली के मैक्स अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके कॉलर बोन में इन्फेक्शन बढ़ता जा रहा था। प्रिंस को गोली मारने वाला आदर्श शर्मा शॉर्ट एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया जा चुका है। अब उस पर हत्या का केस चलेगा। 28-29 अप्रैल की रात करीब 12 बजे सतना के जैतवारा थाना परिसर में आदर्श शर्मा ने प्रिंस को गोली मारी थी। प्रिंस को पहले रीवा अस्पताल से 7 मई को रात 1:20 बजे पीएम श्री एयर एंबुलेंस से उन्हें दिल्ली एयर लिफ्ट किया गया था।



### आजीविका मिशन अधिकारी रिश्वत लेते धराया

**छिंदवाड़ा।** जिले में आजीविका मिशन के ब्लॉक मैनेजर को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया है। मोहखेड़ विकासखंड में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के ब्लॉक मैनेजर राजीव चौधरी ने लोन की स्वीकृति दिलाने की एवज में महिला समिति समूह ने 10 हजार रुपए की मांग की थी। जिस पर राधे-राधे स्व सहायता समूह की अध्यक्ष सोनिया बोहत ने लोकायुक्त में शिकायत कर दी। मामला सही पाए जाने पर जबलपुर लोकायुक्त ने कार्रवाई करते हुए राजीव चौधरी को सोनिया बोहत के घर से 10 हजार लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया।



पाकिस्तान से तनाव के बीच भारत सरकार ने अपनी 'आंतरिक तैयारियों' को परखा

# भरे हैं अन्न के भंडार, फल-सब्जियां भी पर्याप्त, दालों का भी बफर स्टॉक

जम्मू-कश्मीर और पंजाब जैसे राज्यों के मुख्यमंत्रियों से भी चर्चा की जाएगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि देश में चावल-गेहूं के भंडार भरे हैं, दालों का भी बफर स्टॉक है और किसी चीज की कोई कमी नहीं है। चौहान ने यहां खाद्यान्न भंडारण की एक समीक्षा बैठक के बाद संवादाताओं से कहा कि जनता को खाद्यान्न की कोई कमी नहीं आएगी। सरकार ने खाद्यान्न सुरक्षा सुनिश्चित की है। यह बैठक पहलगाम में आतंकवादी हमलों के बाद पाकिस्तान पर भारतीय सेना की कार्रवाई के मद्देनजर बुलाई गई थी।

बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और ग्रामीण विकास मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों से फसल बुआई, खाद्यान्न, फल-सब्जी उत्पादन तथा उपलब्धता की जानकारी लेने के साथ मौजूदा परिस्थितियों में किसानों को कहीं-कोई दिक्कत नहीं आने देने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। गेहूं, चावल और अन्य अनाज हमारे पास पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। बंपर उत्पादन हुआ है, किसानों से खरीद भी जारी है। हमारे पास अन्न के भंडार इस समय भरे हुए हैं। चौहान शेष पेज 2 पर

*चौहान ने बताया कि वर्ष 2023-24 में कुल खाद्यान्न उत्पादन 3322.98 लाख टन था, जो 2024-25 में बढ़कर 3474.42 लाख टन तक पहुंच गया है। चावल की भी कोई कमी नहीं।*



**शिवराज ने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में कई बार गांव खाली कराए जाते हैं तो ऐसे में हम यह आंकलन भी कर रहे हैं कि वहां अभी कौन-सी फसल बोई जाती है, जिसके लिए बीज और अन्य सामग्री भी हम तैयार रखेंगे।**



दिल्ली के इंडिया गेट और लाल किले पर भारी सुरक्षा व्यवस्था

### सीतारमण ने बैंकों को किया सतर्क

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को बैंकों और बीमा कंपनियों के प्रमुखों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की और उन्हें हर परिस्थिति में ग्राहकों को निर्बाध सेवाएं देने के लिए सतर्क रहने को कहा। बैठक के दौरान उन्होंने बैंकों और वित्तीय क्षेत्र की साइबर सुरक्षा और ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में बैंकिंग और वित्तीय संस्थानों की अहम भूमिका होती है। वित्त मंत्री ने स्पष्ट शेष पेज 2 पर



केंद्रीय मंत्री अमित शाह की बड़ी बैठक

### बीएसएफ, सीआईएसएफ और गृह मंत्रालय के अधिकारी हुए शामिल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को एक बड़ी बैठक की। इस बैठक में सीमा की स्थिति और हवाईअड्डों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। बैठक में बीएसएफ के महानिदेशक, सीआईएसएफ के महानिदेशक और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। एनएसए अजीत डोभाल भी बैठक में शामिल हुए। इससे पहले गृहमंत्री ने सीआईएसएफ डीजी को निर्देश दिए हैं कि महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। बता दें कि एयरपोर्ट, पावर प्रोजेक्ट जैसे प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सीआईएसएफ करती है।



- महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा पर विशेष सतर्कता

### सब्जी और फल उत्पादन भी पर्याप्त

*केंद्रीय मंत्री ने कहा कि फल-सब्जियों का उत्पादन पर्याप्त है। बागवानी फसलों का उत्पादन भी पिछले साल के 3547 लाख टन की तुलना में 3621 लाख टन हो गया है। आलू पिछले वर्ष 570.53 लाख टन था, जो इस बार 595.70 लाख टन है। प्याज 242.67 लाख टन था, जो इस साल 288.77 लाख टन है। इसी तरह, टमाटर 213. 23 लाख टन से बढ़कर 215.49 लाख टन है। वर्ष 2024-25 में अभी तक 539.88 लाख टन धान खरीदा जा चुका है। इसी तरह 267.02 लाख टन गेहूं किसानों से खरीदा जा चुका है और यह सिलसिला जारी है।*

### अधिकारियों को दी गई ये सलाह

*बैठक में अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों को आवश्यक दवाओं, रक्त, ऑक्सीजन, ट्रॉमा केयर किट आदि की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है। साथ ही जिला प्रशासन, सशस्त्र बलों और डॉक्टरों, नर्सों, पैरामेडिक्स, निजी क्षेत्र के अस्पतालों, धर्मार्थ संस्थानों आदि के क्षेत्रीय संघों के साथ समन्वय करने की सलाह दी गई है, ताकि आपातकालीन प्रतिक्रिया नेटवर्क को सहयोगात्मक तरीके से मजबूत किया जा सके।*

### स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने की मेडिकल व्यवस्था की समीक्षा



*केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को अपने मंत्रालय के सीनियर अधिकारियों के साथ हाई लेवल मीटिंग की है। इस दौरान उन्होंने मेडिकल व्यवस्थाओं की समीक्षा की। जेपी नड्डा को भारत में सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य सुविधाओं की परिचालन स्थिति के बारे में भी जानकारी दी गई। जिसमें आवश्यक दवाओं और चिकित्सा आपूर्ति की उपलब्धता, पर्याप्त बुनियादी ढांचे और अग्नि सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी शामिल है। स्वास्थ्य मंत्री को एंबुलेंस की तैनाती, उपकरण, दवाइयों, रक्त की शीशियों और उपभोग्य सामग्रियों की आपूर्ति सहित चिकित्सा आपूर्ति की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, बिस्तरों, आईसीयू और एचडीयू के संदर्भ में अस्पताल की तैयारी, भीष्म क्यूब्स, उन्नत मोबाइल ट्रॉमा केयर यूनिट आदि की तैनाती के संबंध में भी अवगत कराया गया।*

इंदौर में भवंस स्कूल के चेयरमैन पर लव जिहाद का केस

## नमाज पढ़ने और इस्लाम कबूल करने का दबाव बनाया परेशान पत्नी ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर

शहर के भवंस प्रॉमिनेंट स्कूल के चेयरमैन समीर मीर के खिलाफ लव जिहाद का केस दर्ज किया गया है। पत्नी ने ही उनके खिलाफ शिकायत की है। जिसके बाद गुरुवार रात में एमआईजी थाना पुलिस ने मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 के तहत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। आरोपी समीर मीर की पत्नी ने उन पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने, धमकी देने और घरेलू उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं।

तुलसी नगर निवासी पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी समीर मीर से साल 2006 में हिंदू रीति-रिवाजों से हुई थी। शादी के बाद उनके दो बच्चे (एक बेटा और एक बेटी) हैं।

पीड़िता का आरोप है कि करीब 4 साल पहले समीर के व्यवहार में बदलाव आने लगा। वह नमाज पढ़ने लगे और उन्होंने अपना पहनावा भी पूरी तरह बदल लिया। इसके बाद उन्होंने मुझ पर भी नमाज पढ़ने और इस्लाम कबूल करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। समीर पर घर में रखी हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां फेंकने का भी आरोप है। आरोप है कि जब उसने समीर की शेष पेज 2 पर



### महू में एक युवती को जंजीरों में बांधकर रखा खिलाते थे गोमांस

*इधर, महू की एक महिला ने कई सालों तक जुल्म सहने के बाद चुप्पी तोड़ी है। उसने जो दर्द उजागर किया है वह झकझोरने वाला है। लड़की ने बताया है कि किस तरह पहले 'बहन' कहकर उससे दोस्ती की गई, धोखे से रेप किया गया, पहले शादी और फिर निकाह किया गया। फिर धर्म बदलवा गया और जंजीरों में बांधकर उसे मारा-पीटा जाता रहा। उस पर जुल्म की सारी हदें पार कर दी गईं। अब पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। 28 साल की युवती की शिकायत पर महू पुलिस ने संजय खान पिता बाबू खान, नाहरु खान, शेरो बी पति बाबू खान, बाबू खान पिता अहमद खान चारों निवासी आलोट जिला रतलाम और राज खान निवासी दावतखेड़ी मंदसौर के खिलाफ दुष्कर्म, धर्म परिवर्तन सहित आधा से ज्यादा धाराओं में केस दर्ज किया है।*

## भारत की 'जीत' के लिए मांगी दुआ, हाथों में तिरंगा लेकर पहुंचे बंदे



ताजुल मसाजिद में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने मांगी दुआ

### जुमे की नमाज के बाद कहा पाकिस्तान नेस्तानाबूत हो

**भोपाल।** राजधानी की मस्जिदों में शुक्रवार को जुमे की नमाज पढ़ने के बाद बंदों ने भारत की जीत और पाकिस्तान को नेस्तानाबूत करने की दुआ मांगी गई। इस मौके पर शहर की सबसे बड़ी मस्जिद ताजुल मसाजिद में हजारों बंदों ने जुमे की विशेष नमाज अदा की। नमाज के पहले ही हाथों में तिरंगा लेकर मुस्लिम समाज के लोग मस्जिद पहुंचे थे। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए भोपाल के मुस्लिमों ने सेना और देश के लिए दुआ मांगी है। नमाज के बाद बाहर निकले बंदों ने हिंदुस्तान जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। काजी अनस अली ने बताया कि जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने अल्लाह से देश की सलामती और पाकिस्तान को नेस्तानाबूत करने की दुआ मांगी है।

भोपाल सहित आसपास के जिलों में होगी बूंदाबांदी

इंदौर, उज्जैन, रतलाम शिवपुरी, मंडला और सिवनी में हुई हल्की बारिश

## तीन दिन तक फिर रहेगी गर्मी से राहत, प्रदेश के अधिकांश जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भीषण गर्मी के महीने में प्रदेश के लोगों को लोकल सिस्टम से ही राहत मिल गई है। पिछले तीन दिनों से गर्मी का पारा नीचे आने के बाद शनिवार, रविवार और सोमवार को भी प्रदेश के अधिकांश जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। जिसके तहत शहरों में बूंदाबांदी भी हो सकती है। प्रदेश में अगले तीन दिन यानि 12 मई तक आंधी, बारिश और गरज-चमक का दौर रहेगा। इनमें से 2 दिन तो पूरे प्रदेश में ही मौसम बदला रहेगा। शनिवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर-ग्वालियर में तेज आंधी चलेगी। हवा की रफ्तार 40 से 50 शेष पेज 2 पर

12 मई तक आंधी, बारिश और गरज चमक का दौर चलेगा



भोपाल में बादल छाए रहे, मैनिट क्षेत्र

### भोपाल और मलाजखंड में गिरा पानी

शुक्रवार को सूरज के तेवर के साथ ही दिन के समय बैरागढ़ क्षेत्र में बूंदाबांदी हुई। जिससे यहां तीन मिमी बारिश दर्ज की गई। इसी तरह मलाजखंड में भी बूंदाबांदी हुई। हालांकि, शाम को धूप खिली। धार में भी पानी गिरा। वहीं, इंदौर, उज्जैन, रतलाम, शिवपुरी, मंडला और सिवनी में भी हल्की बारिश हुई।

### दो से तीन डिग्री गिरा दिन का पारा

बारिश के चलते कई शहरों में दिन का तापमान लुढ़क गया। भोपाल में पारा 31.7 डिग्री दर्ज किया गया। इंदौर में 30.8 डिग्री, ग्वालियर में 35.4 डिग्री, उज्जैन में 30.4 डिग्री और जबलपुर में 35.7 डिग्री सेल्सियस रहा। धार में 31.5 डिग्री, शाजापुर में 31.7 डिग्री, खंडवा में 32.1 डिग्री, रतलाम में 32.2 डिग्री, बैतूल में 32.4 शेष पेज 2 पर

4 पंद्रह करोड़ से होगा मंडला में शंकर शाह, रघुनाथ शाह...



8 पद्मश्री जोधइया बाई की याद में उनके पोता-पोती ने लगाई..





व्यापारियों ने जनता पर बोझ कम करने के लिए की आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में कमी

# भारत-पाक सीमा तनाव: पैनिक न हों...कहीं भी कोई कमी नहीं
# खाद्यान्न सामग्री सहित डीजल-पेट्रोल और गैस का पर्याप्त भंडारण

- मुनाफा वसूली करने वाले व्यापारी के खिलाफ कार्रवाई करेगी एसोसिएशन
- व्यापारी बोले- घरों में स्टॉक न बढ़ाएं, घबराने की जरूरत नहीं



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारत-पाकिस्तान के बीच में जो सीमा पर तनाव चल रहा है, इससे भोपाल में ही नहीं देश में खाद्यान्न पदार्थ की कोई कमी नहीं है। खाद्यान्न में आटा, मैदा, शक्कर, तेल, दाल, चावल सहित सभी किराना आइटम्स के साथ भोपाल में डीजल-पेट्रोल और गैस भरपूर मात्रा भरा हुआ है। किसी भी व्यक्ति को पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है। भरपूर खाद्य सामग्री भोपाल, समेत समूचे भारत में उपलब्ध है। जबरन का स्टॉक घरों में जमा नहीं करें। अफवाहों से बचें। यह बात राजधानी के व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कही।

भोपाल चावल-दाल थोक व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष ईश्वरदास संगतानी और पूर्व महासचिव अनुपम अग्रवाल ने कहा कि बाजार में पर्याप्त खाद्यान्न भंडारण उपलब्ध है, जिससे किसी भी संकट की स्थिति में लोगों को भोजन की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। व्यापारियों ने जनता पर बोझ कम करने के लिए आवश्यक वस्तुओं की कीमतें कम कर दी हैं। संगतानी ने कहाकि खाद्यान्न वस्तुओं के दाम स्थिर हैं। सप्लाई चैन पूर्व की भांति है। माल का उठाव नहीं है। व्यापारी नो प्रॉफिट पर व्यापार करने के तैयार हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यापारी जबरन भंडारण या मुनाफा वसूली करने की मंशा रखेगा तो एसोसिएशन उसके खिलाफ कार्रवाई करेगी।

## शहर में सायरन लगाने आज से शुरू होगा सर्वे

**भोपाल।** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए संभागायुक्त संजीव सिंह ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सायरन लगाने की जिम्मेदारी भोपाल स्मार्ट सिटी को सौंपी है। हालांकि शहर के 15 चौराहों पर पहले से ही सार्वजनिक संबोधन प्रणाली (पीए सिस्टम) लगे हुए हैं। ज्ञात हो कि सात मई को शहर को ब्लैकआउट मॉक ड्रिल के दौरान शहर के कई क्षेत्रों में सायरन नहीं बजा था। इस कारण कई क्षेत्र के लोग स्वयं से बिजली बंद नहीं कर पाए थे। चूंकि स्मार्ट सिटी को संभागायुक्त द्वारा गुरुवार को निर्देश मिले हैं। इसके बावजूद शुक्रवार को भी सायरन लगाने के लिए स्मार्ट सिटी द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। वहीं शनिवार को शहर में सायरन लगाने के लिए स्मार्ट सिटी द्वारा सर्वे का काम शुरू किया जाएगा। सर्वे के बाद सूची तैयार होगी। इसके बाद शहर के अन्य चौराहों पर सायरन लगाए जाएंगे।



निर्देश मिलने के बावजूद स्मार्ट सिटी द्वारा नहीं उठाए गए कोई कदम


## लोग घबराकर खाद्यान्न की खरीदारी न करें

*भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी, प्रवक्ता संजीव जैन, आटा-मैदा व्यापारी दीपक पसारी ने कहा कि लोग सीमा पर तनाव के डर से घबराकर खरीदारी नहीं करें, चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। हमारे पास पर्याप्त राशन है। उन्होंने कहा कि व्यापारी समुदाय इस संकट के दौरान देश के साथ खड़ा है और जनता पर बोझ कम करने के लिए तेल, आटा तथा चावल जैसी आवश्यक वस्तुओं की कीमतें कम कर दी गई हैं।*

**राशन, अनाज, पेट्रोल, गैस सप्लाई पर बढ़ाई निगरानी**

## खाद्य विभाग की टीम ने शुरू की जांच

**भोपाल।** भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव को देखते हुए राशन, अनाज, पेट्रोल, गैस सहित अन्य जरूरी चीजों की सुचारु सप्लाई के लिए खाद्य विभाग के अमले ने निगरानी शुरू कर दी है। जिला आपूर्ति नियंत्रक अजीत कुजूर ने बताया कि खाद्य अमला राशन, अनाज, पेट्रोल और गैस सिलेंडरों की सप्लाई पर निगरानी कर रहा है। सभी गैस एजेंसी संचालकों से कहा गया है कि वे समय पर सिलेंडरों की डिलीवरी करें। इधर, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह का कहना है कि आम लोगों से जुड़े जरूरी सामान के स्टॉक और दामों पर निगरानी रखी जा रही है।



## ट्रांसपोर्टरों ने दिया देश की जीवन रेखा को निरंतर रखने का वचन



*मध्यप्रदेश सहित भोपाल, इंदौर के ट्रांसपोर्टरों ने देश की जीवन रेखा को निरंतर रखने का वचन देते हुए कहा कि इस क्षेत्र ने यह निश्चय किया है कि भारत के किसी भी हिस्से में आवश्यक वस्तुओं की कमी नहीं होने दी जाएगी। हम देश की जीवन रेखा हैं और इसे अखंड रखना हमारा कर्तव्य है। ट्रांसपोर्टरों ने कहा कि खाद्य सामग्री, दवाइयां, ईंधन, पानी और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं को देश के हर गली, मोहल्ले, नगर और राज्य तक समय पर निर्बाध रूप से पहुंचाया जाएगा। आपूर्ति श्रृंखला में किसी भी प्रकार की कमी या देरी को रोकने के लिए ट्रांसपोर्ट समुदाय पूरी तरह सजग और सक्रिय रहेगा। काला बाजारी, जमाखोरी और अन्य ऐसी गतिविधियों को रोकने में ट्रांसपोर्ट क्षेत्र अपनी जिम्मेदारी निभाएगा। ट्रांसपोर्टर यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी ऐसी गतिविधि आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित न करे।*

**एक्स पर जारी किया आधिकारिक बयान**

## बैंकों ने ग्राहकों से कहा-एटीएम और डिजिटल सेवाएं पूरी तरह चालू हैं, अफवाहों से बचें

भारत -पाकिस्तान तनातनी के बीच सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने एक्स पर एक आधिकारिक बयान जारी किया। बैंक ने ग्राहकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके सभी एटीएम, सीडीएम, एडीडब्ल्यूएम और डिजिटल सेवाएं पूरी तरह से उपलब्ध हैं। यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब सोशल मीडिया पर कुछ ग्राहकों ने बैंक की सेवाओं में रुकावटों की शिकायतें दर्ज की थी। बैंक ने ग्राहकों से किसी भी समस्या के समाधान के लिए नजदीकी शाखा से संपर्क करें या टोल-फ्री नंबर 1800 1234, 1800 2100, 1800 11 2211, और 1800 425 3800 पर कॉल करने को कहा है। एसबीआई के अनुसार बैंक के पास देशभर में 64,000 से अधिक एटीएम, एडीडब्ल्यूएम हैं, जो भारत में सबसे बड़ा नेटवर्क है। ये मशीनें 24×7 नकद निकासी और कार्डलेस लेनदेन की सुविधाएं देती हैं। इसके अलावा देश के अन्य सरकारी बैंक बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, केनरा बैंक और बैंक ऑफ इंडिया ने भी सोशल मीडिया पर इसी तरह के मैसेज शेयर किए।



## आईओसीएल ने कहा-पेट्रोल-डीजल सहित किसी भी ईंधन की कोई कमी नहीं

*इधर, मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिहं ने कहा कि ऑल ओवर सिस्टम में कुछ तकनीकी खराबी के चलते थोड़ी सप्लाई प्रभावित हुई। लेकिन कंपनियों के डिपो में ईंधन की कोई कमी नहीं हैं। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने कहा है कि देश में पेट्रोल-डीजल सहित किसी भी ईंधन की कोई कमी नहीं है। देशभर में भरपूर मात्रा में ईंधन उपलब्ध है और सप्लाई लाइन भी पूरी तरह से सुचारू है। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच देश के कई हिस्सों में पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगने की खबर आने के बाद आईओसीएल ने यह आश्वासन देशवासियों को दिया है।*



### बिना जरूरत वाहनों में न भरवाएं ईंधन

*एक एक्स पोस्ट में कंपनी ने लिखा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। साथ ही उसने लोगों ने बिना जरूरत घबराहट में पेट्रोल-डीजल न खरीदने की अपील भी की है। इंडियन ऑयल ने शुक्रवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, इंडियन ऑयल के पास देशभर में भरपूर मात्रा में ईंधन उपलब्ध है और हमारी सप्लाई लाइन पूरी तरह से सुचारू है। हमारे सभी आउटलेट्स पर ईंधन और एलपीजी आसानी से उपलब्ध हैं।*

जालसाज कर सकते हैं इन हालातों का फायदा उठाने के प्रयास

## सोशल मीडिया पर फर्जी खबरें, लिंक और एपीके फाइल को लेकर साइबर पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर चेताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत-पाकिस्तन के तनाव के बीच कई फर्जी मैसेज भी सोशल मीडिया पर चलने शुरू हो गए हैं। इन हालात का कुछ जालसाज फायदा उठाने की कोशिश कर रहे है, तो वहीं कई लोगों तनाव फैलाने के लिए फर्जी खबरें और फर्जी सामग्री सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं। हर व्यक्ति इस वक्त भारत और पाकिस्तान की हर स्थिति को देखना और सुनना चाहता है, जिसके चलते कई ऐसी लिंक सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिसमें इस तरह की अपडेट्स के लिए लिंक पर क्लिक न करने और लॉगइन करने के लिए कहा जा रहा है।

**बिना जांच सूचना फॉरवर्ड न करें**

*पुलिस ने भी एक एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में ये भी कहा गया है कि इन हालात से जुड़ी कई तरह फर्जी सामग्री भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जिसे फॉरवर्ड करने से और उन्हें बिना जांचे आगे बढ़ाने से मना किया गया है। वहीं फर्जी एपीके फाइल और लिंक को न खोलने की हिदायत दी गई है और ये भी कहा गया है कि ऐसी किसी भी एपीके फाइल आने पर पुलिस को उसकी जानकारी दे, ताकि उन एपीके फाइल और लिंक को ब्लॉक किया जा सके।*

**सूचित करें...**

इन हालात में सभी अपडेट्स लेने के लिए उत्सुक हैं, जिसका फायदा जालसाज उठा सकते हैं और भ्रामक जानकारी फैला कर असामाजिक तत्व माहौल खराब कर सकते हैं, जिसके चलते सभी इस तरह की सामग्री और ऐसे लिंक के आने पर पुलिस को सूचना दें।

**अखिल पटेल,** डीसीपी, क्राइम ब्रांच

**नहीं जला सकेंगे लेजर बीम लाइट**

## एयरपोर्ट, लालघाटी-करोंद चौराहे तक ड्रोन उड़ाने पर रहेगी रोक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/संतनगर

एयरपोर्ट के आसपास, लालघाटी और करोंद चौराहे तक ड्रोन उड़ाने पर रोक बरकरार रहेगी। म शुक्रवार को संभाग कमिश्नर संजीव सिंह ने एयरपोर्ट की एयरफील्ड पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक में यह बात कही। एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी ने बताया कि एयरपोर्ट के आसपास निर्माण की अनुमति एयरपोर्ट अथॉरिटी की एनओसी के बाद ही दी जानी चाहिए, जिसपर कमिश्नर ने निगमायुक्त को एनओसी लेने की बात कही। बैठक में बताया गया कि लालघाटी क्षेत्र से संत हिरदाराम नगर तक, लालघाटी से एयरपोर्ट तक, एयरपोर्ट से मुबारकपुर चौराहे और करोंद चौराहे तक के लिए ड्रोन नहीं उड़ाया जा सकेगा। इसके साथ भवन, मैरिज गार्डन में शादी और अन्य किसी भी प्रकार के जुलूस के दौरान लेजर बीम लाइट का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा।

**हवाई पटाखों पर भी रोक**

*लालघाटी क्षेत्र से संत हिरदाराम नगर तक, लालघाटी से एयरपोर्ट तक, एयरपोर्ट से मुबारकपुर चौराहा और एयरपोर्ट से करोंद चौराहे तक किसी भी भवन, मैरिज गार्डन में शादी और अन्य किसी भी जुलूस के दौरान हवाई पटाखे का उपयोग प्रतिबंधित होगा।*

छुट्टी पर गए लोगों को लौटने के निर्देश

## एम्स में डॉक्टर्स-कर्मियों की छुट्टियां रद्द, 24 घंटे ड्यूटी का अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने संस्थान के सभी संकाय सदस्यों, अधिकारियों, रेजिडेंट डॉक्टरों और कर्मियों की छुट्टियां निरस्त कर दी हैं। आदेश में सभी संकाय की छुट्टियां रद्द कर डॉक्टरों को किसी भी स्थिति से निपटने तैयार रहने को कहा गया है। इसके साथ ही 24 घंटे इमरजेंसी ड्यूटी का अलर्ट भी जारी किया है। अगर ड्यूटी के लिए बुलाया जाता है, तो उन्हें तुरंत रिपोर्ट करना होगा। अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, पहले से स्वीकृत या अवकाश पर चल रहे कर्मियों को भी तत्काल कार्य पर लौटने के निर्देश दिए गए हैं।

**आपात स्थिति में तैनात किए जाएंगे स्वयंसेवक**

किसी अन्य शहर या आपात स्थल पर चिकित्सा दल के रूप में स्वयंसेवक तैनात किए जाएंगे। संकाय सदस्य अपने-अपने विभागाध्यक्षों द्वारा निर्धारित नामों को चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय के साथ समन्वय कर अंतिम सूची तैयार करें। इसके साथ ही चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया गया है कि वह विभाग और पद के अनुसार श्रेणीकृत स्वयंसेवकों की प्राथमिकता सूची तैयार कर उसे तत्काल तैनाती के लिए तैयार रखें।

**हम पूरी निष्ठा से देश सेवा में समर्पित**

राष्ट्र संकट के समय में हम सभी की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि हम पूरी निष्ठा से देश सेवा में समर्पित रहें। एम्स भोपाल एक अग्रणी चिकित्सा संस्थान होने के नाते प्रत्येक नागरिक के जीवन एवं स्वास्थ्य की सुरक्षा हेतु हर संभव प्रयास कर रहा है। हमारी टीम पूरी तरह से तैयार है इस आपात स्थिति से निपटने के लिए।

**डॉ. अजय सिंह,** डायरेक्टर, एम्स भोपाल




# पंद्रह करोड़ से होगा मंडला में शंकर शाह, रघुनाथ शाह के महल का जीर्णोद्धार

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घोषणा की है कि जनजातीय पराक्रम, शौर्य और बलिदान के प्रतीक राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह और राजा हृदय शाह के मंडला स्थित प्राचीन किले के जीर्णोद्धार में 15 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। जरूरत पड़ने पर और राशि दी जाएगी।

डॉ. यादव शुक्रवार को रवीन्द्र भवन में 3 दिवसीय राज्य स्तरीय आदि शिल्पग्राम महोत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सभी जनजातीय कलाओं के संरक्षण और कलाकारों को प्रोत्साहन देने के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है।

तीन दिनों तक चलने वाले आदि शिल्पग्राम महोत्सव में जनजातीय मृदा, बांस, काष्ठ, धातु एवं चित्रकला शिल्प और विभिन्न जनजातियों के पारम्परिक व्यंजनों के साथ प्रतिदिन शाम 7 से 9 बजे तक जनजातीय नृत्य और संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां होंगी।

*जनजातीय कलाओं का संरक्षण और कलाकारों को प्रोत्साहन हमारी प्राथमिकताः मुख्यमंत्री डॉ. यादव*

*सीएम ने रवींद्र भवन में 3 दिवसीय राज्य स्तरीय आदि शिल्पग्राम महोत्सव का किया शुभारंभ*

## जनजातीय संस्कृति को प्रशिक्षण देने खालवा में बनेगा देश का पहला ट्रायबल हॉस्टल





**गोंड चित्रकला को मिला जीआई टैग वैश्विक सम्मान**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि हमारी सरकार विरासत से विकास की ओर बढ़ने के संकल्प के अनुरूप सभी प्राचीन कला, संस्कृति, परंपराओं और इनके कलाकारों को संरक्षण दे रही है। गोंड चित्रकला को जीआई टैग प्राप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सभी प्रकार की जनजातीय शिल्प, चित्रकारी और कलाकारों को उनकी कला प्रदर्शन एवं बाजार उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न आयोजनों के जरिए समुचित मंच प्रदान करने का प्रयास कर रही है।

### स्टॉल्स का किया अवलोकन, चित्रकारी की प्रशंसा की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय शिल्प ग्राम महोत्सव में जनजातीय कला और खान-पान को प्रदर्शित करते स्टॉल्स का अवलोकन किया और यहां लकड़ियों पर चित्रकारी, मिट्टी से बनी आकृतियां और कपड़ों पर चित्रकारी और जनजातीय व्यंजनों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 1000

### मुख्यमंत्री ने की कर्नल सोफिया की तारीफ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देश के सीमा पार से बढ़ती अतिवादी घटनाओं पर सख्ती से अंकुश लगाने के लिए की जा रही प्रतिरक्षा कार्रवाई के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय सेना को बधाई देते हुए कहा कि हमें अपनी सेना पर पूरा विश्वास है। हम एक सामर्थ्यवान देश के नागरिक है, जो हमारी संप्रभुता और नागरिकों पर आघात करेगा, हम मजबूती से उसका जवाब देंगे। उन्होंने दुनिया के सामने अतिवाद का काला चिट्ठा पेश करने वाली मध्यप्रदेश की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि कर्नल सोफिया की तीन पीढ़ियां सेना में रही हैं। वे देश में मध्यप्रदेश की शान बढ़ा रही हैं। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने देश को आर्थिक रूप से मजबूती देते हुए तीनों सेनाओं को भी मजबूत और अत्याधुनिक हथियारों से लैस किया है।

### मंत्री शाह ने माना मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार

जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुर्नवास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय कला, संस्कृति, बोली, रहन-सहन, वेशभूषा, वाद्य यंत्र बजाना सीखने का प्रशिक्षण देने के लिए देश का पहला ट्रायबल हॉस्टल खण्डवा जिले के खालवा में स्थापित किए जाने की घोषणा की है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का हृदय से आभार माना। उन्होंने कहा कि जनजातीय वर्ग के युवाओं और स्कूली छात्र विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें, इसके लिए राज्य सरकार ने सालाना बजट में 25 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। इसके साथ ही 12वीं पास करने के बाद अगर कोई जनजातीय वर्ग का विद्यार्थी नीट, क्लेट और जेईई जैसी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहता है तो उसे भी प्रतिवर्ष 1.5 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि, सहायता प्रदान की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### अभिराम बने भोपाल मंडल के नए एडीआरएम

**भोपाल।** भोपाल रेल मंडल एडीआरएम रश्मि दिवाकर को ट्रांसफर कर दिया है। इनकी जगह पमरे जोन भारतीय रेलवे यांत्रिक इंजीनियरिंग सेवा (आईआरएसएमई) अभिराम खरे को भोपाल मंडल के नए एडीआरएम बनाया गया।

### बीयू की कार्यपरिषद में हुई सदस्यों की नियुक्ति

**भोपाल।** राज्यपाल द्वारा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद में सदस्यों की नियुक्ति की गई है। कार्यपरिषद में डॉक्टर दीपक पालीवाल, निदेशक पंडित सुंदर लाल शर्मा केंद्रीय व्यवसायिक शिक्षा संस्थान, धीरेंद्र चतुर्वेदी, सेवा निवृत्त अपर संचालक शिक्षा विभाग, अनिल कुमार पिल्लई समाज सेवी, डॉ. किरण शेजवार, चिकित्सक, विक्रांत सिंह कुमरे अधिवक्ता उच्च न्यायालय तथा डॉ. भारती कुम्भारे साटनकर को नामांकित किया गया है। इस सभी सदस्यों का कार्यकाल आगामी तीन वर्ष के लिए रहेगा। यह अवधि 19 मई 2025 से 18 मई 2028 तक की होगी।

### मप्र अस्पताल संघ की बैठक, चुनौतियों पर चर्चा

**भोपाल।** मप्र अस्पताल संघ की बैठक शुक्रवार को हुई, जिसमें प्रदेश भर के निजी अस्पताल संचालकों और प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य निजी स्वास्थ्य संस्थानों के सामने आने वाली प्रशासनिक और व्यवस्थागत चुनौतियों पर चर्चा कर उनके समाधान के लिए रणनीति तैयार करना था। इनमें लाइसेंस नवीनीकरण, फायर एनओसी प्राप्त करने की जटिल प्रक्रिया और आयुष्मान भारत योजना पर चर्चा की गई। संघ के अध्यक्ष डॉ. विशाल बघेल ने कहा हमारा लक्ष्य है कि सभी प्रक्रियाएं सरल, पारदर्शी हों, जिससे मरीजों को निर्बाध रूप से बेहतर उपचार मिल सके।

### आयुक्त ने गोशालाओं का किया निरीक्षण

**भोपाल।** गो-शालाओं में निकलने वाले गोबर से जो गोशाला संचालक गोकाष्ठ नहीं बना पा रहे हैं, उन्हें इसके लिए प्रेरित किया जाए, क्योंकि गोकाष्ठ से गोशाला तो स्वावलंबी बनती है, हजारों पेड़ इसके माध्यम से बच भी जाते हैं। उक्त निर्देश भोपाल संभाग के कमिश्नर संजीव सिंह ने हलाली डैम स्थित बृजमोहन रामकली गो संरक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को दिए।

### सेवानिवृत अधिकारियों को किया सम्मानित

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा सचिवालय में तकनीकी संचालक एसएस राजपाल, अनुभाग अधिकारी, जयंती रामहरिया, सहायक ग्रेड-2 गीता ठाकुर, सहायक ग्रेड-3 घनश्याम सिंह, अब्दुल सलीम, प्रवीण कुमार जैन, राम प्रसाद शर्मा, गोपाल सोनी और कन्हैयालाल चौरसिया को विधानसभा भवन में विदाई दी गई। प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने सेवानिवृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

## दोनों प्रदेशों के मुख्यमंत्री डॉ. यादव और फड़नवीस रहेंगे मौजूद

# विश्व की सबसे बड़ी ग्राउंड वाटर रिचार्ज परियोजना ताप्ती के लिए मप्र और महाराष्ट्र में आज होगा करार

- 'मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र अंतरराज्यीय नियंत्रण मंडल' की 28वीं बैठक
- तीसरी महत्वपूर्ण अंतरराज्यीय नदी परियोजना पर होगा कार्य
- 'ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज' के एमओयू पर होंगे हस्ताक्षर

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल







मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में 'मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र अंतरराज्यीय नियंत्रण मंडल' की 28वीं बैठक आज 10 मई को दोपहर 3 बजे से मंत्रालय में होगी। इसी दिन विश्व की सबसे बड़ी ग्राउंड वाटर रिचार्ज परियोजना 'ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज' के एमओयू पर मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र सरकार द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे।

डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश के लिए यह सौभाग्य एवं गौरव का विषय है कि केन-बेतवा लिंक परियोजना और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना के बाद यह मध्यप्रदेश की तीसरी महत्वपूर्ण अंतरराज्यीय नदी परियोजना होगी। यह विश्व की सबसे बड़ी ग्राउंड रिचार्ज परियोजना है। परियोजना के जरिए हम महाराष्ट्र सरकार के साथ मिलकर ताप्ती नदी की तीन धाराएं बनाकर राष्ट्रहित में नदी जल की बूंद-बूंद का उपयोग सुनिश्चित कर कृषि भूमि का कोना-कोना सिंचित करेंगे।

**राष्ट्रीय जल परियोजना घोषित कराने केंद्र से करेंगे चर्चाः** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना को राष्ट्रीय जल परियोजना घोषित कराने के लिए केन्द्र सरकार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना में 31.13 टीएमसी जल का उपयोग होगा। इसमें से 11.76 टीएमसी मध्यप्रदेश को और 19.36 टीएमसी जल महाराष्ट्र राज्य के हिस्से में आएगा। इस परियोजना में प्रस्तावित बांध एवं नहरों से मध्यप्रदेश कुल 3 हजार 362 हैक्टेयर भूमि उपयोग में लाई जाएगी। परियोजना के अंतर्गत कोई गांव प्रभावित नहीं होगा। इसमें पुनर्वास की भी आवश्यकता नहीं होगी।

परियोजना से मप्र के 1 लाख 23 हजार 82 हैक्टेयर भू-क्षेत्र और महाराष्ट्र के 2 लाख 34 हजार 706 हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की स्थाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे मप्र के बुरहानपुर एवं खंडवा जिले की बुरहानपुर, नेपानगर, खकनार एवं खालवा की कुल 4 तहसीलें लाभान्वित होंगी।

### एक-एक नदी के एक-एक बूंद जल का समुचित उपयोग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम प्रदेश की एक-एक नदी के एक-एक बूंद जल का समुचित उपयोग राष्ट्र और राज्य के हित में करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पिछले दिनों हमने पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना का राजस्थान के साथ कार्य प्रारंभ किया है। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के साथ केन-बेतवा नदी जोड़ो की बड़ी राष्ट्रीय परियोजना पर काम किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में अब हम इस तीसरी राष्ट्रीय नदी जल परियोजना से महाराष्ट्र राज्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं। परियोजना से महाराष्ट्र के उत्तर क्षेत्र एवं मध्यप्रदेश के दक्षिण क्षेत्र के हिस्से को पर्याप्त जल उपलब्ध कराएंगे। साथ ही नागपुर जैसे बड़े शहर में पीने के पानी की समस्या और छिंदवाड़ा जिले में भी सिंचाई जल की समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे।

## अधिकारी अलर्ट मोड पर रहें: मुख्यमंत्री

# सभी जिलों में की जाएगी मॉक ड्रिल भ्रामक कंटेंट पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

**जिलों को दी गई भारत सरकार के निर्देशों की जानकारी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय परिस्थितियों और वर्तमान स्थिति के मद्देनजर शुक्रवार शाम एक उच्च स्तरीय बैठक कर वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ सुरक्षा प्रबंधों पर चर्चा की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जिलों के कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों को भी निर्देश दिए गए।

बैठक में भारत सरकार से प्राप्त दिशा-निर्देशों की जानकारी से जिलों को अवगत करवाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी अधिकारी अलर्ट मोड पर रहें। अधिकारी मैदान में दिखें। जनप्रतिनिधियों को भी विश्वास में लिया जाए और जनसहयोग प्राप्त किया जाए। आवश्यक सेवाओं को बनाए रखने में भी वॉलिंटियर्स का आवश्यक सहयोग प्राप्त किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में रिटायर्ड फौजियों सहित सामाजिक कार्यों से जुड़े वॉलिंटियर्स की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

अपराधियों के साथ किसी तरह की नरमी नहीं बरती जाए। घटना घटित होने के पूर्व आवश्यक सावधानी बरती जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए कि नागरिकों के लिए आवश्यक सेवाएं भी समानांतर रूप से प्रदान करने का कार्य होता रहे।

### रात्रि गश्त को लेकर मुस्तैद रहे पुलिस

*बैठक में निर्देशित किया गया कि जिलों में मॉक ड्रिल भी समय-समय पर होगी और रात्रि गश्त पुलिस की ओर से निरंतर होगी। सोशल मीडिया पर भ्रामक कंटेंट भेजने वालों के विरुद्ध कार्रवाई होगी। वरिष्ठ अधिकारी अवकाश पर नहीं जाएंगे। सभी जिलों में इमरजेंसी सेवाएं सुनिश्चित करते हुए सार्वजनिक स्थानों की सुरक्षा के संबंध में भारत सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन का कार्य होगा। आवश्यक सायरन की व्यवस्था भी जिलों में रहेगी। निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप नागरिकों को सुरक्षा के लिए सजग किया जा रहा है। आवश्यकता के अनुसार वॉलिंटियर्स एवं नागरिकों को प्रशिक्षित करने का कार्य भी किया जाएगा।*

# ठेकेदारों से मिले मेट्रो एमडी, सिग्नलिंग प्रणाली, रोलिंग स्टाक, ट्रैक्शन पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर के काम जुलाई तक पूरे करने के लिए मेट्रो प्रबंधन एड़ी-चोटी का जोर लगा रहा है। दरअसल, इस कॉरिडोर को शुरू करने के लिए कई बार समय सीमा को बदला जा चुका है।

बार-बार बदली जा रही समय सीमा से मेट्रो की छवि खराब हो रही है। इसको ध्यान में रखकर तय की गई समय सीमा में प्रायोरिटी कॉरिडोर के कामों को लेकर मेट्रो के प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य काफी चिंतित हैं। उन्होंने गुरुवार को प्रायोरिटी कॉरिडोर में चल रहे कामों का निरीक्षण किया था। शुक्रवार को काम के दौरान देखी खामियों को लेकर ठेकेदारों से चर्चा की। उन्होंने कॉन्ट्रैक्ट पैकेज के अंतर्गत स्टेशन, डिपो, व्याडक्ट, सिग्नलिंग प्रणाली, रोलिंग स्टाक, ट्रैक्शन जैसे कामों की समीक्षा की।

बैठक में एमडी ठेकेदारों से कहा कि प्रायोरिटी कॉरिडोर के कामों को तय समय में पूरा करने के लिए संसाधनों के प्रबंधन को प्राथमिकता दें। साथ ही आपस में बाचीत करें, प्रत्येक पैकेज के लिए निरंतर लक्ष्य निर्धारित करें और प्रगति की रियल टाइम ट्रैकिंग करें। बैठक में अजय गुप्ता, निदेशक (प्रोजेक्ट्स), अरुण कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (सिग्नलिंग एवं पीएसडी) सहित एमपी एमआरसीएल वरिष्ठ अधिकारियों, जनरल कंसल्टेंट्स और कांट्रेक्टर्स के शीर्ष प्रतिनिधि शामिल हुए।

## धनंजय सिंह जबलपुर के संभाग आयुक्त बने

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भारतीय प्रशासनिक सेवा के चार अधिकारियों की पदस्थापना में फेरबदल हुआ है। सामान्य प्रशासन विभाग से जारी आदेश के मुताबिक आयुक्त अनुसूचित जाति विभाग एवं प्रबंध संचालक अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम धनंजय सिंह भदौरिया को संभाग आयुक्त जबलपुर बनाया गया है। वहीं संकेत एस भोंडवे को आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास के तौर पर नवीन पदस्थापना दी गई। वहीं मीनाक्षी सिंह उप सचिव अनुसूचित जाति कल्याण विभाग को अतिरिक्त प्रभार के तौर पर आयुक्त अनुसूचित जाति विकास और प्रबंध संचालक अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम की जिम्मेदारी सौपी गई है। वहीं सीबी चक्रवर्ती एम को आयुक्त नगरीय प्रशासन विकास विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है।

## संभाग स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक में रखी बात

# अब बाघों को जंगल में रोकने बनेगा लॉन्ग टर्म एक्शन प्लान, वन क्षेत्रों से हटेगा अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



भोपाल की ओर बढ़ रहे बाघों को जंगल के अंदर ही रोकने के लिए लांग टर्म एक्शन प्लान पर काम शुरू हो गया है। जिसमें गांवों के विस्थापन से लेकर ग्रास लैंड, स्टॉप डेम, तालाब बनाने का काम शुरू होगा। परिवारों की हर यूनिट यानि व्यक्ति की गिनती और जमीन का आंकलन किया जा रहा है, जिससे बाघों को संरक्षित किया जा सके।

यह बात शुक्रवार को संभाग स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की बैठक में रखी गई। संभाग कमिश्नर दफ्तर में रखी गई बैठक में संभाग कमिश्नर संजीव सिंह ने अफसरों को हिदायत देते हुए कहा कि टाइम लिमिट में कामों को निपटाया जाए। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र में अतिक्रमण, अवैध कटाई और अवैध खनन पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने राजस्व, वन और खनिज विभाग के बीच तालमेल बनाकर संयुक्त बैठक रखने की हिदायत दी। कमिश्नर ने कहा कि जिन वन भूमि पर अतिक्रमण किया गया है, उसे हटाने के लिए समिति की नियमित बैठक रखी जाए। इसके साथ विभाग के पोर्टल पर भी इसकी जानकारी को अपलोड किया जाना चाहिए, जिससे पता चल सके कि कितनी वन भूमि से अतिक्रमण हटाया जाना है।

कमिश्नर ने कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, मुख्य वन संरक्षक राजेश खरे, राजस्व उपायुक्त किरण गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि वन क्षेत्र में चल रही अवैध गतिविधियों पर निगरानी रखी जाए। अवैध उत्खनन, पेड़ कटाई और शिकारियों पर भी कार्रवाई की जाए।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बांदकपुर में रखी देवश्री जागेश्वरनाथ लोक की आधारशिला

# जागेश्वरनाथ धाम कॉरिडोर बनने से मंदिर क्षेत्र की बढ़ेगी भव्यता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दमोह जिले के जागेश्वरनाथ मंदिर के नवनिर्माण का हम संकल्प ले रहे हैं। भगवान देवश्री जागेश्वरनाथ का अभिषेक देश की पवित्र नदियों के जल और पवित्र धार्मिक स्थलों की मिट्टी से शिवलिंग का पूजन हुआ है।

देवश्री जागेश्वरनाथ मंदिर में 100 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले कॉरिडोर से भगवान श्री जागेश्वरनाथ मंदिर की भव्यता बढ़ेगी। मंदिर के कॉरिडोर बनने से मंदिर सहित क्षेत्र की भव्यता बढ़ेगी, सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दमोह के सुप्रसिद्ध देवश्री जागेश्वरनाथ मंदिर में 10 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले प्रथम चरण के कॉरिडोर के भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वैश्विक नेता हैं। उनके नेतृत्व में बनारस में बाबा विश्वनाथ का धाम भव्य रूप ले चुका है। अयोध्या में भी भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बना है। आज सेना शौर्य दिखा रही है। देश एकजुट है। यही भारतीय लोकतंत्र की ताकत है, जिसे देखकर दुनिया अचंभित है। कार्यक्रम में आतंकी हमले के शिकार पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

### 26 मई को नरसिंहपुर में किया जाएगा कृषि मेले का आयोजन



**प्रदेश के धार्मिक पर्यटन केंद्र रोजगार के सेंटर बनकर उभरेंगे**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में विकसित हो रहे धार्मिक पर्यटन केन्द्र युवाओं के लिए रोजगार के केन्द्र बनकर उभरेंगे। यहां आध्यात्म के साथ, शैक्षणिक और रोजगार मूलक गतिविधियां भी संचालित की जाएंगी। इन कार्यों के लिए राज्य सरकार बजट की कोई कमी नहीं आने देगी। प्रदेश में जल संरक्षण और संवर्धन के लिए अभियान चल रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मना रही है। मंदसौर में 3 मई को किसानों के लिए हुए कृषि मेले के ऐतिहासिक और सफल आयोजन के बाद अब 26 मई को नरसिंहपुर में कृषि मेला आयोजित किया जाएगा। यहां खेती के आधुनिक उपकरण और खाद्य प्र-संस्करण की इकाइयों की जानकारी किसानों को मिलेगी। दमोह एवं निकटवर्ती जिलों के किसान भी नरसिंहपुर के कृषि मेले में आमंत्रित हैं। किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने दूध उत्पादन बढ़ाने का संकल्प लिया है। अब घर-घर गाय होंगी और हर घर गोकुल होगा।

### जागेश्वर धाम धार्मिक आस्था का केंद्रः पटेल

पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा प्रसिद्ध तीर्थ स्थल जागेश्वर धाम धार्मिक आस्था का केन्द्र है। लगभग 10 करोड़ की लागत से बनने वाले कॉरीडोर की नींव आज मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रखी है। उन्होंने प्रदेश एवं जिले के आम नागरिकों, श्रद्धालुओं को बधाई और शुभकामनाएं दी। संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक व धर्मस्य विभाग राज्य मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि देवश्री जागेश्वरनाथ धाम बहुत ही दिव्य और भव्य बनेगा। कॉरिडोर में दुकान, फूड कोर्ट, संस्कृत विद्यालय और 12 ज्योतिर्लिंगों की प्रतिकृति भी बनेगी।

### भगवान जागेश्वरनाथ का सीएम ने किया पूजन

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बांदकपुर में देवश्री जागेश्वर नाथ की पूजा अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि की कामना की। उन्होंने माता पार्वती का आशीर्वाद लिया। मंदिर कमेटी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया।
- मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश भर में पवित्र स्थलों पर बनाए गए कॉरिडोर की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर बांदकपुर कॉरीडोर मॉडल को भी सराहा।
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में साधु संतों का पुष्प वर्षा कर अभिनन्दन किया।


## व्यापारिक संगठनों ने किया प्रधानमंत्री मोदी को ट्वीट... सरकार के निर्णय और सेना के शौर्य से हर कोई गौरवान्वित

# व्यापारी वर्ग सरकार को हरसंभव सहायता देने के लिए तैयार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

देश की सुरक्षा में व्यापारियों की भूमिका भी अहम है और युद्ध जैसी परिस्थिति में व्यापारी वर्ग सरकार को हरसंभव सहायता देने के लिए तैयार है। होलसेल सराफा एसोसिएशन के **संजीव गर्ग (गांधी)** ने एक्स सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए इंडिया पीएमओ को ट्वीट कर कहाकि भारत की ज्वेलरी इंडस्ट्रीज राष्ट्रीय संकट की इस घड़ी में तन, मन और धन से सरकार और सशस्त्र बलों के साथ खड़े हैं। संजीव गर्ग ने मध्यप्रदेश और देशवासियों से आह्वान किया है कि वे शासन और प्रशासन द्वारा दी जा रही सूचनाओं, दिशा-निर्देश का पूर्णतः अनुपालन करें। उन्होंने कहाकि पाकिस्तान में संचालित सभी आतंकी शिविरों और संगठनों को नेस्तनाबूद किया जाए। यदि देश को व्यापारियों की आर्थिक या किसी भी प्रकार की आवश्यकता होगी, तो व्यापारी पूरी ताकत के साथ सरकार और सेना के साथ खड़े मिलेंगे।






### कैट ने कहा किसी वस्तु की कमी नहीं पड़ेगी

व्यापारियों के संगठन कैट ने भी देश को आश्वस्त किया है कि इस आपातकाल में किसी भी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित नहीं होने दी जाएगी। सभी व्यापारियों ने तय किया है कि इस आपातकाल में किसी भी वस्तुओं के मूल्य में अनावश्यक बढ़ोतरी नहीं होने दी जाएगी, जिससे देश के सामान्य नागरिक या सेनाओं को किसी वस्तु की कमी न पड़े।

### आतंकियों का समूल नाश कर दिया जाए



*व्यापारियों की शीर्ष संस्थान भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष **तेजकुलपाल सिंह पाली** ने कहा कि हम सभी हर स्थिति में सरकार और सेना के मदद को तैयार हैं। सरकार के निर्णय और सेना के शौर्य से हर कोई गौरवान्वित है। पहलगाम हमले का सरकार ने बिल्कुल सही बदला लिया है। अब समय आ गया है कि आतंकियों के समूल को नाश कर दिया जाए। नौ स्थानों पर हुई कार्रवाई ने निश्चित रूप से आतंक की कमर को तोड़ने का काम किया है। आने वाले समय में कोई भी विपरीत परिस्थिति आती है तो व्यापारी, उद्यमी हर स्तर से सरकार और सेना के साथ खड़े रहेंगे।*

### सरकार और सेना के सहयोग में देश के व्यापारी और उद्यमी हर स्तर से खड़ा रहेंगे

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल मध्यप्रदेश के प्रांतीय महामंत्री **नवनीत अग्रवाल** ने कहा कि हमारी सेना ने आतंकी ठिकानों को जड़ से समाप्त करने का कार्य किया है। पाकिस्तान के भीतर संचालित आतंकियों में नौ महत्वपूर्ण ठिकानों को जड़ से मिटा दिया है। सेना की कार्रवाई से हर कोई गौरवान्वित है। व्यापारी समाज हर स्थिति के लिए पूरी तरह से तैयार है। सरकार और सेना के सहयोग में देश के व्यापारी और उद्यमी हर स्तर से खड़ा रहेंगे।



### इस माहौल में अपने देश को मजबूत करने में जुटेंगे


भोपाल लोहा व्यापारी एवं निर्माता संघ के अध्यक्ष **बलदेव खेमानी** और उपाध्यक्ष **शैलेंद्र गुप्ता** ने भारत-पाकिस्तान में चल रहे तनावपूर्ण माहौल के बीच भोपाल, मध्यप्रदेश सहित देश का हर वर्ग केंद्र सरकार और भारतीय सेना के साथ डटकर खड़ा हो गया है। सभी लोग अपनी सेवाएं देकर इस माहौल में अपने देश को मजबूत करने में जुटेगें। केंद्र सरकार ने देश को भरोसा दिलाया है कि इस समय देश की आवश्यकता की हर सामग्री उचित मात्रा में उपलब्ध है और किसी भी वस्तु की उपलब्धता को लेकर कोई संकट नहीं है। सरकार ने लोगों से यह भी अनुरोध किया है कि वे किसी भी वस्तु का अनावश्यक संग्रह न करें। इससे वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने में परेशानी होती है।





### यदि कोई भी विपरीत परिस्थिति आती है तो पूरा व्यापारी समाज एकजुटता के साथ खड़ा होगा

*भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष **हरीश ज्ञानचंदानी** और प्रवक्ता **संजीव जैन** कहा कि 1971 में की लड़ाई में व्यापारियों और उद्यमियों ने आगे बढ़कर लोगों की मदद की थी। उस समय हमारी उम्र कम थी, लेकिन फिर भी सब कुछ याद है। महंगाई को बढ़ने नहीं दिया था।*
*आम लोगों के जरूरी के सामानों की उपलब्धता पूरी तरह से सुनिश्चित कराया गया था। व्यापारी और उद्यमी सरकार का पूरा सहयोग करते हुए देश के साथ मुस्तैद से डटे रहे। हालांकि उस समय और वर्तमान समय में काफी अंतर हो गया है। वर्तमान समय में सुविधाएं काफी अधिक हो गई हैं।*
*भारत की सेना विश्व की सशक्त सेनाओं में से एक है। हमारे पास संसाधनों की कमी नहीं है। देश में ही हर वस्तु का उत्पादन बढ़ा है। यदि कोई भी विपरीत परिस्थिति आती है तो पूरा व्यापारी समाज एकजुटता के साथ खड़ा होगा। व्यापारियों ने हमेशा देश के विकास के लिए अपना योगदान दिया है। आतंक का अंत होना बहुत जरूरी है।*





## बिजनेस न्यूज

### राधारमण के छात्रों ने लहराया परचम



**भोपाल।** राधारमण इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने पॉलीटेक्निक सिविल, मैकेनिकल व इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के पांचवें सेमेस्टर में शानदार प्रदर्शन किया है। यह परीक्षा राजीव गांधी प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की गई थी। प्राप्त परीक्षा परिणामों के अनुसार मैकेनिकल इंजीनियरिंग विषय में 7.88 एसजीपीए के साथ सुखसागर बार्डे ने कॉलेज की मेरिट लिस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि अनूप कुमार प्रजापति 7.64 एसजीपीए हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह कुष्मेश कुमार पांडे 7.6 एसजीपीए के साथ तीसरे स्थान पर रहे। सिविल इंजीनियरिंग में दीपक कुमार ने 8.4 एसजीपीए अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग विषय में मोहित पंडाग्रे ने 8.29 एसजीपीए हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुगंधा कुमारी 8.14 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। इसी प्रकार धीरज कुमार कुमार 8 एसजीपीए के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

### यूनियन बैंक ने विदिशा में लगाया कृषि मेला




**भोपाल।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा विदिशा क्षेत्र में कृषि मेले का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम में ग्राहकों को भोपाल के उप क्षेत्र प्रमुखनीतेश शर्मा ने कृषि ऋण वितरण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए । साथ ही ग्राहकों को कृषि ऋण कि उपयोगिता को बताया । कार्यक्रम में शाखा प्रमुख राम लाल एवं कृष्ण मेहर भी उपस्थित रहे ।

### एलएनसीटी समूह में 'एलएन यूनिवर्स' का आयोजन



**भोपाल।** एलएनसीटी समूह में एलएन यूनिवर्स 2025 का आयोजन हुआ। इस टैक फेस्ट में एलएनसीटी समूह की विभिन्न संस्थाओं एलएनसीटी, एलएनसीटी एंड एस, एलएनसीटीई, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, एलएनसीपी, एमबीए, एमसीए के अलावा भोपाल और मप्र के विभिन्न महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के स्टूडेंट्स बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा, अर्चना ओर गणेश वंदना के साथ हुआ, इस अवसर पर विविध देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों के साथ सांस्कृतिक - सामाजिक और तकनीकी कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इनमें मुख्य रूप से कवि सम्मेलन, ड्रामा, कोड वीटा, ब्रेन स्प्रिंट, स्टूडेंट्स ऑफ द ईयर का सफल आयोजन के अलावा बैटल ऑफ बैंड में प्रतिभागियों की रचनात्मक प्रस्तुति, प्रॉजेक्ट एग्जिबिशन के अलावा सिंगिंग कॉम्पिटिशन - एलएनसीटी आईडल आयोजित हुआ, जिसमें सुरमयी प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। एलएनसीटी समूह के सचिव डॉ. अनुपम चौकसे ने कहा की टैक फेस्ट एलएन यूनिवर्स 2025 न केवल मनोरंजन का अवसर प्रदान करता है।

### जेके हॉस्पिटल में इंसेफेलाइटिस के नौ साल के बच्चे का सफल उपचार



**भोपाल।** जेके हॉस्पिटल एवं एलएन मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग के पीआईसीयू में रासमुएसन इंसेफेलाइटिस के मरीज का सफलता पूर्वक डिस्चार्ज किया गया । मरीज को जेके अस्पताल में 11 मार्च 2025 को बेहोशी की हालत मे सरकारी अस्पताल से लाया गया था जिसके लिए उसे वेंटीलेटर पर 16 दिन तक रखना पड़ा। मरीज तीस दिन तक पीआईसीयू में रहा। उस दौरान मरीज के शरीर मे अत्याधिक नमक का होना, ब्लडप्रेसर तथा लगातार झटके आना जैसी की कई कठिनाइयों का डटकर सामना किया और अतः 30 दिनों के सघर्ष के बाद सफलतापूर्वक डिस्चार्ज किया गया। यह बाल रोग पीजी छात्रों एवं नर्सिंग स्टॉफ के मे सामूहिक प्रयास का प्रणाम है। उपचार करने वाली चिकित्सक टीम मे डॉ. चंद्रमोहन एस रेड्डी डॉ. कीर्ति विश्वकर्मा डॉ. मंजरी गुप्ता डॉ. नेहील निगम डॉ. अंशुल सिंह थें।

### वर्ल्ड यूनिवर्सिटी के अन्वेषण ने वैश्विक मंच पर भारतीय ज्ञान व्यवस्था को प्रदर्शित किया

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन के स्कूल ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स ने नई दिल्ली के प्रतिष्ठित त्रिवेणी कला संगम में अपने वार्षिक इंटरनेशनल परफॉर्मिंग आर्ट्स कॉन्फ्रेंस अन्वेषण 2025 का उद्घाटन किया। भारतीय कला और अकादमिक क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल इस सम्मेलन में जबरदस्त उत्साह दिखा जहां देशभर से प्रख्यात विद्वान, कलाकार, शिक्षक और विद्यार्थी शामिल हुए। इस वर्ष का अन्वेषण इंडियन नॉलेज सिस्टम एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स इन ए ग्लोबल कांटेक्स्ट की थीम पर केंद्रित है जहां यह संभावना तलाशी जा रही है कि कैसे पारंपरिक भारतीय कलात्मक रूपरेखा, वैश्विक दृष्टिकोण के साथ सार्थक हो सकती है। इस थीम ने सांस्कृतिक विरासत, कलात्मक नवप्रवर्तन और अकादमिक जिज्ञासा को लेकर भावी संवाद का आधार तैयार किया है। उद्घाटन सत्र की शुरुआत वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन के कुलपति डाक्टर संजय गुप्ता के स्वागत भाषण के साथ हुई जिसके बाद डाक्टर सचिदानंद जोशी (सदस्य सचिव, कार्यकारी एवं अकादमिक, आईजीएनसीए), नई दिल्ली और प्रभात सिंह (रंगमंच एवं पारंपरिक कलाओं के विशेषज्ञ व प्रख्यात पत्रकार) ने प्रमुख भाषण दिया। इनके संबोधन में भारतीय ज्ञान प्रणालियों की कालातीत प्रासंगिकता पर जोर दिया गया।

### मित्सु केम ने 25 फीसदी शुद्ध लाभ वृद्धि दर्ज की

**मुंबई।** मित्सु केम प्लास्ट लिमिटेड ने चौथी तिमाही वित्त वर्ष 2024-25 और पूरे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कुल आय 90.51 करोड़, वार्षिक वृद्धि 9.64 फीसदी , ईबीआईटीडीए 8.23 करोड़, वार्षिक वृद्धि 9.39 फीसदी, शुद्ध लाभ 3.54 करोड़, वार्षिक वृद्धि 25.11फीसदी , शुद्ध लाभ मार्जिन 3.91 फीसदी , वार्षिक वृद्धि 47 बेसिस प्वाइंट्स , प्रति शेयर आय 2.61, वार्षिक वृद्धि 14.98 फीसदी। मित्सु केम प्लास्ट लिमिटेड के चेयरमैन जगदीश देढिया ने कंपनी के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहाकि वित्त वर्ष 2024-25 में हमने 332.88 करोड़ की कुल आय, 23.28 करोड़ का ईबीआईटीडीए, 7.25 करोड़ का शुद्ध लाभ और 5.39 की प्रति शेयर आय हासिल की है, जो हमारे व्यवसाय मॉडल की मजबूती और संतुलित क्रियान्वयन को दर्शाता है।

## टेलीकॉम इंडस्ट्री में जियो की छलांग बाकी कंपनियों से कई गुना आगे : ट्राई

### *मार्च में 74 फीसदी से अधिक ग्राहकों ने चुना जियो*

एजेंसी ▶▶ मुंबई




भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा मार्च 2025 के लिए जारी की गई मासिक सब्सक्रिप्शन रिपोर्ट में एक बार फिर से जियो ने अपनी मज़बूत पकड़ साबित की है। देश की टेलीकॉम इंडस्ट्री में जियो ने न केवल सबसे ज़्यादा नए सब्सक्राइबर जोड़े, बल्कि लगभग हर श्रेणी में बाकी कंपनियों को कड़ी टक्कर दी।

मार्च महीने में इंडस्ट्री में कुल 29.3 लाख नए ग्राहक जुड़े, जिनमें से अकेले जियो ने 21.7 लाख ग्राहकों को अपने साथ जोड़ा। यह आंकड़ा कुल नए सब्सक्रिप्शन का 74 फीसदी से भी अधिक है, जिससे साफ होता है कि जियो ग्रोथ का मुख्य इंजन बना हुआ है। जियो की यह ग्रोथ एयरटेल के मुकाबले लगभग दोगुनी रही। चाहे वो वायरलेस हो, वायरलाइन हो, एक्टिव सब्सक्राइबर्स हों या 5जी एयरफाइबर।

एक्टिव ग्राहकों यानी वीएलआर के मामले में भी जियो ने बाज़ी मारी। मार्च 2025 में इंडस्ट्री में जुड़ने वाले एक्टिव ग्राहकों में से 86फीसदी से भी ज़्यादा यानी 50.3 लाख ग्राहक जियो के साथ जुड़े। सबसे तेज़ी से बढ़ते सेगमेंट 5जी फिक्स्ड वायरलेस में भी जियो का दबदबा बरकरार है। इस कैटेगरी में जियो के पास 82 फीसदी से अधिक मार्केट शेयर है।

### 163 टाइटन वर्ल्ड स्टोर परफ्यूम मेकिंग एक्टिविटी का आयोजन

मुंबई। टाइटन वर्ल्ड 10 और 11 मई को देशभर में 163 से अधिक टाइटन वर्ल्ड स्टोर एक खास परफ्यूम मेकिंग एक्टिविटी का आयोजन करने जा रहे हैं, जहां उपभोक्ताओं को अपने जीवन की सबसे खास महिला-अपनी मां के साथ कुछ यादगार पल बिताने का मौका मिलेगा। राहुल शुक्ला, वाईस प्रेसीडेंट एवं चीफ सेल्स एण्ड मार्केटिंग ऑफिसर टाइटन कंपनी लिमिटेड ने कहाकि टाइटन में हम हमेशा से उन रिश्तों का जश्न मनाने में भरोसा रखते हैं जो जीवन में सबसे ज़्यादा मायने रखते हैं।

इस एक्टिविटी के तहत मेहमानों को फ्रेगरेंस ब्लेंडिंग की कला में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा, जहां वे असेंशियल ऑयल्स के क्युरेटेड सलेक्शन का उपयोग कर पर्सनलाइज्ड 50 एमएल परफ्यूम तैयार करेंगे।

## केप्री ग्लोबल का मुनाफा 22,850 करोड़ के पार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

केप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड ने वित्त-वर्ष 2025 की चौथी तिमाही और पूरे वर्ष में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए शानदार वित्तीय परिणाम दर्ज किए हैं। कंपनी का कन्सॉलिडेटेड एसेट अंडर मैनेजमेंट साल-दर-साल 46 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 22,857 करोड़ पर पहुंच गया। गोल्ड लोन में साल-दर-साल 130 फीसदी की बढ़ोतरी और हाउसिंग लोन में 24 फीसदी की बढ़ोतरी से रिटेल एयूएम के विकास को बढ़ावा मिला। को-लेन्डिंग एयूएम 4,079 रुपए तक पहुंचा, जो कुल कन्सॉलिडेटेड एयूएम का 17.8 फीसदी है और वित्त-वर्ष 25 की चौथी तिमाही के दौरान इसमें 11.7 फीसदी की वृद्धि हुई।

## ई-कॉमर्स और क्विक-कॉमर्स पर सीसीआई का एक्शन

### अनुचित मूल्य निर्धारण पर लगाई लगाम, नए नियम किए लागू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई ) ने ई-कॉमर्स और क्विक-कॉमर्स सेक्टरों में अनुचित मूल्य निर्धारण प्रथाओं, खासकर 'जीरो-प्राइसिंग' जैसी नीतियों पर अंकुश लगाने के लिए नए नियम लागू किए हैं। ये नियम 7 मई 2025 से प्रभावी हो चुके हैं। नए फ्रेमवर्क के तहत 2009 के लागत नियमों में व्यापक बदलाव किया गया है, जिसमें गैर-प्रतिस्पर्धी कीमतों का आकलन करने के लिए स्पष्ट कार्यप्रणाली दी गई है। अनुचित मूल्य निर्धारण की पहचान के लिए औसत परिवर्तनीय लागत को प्राथमिक बेंचमार्क बनाया गया है। हालांकि सीसीआई उद्योग की विशिष्टताओं और मामले की जटिलता के आधार पर औसत कुल लागत, औसत टालने योग्य लागत, या दीर्घकालिक औसत वृद्धिशील लागत जैसे वैकल्पिक उपायों का उपयोग कर सकता है।

### क्विक-कॉमर्स का बढ़ता दबदबा

ग्लोबल डाटा के अनुसार, भारत में क्विक-कॉमर्स सेक्टर तेजी से विस्तार कर रहा है। शहरी आबादी दैनिक आवश्यकताओं के लिए त्वरित डिलीवरी सेवाओं पर निर्भरता बढ़ा रही है। उपभोक्ताओं की तत्काल डिलीवरी और समय बचाने वाली सेवाओं की मांग ने क्विक-कॉमर्स विकल्पों की संख्या में वृद्धि की है। नए नियमों से न केवल बाजार में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि उपभोक्ताओं को भी उचित मूल्य और बेहतर सेवाएं मिलने की उम्मीद है।

### छोटी कंपनियों को समान अवसर देने में महत्वपूर्ण

निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए, जांच के दायरे में आने वाली कंपनियों को अब अपने खर्च पर स्वतंत्र विशेषज्ञों की मदद से लागत आकलन को चुनौती देने का अधिकार होगा। यह कदम आक्रामक मूल्य निर्धारण रणनीतियों पर नियामकीय निगरानी बढ़ाने और छोटी कंपनियों को बड़े प्लेटफॉर्म्स के साथ समान अवसर प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

**कार्यालय सेनानी 7वीं वाहिनी विसबल भोपाल**
ई-मेलः- co7bn_saf@mppolice.gov.in

क्रमांक-7वी वाहिनी/विसबल./QM/908/A/2025 दिनांकः 05/05/2025

// ई-निविदा सूचना //

वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत 7वीं वाहिनी विसबल भोपाल में लेखन सामग्री क्रय के संबंध में लेखन सामग्री की दरें (प्रति इकाई) प्राप्त किये जाने हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्तें वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in/ तथा www.mppolice.gov.in पर उपलब्ध हैं, ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-टेण्डर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा, इस हेतु ई-निविदा पोर्टल पर अद्यतन रहें।

हेतु सेनानी
7वीं वाहिनी विसबल,
भोपाल

G-12565/25 " स्वच्छता ही सेवा "

**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL**
Water Work Department
Municipal Corporation MATA MANDIR PHE CHAMPUS, Bhopal
Office Telephone No 0755-2552471

निविदा क्रमांक-03 /तक/2025-26/का.यं./भो.परि.खंड क्र.-1 भोपाल, दिनांक-08.05.2025

// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित प्रदाय के लिये आनलाईन निंविदायें प्रपत्र "स" में निर्माणकर्ता / अधिकृत विक्रेताओं से आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त वेबसाइट पर प्रकाशित नोटिस में मुख्य तिथियों के अनुसार निविदा दस्तावेज वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर ऑनलाइन प्राप्त किए जा सकते हैं। उपरोक्त वेबसाइट पर प्रकाशित नोटिस को वेबसाइट www.bhopalmunicipal.com पर भी देखा जा सकता है ।

| स. क्र. | विवरण | अनुमानित लागत रूपये | धरोहर राशि रूपये | निविदा प्रपत्र का मूल्य | प्रदाय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | भोपाल से लगभग 30 किलो मीटर दूर कोलार 34 एम.जी.डी. जलशुद्धिकरण संयंत्र पर वर्ष 2023-24 के लिये 700 में. टन आई.एस.आई. मार्क फेरिक एलम ग्रैंड-4 आई.एस. कोड 299/2012 के संशोधित स्पेशिफिकेशन के अनुसार प्रदाय। समस्त करों तथा लोडिग / अनलोडिग स्टेकिंग परिवहन व्यय सहित। (शैडूल आफ क्वांटिटी अनुसार) | 64,43,500/- | 48326/- | 10,000/- | समय-समय पर आवश्यकता अनुसार |

Executive Engineer
Water Works Department
Municipal Corporation, Bhopal

**भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA**
**अंतरिक्ष विभाग DEPARTMENT OF SPACE**
**भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION**
**राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र NATIONAL REMOTE SENSING CENTRE**
बालानगर, हैदराबाद BALANAGAR, HYDERABAD 500 037

Advt.No/NRSC/RMT/1/2025 DT. 10.05.2025

राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (एनआरएससी), भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), अंतरिक्ष विभाग (अ.वि.) के प्रमुख केंद्रों में से एक है. निम्नलिखित विषयों के तहत वैज्ञानिक/इंजीनियर 'एससी पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:-

| क्रं.स | विषय | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | वन एवं पारिस्थितिकी | 02 |
| 2 | भूसूचना (एम.एससी आधारित) | 02 |
| 3 | भूविज्ञान | 05 |
| 4 | भूभौतिकी | 02 |
| 5 | शहरी अध्ययन | 06 |
| 6 | जल संसाधन | 04 |
| 7 | भूसूचना (एम.टेक आधारित्त) | 10 |

पात्रता मानदंड विस्तृत विज्ञापन और ऑनलाइन आवेदन करने के लिए कृपया https://www.nrsc.gov.in देखें।

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण की आरंभिक तिथि | 10.05.2025 (1000 बजे) |
| ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि | 30.05.2025 (1700 बजे) |

CBC-49112/11/0002/2526

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग हरदा**
Office Email ID- eeresharda@mp.gov.in, Office Phone No. 07577-222519

क्र. 725 / व.ले.लि / ग्रा.यां.से./2025-26 हरदा, दिनांक-25/04/2025

:: संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 03/2025-26 ::

संभाग अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदाये आमंत्रित की गई है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

- ऑनलाईन दो कवर पद्धति -

| क्रं. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य का विवरण | निविदा की अनुमानित लागत (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | 2025_RES_419182 | शा.मा. शाला कुही भवन निर्माण कार्य | भवन निर्माण कार्य | 1502448/- |
| 2. | 2025_RES_419183 | शा.मा. शाला सारंगपुर भवन निर्माण कार्य | भवन निर्माण कार्य | 1502448/- |
| 3. | 2025_RES_419221 | शा.मा. शाला धनवाड़ा भवन निर्माण कार्य | भवन निर्माण कार्य | 1502448/- |
| 4. | 2025_RES_419346 | शा.मा. शाला सोमगांव कला भवन निर्माण कार्य | भवन निर्माण कार्य | 1502448/- |
| 5. | 2025_RES_419347 | शा.मा. शाला निमाचा कला भवन निर्माण कार्य | भवन निर्माण कार्य | 1502448/- |
| | | योग | | 7512240/- |

उक्त निविदाओं को वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट https://mptenders.gov.in के माध्यम से क्रय किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक दिनांक 14.05.2025 को समय 14.00 बजे तथा निविदा प्रपत्र ऑन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 26.05.2025 समय 17:30 बजे तक निर्धारित है। निविदा में होने वाले विस्तृत निविदा उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संसोधनों का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग हरदा

G-12568/25 " स्वच्छता ही सेवा "

**कार्यालय भू-अर्जन अधिकारी, गैरतगंज, जिला-रायसेन**

// सार्वजनिक सूचना // दिनांक 02/05/2025

प्रकरण क्रमांक 002/अ-82/अनु.अधि. /2023-24 चूँकि राज्य शासन को प्रतीत होता हैं कि, निम्न अनूसूची में खाने (1) से (5) में अर्जित परिसंपत्ति की अनुसूची के खाने (7) में उनके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता पड़ने की संभावना हैं। उक्त प्रयोजन हेतु प्रकरण में मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के परिपत्र क्रमांक एफ 12-2/2014/सात / शा.2 ए भोपाल दिनॉक 12 नवम्बर 2014 के द्वारा प्रतिपादित आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति के तहत कार्यवाही प्रचलित हैं। अतएवं निम्न दर्शित भूमि धारकों से परियोजना के लिये राज्य सरकार से संबंधित विभाग / उपक्रम में पक्ष में क्रय किये जाने पर विचार किया जा रहा हैं। यदि किसी व्यक्ति की भूमि की भूमि के स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो वह नियत अवधि (सार्वजनिक सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर) में आधार सहित प्रस्तुत कर सकता हैं।

नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

// अनुसूची //
भूमि का वर्णन

| स. क्रं. | भूमि स्वामी का नाम | ग्राम का नाम | अर्जित किये जाने वाला खसरा क्र. | परिसंपत्ति का विवरण | प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | श्रीमति राबिया बी सुल्ताना पत्नी सैयद मुजफ्फर मोहम्मद जाति पठान निवासी ग्राम घाना | घाना | 308/2/1/2 | 1. टीनशेड कबेलू कमर्शियल बिल्डिंग<br>2. टीनशेड कबेलू रेसीडेंसियल | कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, रायसेन | हिनोतिया सिंचाई योजना के वेस्टवियर निर्माण में ग्राम घाना स्थित परिसंपत्ति |

नोटः भूमि का नक्शा भू-अर्जन अधिकारी गैरतगंज जिला रायसेन के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस एवं समय में देखा जा सकता हैं।

(पल्लवी वैद्य)
भू-अर्जन अधिकारी
गैरतगंज जिला रायसेन

G-12599/25 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है

## चिंतन

# विश्व बैंक व अमेरिका ने पाक को दिया झटका

भारत के साथ तनाव के बीच पाकिस्तान को दो मोर्चे पर करारा झटका लगा है। विश्व बैंक ने पाकिस्तान को दो टूक कह दिया है कि सिंधु जल संधि पर हमारी भूमिका सुविधा प्रदाता से अधिक नहीं है। अमेरिका ने भी पाकिस्तान को सीधा संदेश दिया है कि भारत व पाक के बीच जारी तनाव से अमेरिका का कुछ वास्ता नहीं है, वह युद्ध से दूर रहेगा। विश्व बैंक और अमेरिका के साफ संदेश से पाकिस्तान को समझ आ गया होगा कि वैश्विक मोर्चे पर वह कितना अलग-थलग पड़ चुका है। पहलगाम में निहत्थे निर्दोष पर्यटकों पर आतंकी हमले में लिप्त पाकिस्तान स्थित आतंकी गुटों व उसके साजिशकर्ताओं के खिलाफ भारत ने ऑपरेशन सिंदूर किया। इसको लेकर भारत ने स्पष्ट कहा कि भारत की कार्रवाई आतंकवाद के खिलाफ है, पाकिस्तान के खिलाफ नहीं है, लेकिन पाकिस्तान ने आतंकवादियों पर कार्रवाई करने के बजाय भारत के खिलाफ उकसावे का रास्ता चुना। पाक फौज ने पहले एलओसी पर सीजफायर का उल्लंघन किया, उसके बाद नागरिकों को निशाना बनाकर गोलीबारी की। फिर भारत के 15 सैन्य ठिकानों को निशाना बना कर हमले किए। भारत ने जहां सीमा पर मुंहतोड़ जवाब दिया, पाक के हमलों को विफल किया, वहीं पाक की सैन्य कार्रवाई के जवाब में भारतीय सेना ने इतना मारक प्रहार किया कि पाकिस्तान दहल उठा। हालांकि वह इससे भी नहीं चेता है और फिर से सीमा पार से गोलीबारी कर रहा है, जिसका भारत जवाब दे रहा है। भारत के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान को अमेरिका व चीन से उम्मीद थी कि वह मदद करेंगे, लेकिन अमेरिका ने पल्ला झाड़ लिया है और शुरुआती हमदर्दी के बाद चीन का रिस्पॉन्स भी ठंडा है। इससे पाकिस्तान समझ गया होगा कि आतंकवाद के पक्ष में उसकी लड़ाई में कोई भी साथ खड़ा नहीं होगा। आज दुनिया आतंकवाद से पीड़ित है। अमेरिका, यूरोप, एशिया सब आतंकवाद का दंश झेल रहे हैं। पाकिस्तान के कृत्य आतंकवाद के पालक-पोसक के रूप में है। ग्लोबल घोषित कई आतंकवादी व आतंकी गुट पाकिस्तान में विद्यमान हैं। अमेरिका को भी समझ आ गया है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ने के नाम पर उससे फंड लेने वाले पाकिस्तान ने उस फंड का दुरूपयोग आतंकवाद को पालने में किया। हालांकि अब अमेरिका ने ऐसा फंड बंद कर दिया है और मदद में भी कटौती कर दी है। विश्व बैंक से झटके की उम्मीद पाकिस्तान को नहीं रही होगी। वर्ष 1960 में सिंधु जल संधि विश्व बैंक की मध्यस्थता में ही हुई थी। इस संधि के बाद से सिंधु, चिनाब व झेलम नदी का करीब 80 फीसदी पानी पाकिस्तान को मिल रहा था। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था। उसके बाद पाकिस्तान की उम्मीद विश्व बैंक पर टिकी थी कि वह भारत के संधि निलंबन व पानी रोकने के एक्शन को गलत बताते हुए पाकिस्तान की मदद करेगा। विश्व बैंक ने अपनी भूमिका को स्पष्ट कर पाकिस्तान को आईना दिखा दिया। ऐसे ही अमेरिका ने कहा है कि वह ऐसे युद्ध में शामिल नहीं होगा जिससे उसका ''मूलतः कोई वास्ता नहीं है''। पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई करनी ही होगी, अगर वह भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों से बाज नहीं आएगा तो, भारत ऑपरेशन सिंदूर जैसे सैन्य ऑपरेशनों से आतंकवाद के खात्मे के लिए कदम उठाता रहेगा। पाकिस्तान अगर किसी भी प्रकार की सैन्य हिमाकत करेगा, तो भी भारत उसका करारा जवाब देगा। भारत की लड़ाई आतंकवाद से है, पाकिस्तान से नहीं।



विश्लेषण
विवेक शुक्ला

# बुल्ले शाह का पंजाब क्यों बना दुश्मन

सरहद पार का पंजाब भारत के लिए सिरदर्द बना हुआ था। ये इस्लामिक कट्टरपंथियों का स्वर्ग बन गया है। ये भारत पर लगातार हमले करते हैं। ये वही धरती है जो ऐतिहासिक रूप से सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता का केंद्र रही है। इधर बुल्ले शाह और बाबा फरीद जैसे संतों की समृद्ध परंपरा रही है, जिन्होंने प्रेम और भाईचारा का संदेश दिया। पर बीते तीस-चालीस सालों में सरहद पार का पंजाब बदल गया। राज मोहन गांधी ने अपनी किताब 'पंजाब : ए हिस्ट्री फ्रॉम औरंगजेब टू माउंटबेटन' में एक जगह लिखा है कि पाकिस्तान के हिस्से वाले पंजाब में कट्टरपंथी इस्लामिक संगठनों में अपने को एक-दूसरे से बड़ा कट्टरपंथी साबित करने की होड़ रहती है। क्यों पंजाब बदलने लगा ?

भारतीय फौजों ने ऑपरेशन सिंदूर के पहले दिन बुधवार को पाकिस्तान के पंजाब सूबे के बहावलपुर, मुरिदके, सियालकोट और शकरगढ़ में कसकर हमला बोला। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर भी हमला बोला गया। सरहद पार का पंजाब भारत के लिए सिरदर्द बना हुआ था। ये इस्लामिक कट्टरपंथियों का स्वर्ग बन गया है। ये भारत पर लगातार हमले करते हैं। ये वही धरती है जो ऐतिहासिक रूप से सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता का केंद्र रही है। इधर बुल्ले शाह और बाबा फरीद जैसे संतों की समृद्ध परंपरा रही है, जिन्होंने प्रेम और भाईचारा का संदेश दिया। पर बीते तीस-चालीस सालों में सरहद पार का पंजाब बदल गया। राज मोहन गांधी ने अपनी किताब 'पंजाब : ए हिस्ट्री फ्रॉम औरंगजेब टू माउंटबेटन' में एक जगह लिखा है कि पाकिस्तान के हिस्से वाले पंजाब में कट्टरपंथी इस्लामिक संगठनों में अपने को एक-दूसरे से बड़ा कट्टरपंथी साबित करने की होड़ रहती है। क्यों पंजाब बदलने लगा ? दरअसल भारत के विभाजन ने पंजाब को गहरे रूप से प्रभावित किया।

पाकिस्तानी पंजाब में बड़े पैमाने पर जनसंख्या विस्थापन हुआ। पाकिस्तान के निर्माण के बाद, इस्लाम को वहां राष्ट्रीय पहचान का आधार बनाया गया, जिसने धीरे-धीरे कट्टरपंथी विचारधाराओं को पनपने का मौका दिया। पंजाब ने मसूद अजहर और हाफिज सईद जैसे कट्टरपंथियों को प्रभाव जमाने का अवसर दिया। आप कह सकते हैं कि 1970 और 1980 के दशक ने पंजाब को इस्लामिक कट्टरपंथ की ओर धकेला। इसकी कई ठोस वजह रहीं। सोवियत-अफगान युद्ध (1979-1989) के दौरान, पंजाब अमेरिका और सऊदी अरब द्वारा समर्थित जिहादी समूहों का गढ़ बन गया। जालंधर में पैदा हुए जनरल जिया-उल-हक की सरकार ने इस्लामीकरण को खाद-पानी दिया। उस दौर में मदरसों की संख्या में वृद्धि हुई, जिनमें से कई ने कट्टरपंथी विचारधारा को बढ़ावा दिया। पंजाब के शहरों, जैसे लाहौर, बहावलपुर और फैसलाबाद, में ये मदरसे तेजी से बढ़े। सऊदी अरब ने वहाबी विचारधारा को प्रचारित करने के लिए बड़े पैमाने पर धन दिया। इसने सूफीवाद और उदार इस्लाम की परंपराओं को नष्ट किया।

पंजाब में कई मस्जिदों और मदरसों ने इस विचारधारा को अपनाया। पाकिस्तान ने 1990 के दशक में कश्मीर में जिहादी समूहों को समर्थन दिया। लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन, जो पंजाब में सक्रिय थे, ने कट्टरपंथ को और बढ़ाया। इन संगठनों ने पंजाब के युवाओं को भर्ती किया और उन्हें जिहादी विचारधारा से प्रभावित किया। ये दोनों संगठन भारत पर मुंबई, उरी, संसद, पठानकोट, पहलगाम वगैरह पर बार-बार कायराना हमले करवाते रहे।

दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज के छात्र रहे जनरल जिया-उल-हक के शासनकाल में पाकिस्तान में इस्लामीकरण की नीति ने कट्टरपंथ को संस्थागत रूप दिया। जिया ने इस्लाम को राज्य का आधार बनाया और कई कट्टरपंथी कानून लागू किए, जैसे ब्लासफेमी कानून। जिया के शासन में पंजाब में हजारों नए मदरसे खोले गए, जिनमें से कई ने देवबंदी और अहल-ए-हदीस



विचारधारा को बढ़ावा दिया। ये मदरसे गरीब और ग्रामीण युवाओं के लिए शिक्षा का एकमात्र स्त्रोत बन गए, जिससे कट्टरपंथ को बढ़ावा मिला। यही नहीं, स्कूली पाठ्यक्रम में जिहाद और शहादत को महिमामंडित किया गया। इससे नई पीढ़ी में कट्टरपंथी विचारों का प्रसार हुआ। एक बात माननी होगी कि पंजाब में कट्टरपंथ के बढ़ने में सामाजिक-आर्थिक कारकों का भी योगदान रहा। पंजाब के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में गरीबी और बेरोजगारी ने युवाओं को कट्टरपंथी संगठनों की ओर आकर्षित किया। ये संगठन न केवल आर्थिक मदद देते थे, बल्कि एक उद्देश्य और पहचान भी प्रदान करते थे। सरकारी स्कूलों की खराब स्थिति और निजी शिक्षा की महंगाई ने गरीब परिवारों को अपने बच्चों को मदरसों में भेजने के लिए मजबूर किया।

इन मदरसों में अक्सर कट्टरपंथी शिक्षा दी जाती थी। इन तमाम वजहों के चलते सूफीवाद, जो कभी पंजाब की आत्मा था, धीरे-धीरे कमजोर पड़ गया। कट्टरपंथियों ने सूफी परंपराओं जैसे दरगाहों पर चढ़ावा और कव्वाली, को 'गैर-इस्लामी' करार दिया। इससे पाकिस्तान की सरकारों ने सूफीवाद को बढ़ावा देने के बजाय कट्टरपंथी संगठनों को समर्थन दिया, क्योंकि ये संगठन भू-राजनीतिक उद्देश्यों के लिए उपयोगी थे। जाहिर है कि इन तमाम वजहों के चलते पंजाब में लश्कर-ए-तैयबा जैसा संगठन उभरा। इसी के मुरिदके में स्थित दफ्तर पर भारत ने हमला किया। ये कश्मीर और भारत के खिलाफ जिहादी गतिविधियों के लिए जाना जाता है। इसी तरह से जैश-ए-मोहम्मद स्थापित हो गया।

इसके बहावलपुर में स्थित दफ्तर को भी भारत ने तबाह कर दिया। इसी तरह से पंजाब में सिपाह-ए-सहाबा नाम का संगठन है। यह सुन्नी कट्टरपंथी संगठन शिया विरोधी हिंसा के लिए जाना जाता है और पंजाब के कई हिस्सों में सक्रिय है। इन संगठनों ने पंजाब के सामाजिक ताने-बाने को प्रभावित किया और धार्मिक असहिष्णुता को बढ़ाया। आज, पंजाब को कट्टरपंथ ने तबाह कर दिया है। महत्वपूर्ण है कि पंजाब में बुल्ले शाह (1680-1757), दाता गंज बख्श, और बाबा फरीद जैसे सूफी संतों ने इस्लाम को एक उदार और समावेशी रूप में फैलाया था। उनकी शिक्षाएं हिंदू, सिख और मुस्लिम समुदायों के बीच सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देती थीं। दुर्भाग्यवश कठमुल्लों के साथ-साथ सरहद पार जनरल अयूब खान से लेकर जनरल आसिफ मुनीर तक सभी के सभी घोर भारत विरोधी फौज के जनरल रहे हैं। पाकिस्तान की सेना में पंजाबियों का वर्चस्व साफ है। उसमें 80 फीसद से ज्यादा पंजाबी हैं। ये भारत से नफरत करते हैं। पाकिस्तान का पंजाब इस्लामिक कट्टरपन की प्रयोगशाला बन चुका है।

पंजाब के अलावा पाकिस्तान के बाकी भागों में भारत विरोधी माहौल इतना मुखर नहीं है। पाकिस्तानी सेना ने साल 1969-71 में अपने ही मुल्क के बंगाली भाषी लोगों पर जुल्म ढहाना शुरू किया। इस कार्रवाई को पाकिस्तानी सेना ने ऑपरेशन सर्च लाइट का नाम दिया। यह जुल्म ऐसा-वैसा नहीं था। लाखों लोगों की बेरहमी से हत्या, हजारों युवतियों से सरेआम बलात्कार, तरह-तरह की अमानवीय यातनाएं दी गई। पाकिस्तानी सेना के दमन में मारे जाने वालों की तादाद 30 लाख थी। इतना ही नहीं, पाकिस्तानी फौजी दरिंदों ने दो लाख महिलाओं से बलात्कार किया था। कुल मिलाकर बात ये है कि भारत ने उस पंजाब के कठमुल्लों पर कड़ा हमला बोलकर एक बहुत नेक काम ही किया है। आखिर धैर्य की भी एक सीमा है। भारत ने हमेशा धैर्य का परिचय दिया है, लेकिन पाकिस्तान ने इसे कभी समझा ही नहीं है। पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देना जरूरी है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

युद्ध के आयाम
हरिओम कोचर




# इनफार्मेशन वॉरफेयर : बंदूकें चुप होती हैं, नैरेटिव बोलते हैं

ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया, लेकिन इसके बाद छेड़ा गया इंफॉर्मेशन वॉरफेयर यह दिखाता है कि आधुनिक युद्ध के आयाम बदल गए हैं। यह युद्ध अब केवल हथियारों से नहीं, बल्कि सूचनाओं, विचारों, और नैरेटिव्स से लड़ा जा रहा है। एक तरफ देश को आतंकवाद जैसी प्रत्यक्ष और भौतिक खतरों से जूझना पड़ता है, तो दूसरी ओर उसे डिजिटल माध्यमों और मनोवैज्ञानिक रणनीतियों के माध्यम से चलाए जा रहे नैरेटिव्स का भी सामना करना पड़ता है। ऐसी परिस्थितियों में प्रतिष्ठित और भरोसेमंद माने जाने वाले मीडिया संस्थान तथ्यात्मक चूक कर बैठते हैं, तो यह नैरेटिव्स का युद्ध और अधिक पेचीदा हो जाता है। यह घटनाक्रम भारत के लिए एक स्पष्ट संकेत है कि आधुनिक युद्ध की परिभाषा अब पारंपरिक सीमाओं से कहीं आगे निकल चुकी है। आज लड़ाई मैदान में नहीं, बल्कि सूचनाओं, विचारधाराओं और जनमत के निर्माण में भी लड़ी जाती है। इसलिए, यह आवश्यक हो गया है कि भारत को न केवल सैन्य रूप से बल्कि सूचना और संचार के स्तर पर भी रणनीतिक रूप से सशक्त और सतर्क रहना होगा।

ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की आतंकवाद के खिलाफ कठोर और निर्णायक नीति को उजागर किया है, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि देश अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा। परंतु इस सैन्य कार्रवाई के बाद जिस प्रकार से सूचना युद्ध छेड़ा गया, उसने यह दर्शा दिया कि आधुनिक युद्ध केवल गोलियों और बमों तक सीमित नहीं रह गया है। आज युद्ध का एक और भी महत्वपूर्ण आयाम है, सूचनाओं, विचारधाराओं और देश विरोधी नैरेटिव्स का युद्ध। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, न्यूज़ चैनल, और डिजिटल मीडिया ऐसे घातक हथियार बन गए हैं जिनके माध्यम से देश की छवि को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रभावित करने की कोशिश की जाती है। दुश्मन ताकतें झूठी खबरें, विकृत वीडियो, और गलत प्रचार के माध्यम से भ्रम फैलाने और देश के भीतर अस्थिरता उत्पन्न करने का प्रयास करती हैं। ऐसे में यह आवश्यक हो गया है कि भारत न केवल सैन्य रूप से बल्कि सूचना युद्ध के मोर्चे पर भी सजग और सशक्त रहे। भारत के जागरूक नागरिक, सटीक सूचना तंत्र और मज़बूत नैरेटिव ही इस नए युद्ध क्षेत्र में जीत सुनिश्चित कर सकते हैं, इसलिए भारत के प्रत्येक नागरिक को सोशल मीडिया के माध्यम से मिली भ्रामक सूचनाओं से सजग रहना होगा। ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य विजय नहीं, बल्कि एक रणनीतिक चेतावनी भी है कि अब युद्ध कई स्तरों पर लड़ा जाएगा। भारत के खिलाफ छेड़े गए इंफॉर्मेशन वारफेयर में केवल विदेशी प्रचार तंत्रों की ही भूमिका नहीं रही, बल्कि दुर्भाग्यवश देश के कुछ मीडिया संस्थानों की लापरवाही ने भी इसमें ईंधन का काम किया है। पाकिस्तानी और चीनी प्रचार तंत्र लंबे समय से भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को धूमिल करने के प्रयास में लगे हुए हैं, परंतु जब ऐसे प्रयासों को भारतीय मीडिया की गलत रिपोर्टिंग से बल मिलता है, तो स्थिति और गंभीर हो जाती है। इससे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत के विरोधियों चाइना डेली और ग्लोबल टाइम्स जैसे राज्य-नियंत्रित मीडिया संगठनों को भारत के खिलाफ नैरेटिव गढ़ने का अवसर मिलता है। इस समय प्रतीत होता है कि ऐसे संगठनों की मीडिया नीति किसी दुश्मन की बंदूक से कम नहीं है, अतः जहां बंदूकें चुप होती हैं, वहां ऐसे संस्थानों द्वारा गढ़े गए नैरेटिव बोलते हैं। इस प्रकार की लापरवाही केवल पत्रकारिता की नैतिकता का उल्लंघन नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक हितों के लिए भी खतरा बन जाती है। इसलिए आवश्यक है कि मीडिया संस्थान व आम नागरिक सोशल मीडिया पर राष्ट्र के लिए अधिक जिम्मेदार भूमिका निभाएं और ऐसी संवेदनशील परिस्थितियों में तथ्य-जांच और संतुलन को प्राथमिकता दें। भारत ने इस सूचना युद्ध की चुनौती का दृढ़ता और संकल्प के साथ सामना किया है। सरकार, सशस्त्र बलों, और स्वतंत्र फैक्ट-चेकिंग संस्थाओं ने सक्रिय होकर गलत सूचनाओं का पर्दाफाश किया और वास्तविक तथ्यों को भारत सरकार की प्रेस इनफार्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) के माध्यम से जनता के सामने प्रस्तुत किया है। इस चुनौती का सामना करने के लिए केवल नीतियों और संस्थाओं पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं, बल्कि नागरिकों की जागरुकता, मीडिया की जिम्मेदारी और उन्नत तकनीकी उपायों का उपयोग भी आवश्यक है। यदि भारत सत्य, विवेक, और सामूहिक एकजुटता के साथ आगे बढ़ता है, तो इस संघर्ष में विजयी होना संभव है।

(लेखक रिसर्च फैलो, कश्मीर अध्ययन केंद्र, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विवि हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन मूल्यों का पाठ है योग



संकलित
दर्शन

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए।बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।

# क्या आपकी दुकान में ईश्वर मिलेंगे?



संकलित
प्रेरणा

आठ साल का एक बच्चा एक रुपए का सिक्का मुट्ठी में लेकर एक दुकान पर जाकर कहाः क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे?दुकानदार ने यह बात सुनकर सिक्का नीचे फेंक दिया और बच्चे को निकाल दिया। बच्चा पास की दुकान में जाकर 1 रुपए का सिक्का लेकर चुपचाप खड़ा रहा! लेकिन, उस अबोध बालक ने हार नहीं मानी। एक दुकान से दूसरी दुकान, दूसरी से तीसरी, ऐसा करते करते कुल चालीस दुकानों के चक्कर काटने के बाद एक बूढ़े दुकानदार के पास पहुंचा। उस बूढ़े दुकानदार ने पूछाः तुम ईश्वर को क्यों खरीदना चाहते हो? क्या करोगे ईश्वर लेकर? बच्चे ने बड़े उत्साह से उत्तर दियाः इस दुनिया में मां के अलावा मेरा और कोई नहीं है। मेरी मां दिनभर काम करके मेरे लिए खाना लाती है। मेरी मां अब अस्पताल में हैं। अगर मेरी मां मर गई तो मुझे कौन खिलाएगा? डाक्टर ने कहा है कि अब सिर्फ ईश्वर ही तुम्हारी मां को बचा सकते हैं। क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे? दुकानदारः हां, मिलेंगे! कितने पैसे हैं तुम्हारे पास? बच्चाः सिर्फ एक रुपए। बच्चे की मां का ऑप्रेशन हुआ। और बहुत जल्द ही वह स्वस्थ हो उठीं। डिस्चार्ज के कागज़ पर अस्पताल का बिल देखकर उस महिला के होश उड़ गए। डॉक्टर ने उन्हें आश्वासन देकर कहाः टेंशन की कोई बात नहीं है। एक वृद्ध सज्जन ने आपके सारे बिल चुका दिए हैं। साथ में एक चिट्ठी भी दी है। महिला चिट्ठी खोलकर पढ़ने लगी, उसमें लिखा था, मुझे धन्यवाद देने की कोई आवश्यकता नहीं है। आपको तो स्वयं ईश्वर ने ही बचाया है.. मैं तो सिर्फ एक ज़रिया हूं।

## सटाका




## आज की पाती

### सड़क दुर्घटनाओं के घायलों के लिए अच्छी योजना

केंद्र सरकार ने सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की जान बचाने के लिए अर्थात उनका इलाज करने के लिए कैशलैस ट्रीटमेंट योजना को हरी झंडी दे दी है। यह योजना 5 मई 2025 से शुरू हो गई है और इसके तहत लगभग 1.5 लाख कैशलैस इलाज की व्यवस्था होगी। सरकार ने इस योजना के तहत बहुत से अस्पतालों के साथ सहमति बनाई होगी। सरकार को इस योजना के साथ ज्यादा से ज्यादा अस्पतालों को शामिल करना चाहिए और आमजन को भी चाहिए कि इन अस्पतालों की सूची अपने वाहन में जरूर रखें और इन अस्पतालों की सूची बारे ज्ञान रखें। – **प्रतीक जोशी**, रायगढ़

## ट्रेंड

### जयंती पर नमन



गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि। उन्हें भारत की साहित्यिक व सांस्कृतिक आत्मा को स्वरूप देने के लिए याद किया जाता है। उन्होंने अपने कार्यों के जरिये मानवतावाद पर जोर दिया और लोगों में राष्ट्रवाद की भावना जगाई।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### स्वाधीनता से सौदा नहीं



मेवाड़ मुकुट महाराणा प्रताप की जयंती पर उन्हें शत्-शत् नमन। वीरता, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति कर्तव्यबोध के पर्याय, वीर शिरोमणि, महाराणा प्रताप ने हमें सिखाया कि मातृभूमि की स्वाधीनता से कोई सौदा नहीं किया जाता।
**-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### करदाताओं की ताकत



राफेल जेट और एस-400 सिस्टम यूं ही नहीं बन जाते, वे हमारे करदाताओं की ताकत से बनते हैं। यही कारण है कि जीएसटी कभी भी "गब्बर सिंह टैक्स" नहीं था। यह टैक्स भारत को एकजुट करता है और इसकी सुरक्षा, विकास और लचीलेपन को वित्तपोषित करता है।
**-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### ब्रांड एंबेसडर बनने पर गर्व



महाराष्ट्र के माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा सम्मानित किए जाने पर गौरवान्वित महसूस कर रहा महाराष्ट्र साइबर अपराध विभाग का ब्रांड एंबेसडर बनने पर गर्व है।
**-अमिषा पटेल, अभिनेत्री**

## करंट अफेयर

# ...जब न्यायालय ने कर्नल सोफिया की तारीफ की थी



उच्चतम न्यायालय ने 2020 में भारतीय सेना में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन (पीसी) देने के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कर्नल सोफिया कुरैशी की उपलब्धियों को सराहा था, जो बुधवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर मीडिया को जानकारी देने वाली दो महिला अधिकारियों में शामिल थीं। उच्चतम न्यायालय ने 17 फरवरी, 2020 को अपने फैसले में कहा था कि सेना में 'स्टाफ असाइनमेंट' को छोड़कर सभी पदों से महिलाओं को पूरी तरह से बाहर रखे जाने का समर्थन नहीं किया जा सकता और बिना किसी औचित्य के कमांड नियुक्तियों के लिए उन पर पूरी तरह से विचार नहीं किया जाना कानून सम्मत नहीं हो सकता। सेना में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन (पीसी) की अनुमति देने वाली शीर्ष अदालत ने कहा था कि महिला शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) अधिकारियों को स्टाफ नियुक्तियों के अलावा बाकी कुछ भी हासिल करने पर पूर्ण प्रतिबंध (कोई अन्य जिम्मेदारी हासिल करने से रोकना) लगाना स्पष्ट रूप से सेना में करियर में उन्नति के साधन के रूप में स्थायी कमीशन दिए जाने के उद्देश्य को पूरा नहीं करता है। शीर्ष अदालत ने महिला अधिकारियों द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों का भी उल्लेख किया और कर्नल कुरैशी की उपलब्धियों का उदाहरण दिया।

## ऑफ बीट

# वजन प्रबंधन: फाइबर शरीर का प्राकृतिक मार्गदर्शक



फाइबर स्वस्थ वजन प्रबंधन की कुंजी हो सकता है – और जब आप इसे संपूर्ण खाद्य पदार्थों के रूप में खाते हैं तो प्रकृति इसे कार्ब्स के साथ पूरी तरह से संतुलित अनुपात में रखती है। असंसाधित फल, सब्जियाँ, साबुत अनाज, फलियाँ, मेवे और बीज की बात करें। शोध से पता चलता है कि कार्बोहाइड्रेट को कुल कार्बोहाइड्रेट और फाइबर के प्रकृति–संतुलित अनुपात में पैक किया जाता है। वास्तव में, कुछ प्रकार के फाइबर प्रभावित करते हैं कि आपका शरीर कार्बोहाइड्रेट को पूरी तरह से कैसे अवशोषित करता है और आपकी कोशिकाओं को बताता है कि अवशोषित होने के बाद उन्हें कैसे संसाधित करना है। फाइबर आपकी आंत में शर्करा के अवशोषण को धीमा कर देता है। यह मौलिक जीव विज्ञान को भी व्यवस्थित करता है, जिसमें हाल ही में वेगोवी और ओज़ेम्पिक जैसी ब्लॉकबस्टर वजन घटाने वाली दवाएं काम में आती हैं, लेकिन प्राकृतिक तरीके से। आपका माइक्रोबायोम फाइबर को संकेतों में परिवर्तित करता है जो आंत हार्मोन को उत्तेजित करता है जो इन दवाओं के प्राकृतिक रूप हैं। ये बदले में नियंत्रित करते हैं कि आपका पेट कितनी तेजी से खाली होता है, आपके रक्त शर्करा के स्तर को कितनी मजबूती से नियंत्रित किया जाता है और यहां तक कि आपको कितनी भूख लगती है।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

# राजधानी के दो थाना क्षेत्र में ट्रक ड्राइवर और सोशल मीडिया दोस्त ने शादी का प्रलोभन देकर किया दुष्कर्म, शादी का दबाव बनाया तो किया इंकार

आरोपी ने खुद को कुंवारा बताकर बढ़ाई नजदीकियां पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की

◆ करीब छह साल से पति और बच्चों के संपर्क में नहीं है महिला, पिता के साथ रह रही है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र में ट्रक ड्राइवर द्वारा महिला से दुष्कर्म और दैहिक शोषण का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि खुद को कुंवारा बताकर आरोपी ने उससे नजदीकी बढ़ाई और शादी का प्रलोभन देकर उसका दैहिक शोषण करने लगा। महिला ने उस पर शादी का दबाव बनाया तो वह शादी करने की बात से मुकर गया। पीड़िता ने महिला थाना पुलिस को शिकायत की थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।



पुलिस ने बताया कि 25 साल की महिला शादीशुदा है और पति सहित बच्चों से अलग रही है। वह करीब छह साल से पति और बच्चों के संपर्क में नहीं है। पीड़िता कोहेफिजा इलाके में अपने पिता के साथ रह रही है। पिता जिस कंपनी में काम करते हैं उसी कंपनी में आरोपी अनिल मीणा ट्रक चलाता है। मालिक ने कर्मचारियों के लिए इलाके में ही रहने की व्यवस्था कर रखी है। आसपास रहने के कारण महिला की पहचान अनिल मीणा से हो गई। वर्ष 2023 में दोनों की पहचान हुई थी। अनिल ने उसे बताया कि वह अविवाहित है। दोनों में दोस्ती बढ़ने के बाद आरोपी ने शादी का प्रलोभन देकर पीड़िता से शारीरिक संबंध बनाने शुरू कर दिए। बाद में महिला को पता चला कि अनिल शादीशुदा है, तो उसने अनिल का विरोध किया था। इस पर अनिल ने अपनी पत्नी को तलाक देने की बात कही। लंबा समय बीत गया और अनिल ने शादी नहीं की तो पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया, इस पर आरोपी ने शादी करने से इंकार कर दिया।

### शादी का झांसा देकर युवती से बनाए संबंध

कोहेफिजा पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर सोशल मीडिया फ्रेंड पर दुष्कर्म और दैहिक शोषण का मामला दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि सोशल मीडिया पर दोस्ती होने के बाद आरोपी ने शादी का प्रलोभन दिया और अब शादी से इंकार कर रहा है। पुलिस के अनुसार 26 साल की युवती इलाके में रहती है। वह शादीशुदा है और उसका एक बच्चा भी है। पारिवारिक विवाद के कारण उसने पूर्व पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी और प्रकरण कोर्ट में विचाराधीन है। वर्ष 2023 में उसकी मुलाकात सीहोर निवासी मोहम्मद सलमान से हुई थी। सोशल मीडिया पर दोस्ती के बाद दोनों में बातचीत होने लगी। इस दौरान सलमान भोपाल आया और शादी का प्रलोभन देकर उससे शारीरिक संबंध बनाने लगा। आरोपी सलमान शादी शुदा है और दो बच्चों का पिता है। उसने बीडीए कॉलोनी में किराए का फ्लैट ले रखा था और उसमें पीड़िता के साथ लिव इन रिलेशन में रह रहा था। पीड़िता ने उस पर शादी के लिए कहा तो आनाकानी करने लगा। शादी का दबाव बनाने पर आरोपी ने शादी करने से इंकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई।

### सुबह खिड़की पर फंदे के सहारे लटकी मिली नाबालिग

रातीबड़ थाना क्षेत्र में 10वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि वह मोबाइल पर अपने दोस्त से बातचीत करती थी। परिजन ने उसे बात करने से मना करते हुए मोबाइल ले लिया था। अनुमान है कि इसी बात से दुखी होकर उसने फांसी लगा ली। पुलिस के अनुसार 16 साल की किशोरी थाना क्षेत्र में रहती है और दसवीं कक्षा में पढ़ती थी। गुरुवार रात खाना खाने के बाद वह कमरे में सोने चली गई। शुक्रवार सुबह मां की नींद खुली तो उन्होंने बेटी को खिड़की पर फंदे के सहारे लटके देखा। उन्होंने शोर मचाया तो परिवार के अन्य सदस्यों की नींद खुल गई। इसके बाद उसे फंदे से उतारा गया और एंबुलेंस को कॉल किया गया। मौके पर पहुंची एंबुलेंस उसे लेकर अस्पताल पहुंची, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

#### एक साल पूर्व दर्ज कराई थी दुष्कर्म की शिकायत

पुलिस ने बताया कि पीड़िता ने एक साल पहले एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई थी। बाद में उसी युवक से उसकी मोबाइल पर बातचीत होने लगी। यह बात परिजन को पता चली तो उन्होंने बेटी से मोबाइल ले लिया था।

## खबर संक्षेप



### प्रशिक्षण शिविर में 365 खिलाड़ी शामिल

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 31 मई तक चलेगा। शिविर में अब तक 365 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है। खिलाड़ी प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 8 बजे तक प्रशिक्षण ले रहे हैं। इनमें 175 बालक और 190 बालिकाएं शामिल हैं। हॉकी कोच प्रहलाद राठौर के अनुसार पंजीयन अभी भी जारी है। मंडीदीप में 6 अलग-अलग स्थानों पर 5 खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### परेश नागर के जन्मदिन पर पटवारी ने दी बधाई



**औबेदुल्लागंज।** जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष परेश नागर के जन्मदिन पर जीतू पटवारी, राजकुमार पटेल, शैलेंद्र पटेल, संजय सिंह चौहान, हरजीत सिंह मंगू, उत्तम यादव, बसंत साहू, कमलेश लोधी, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक, मौनी नागर, मनोज खटीक, पंकज नागरानी, दुर्गेश यादव, राजू मेहरा, कमल मालवीय आदि ने शुभकामनाएं दी है।

### आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती पर व्याख्यान कल

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नगर विकास समिति द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य जयंती पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मंडीदीप में आदिगुरु शंकराचार्य की 1237वीं जयंती पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया है। जिसकी जानकारी देते हुए नगर विकास समिति की सचिव राधिका पाल ने बताया कि रविवार 11 मई को दोपहर 4 बजे से वार्ड 13 स्थित गोल्ड पार्क में व्याख्यानमाला आयोजित की गई है, जिसमें मुख्य रूप से आचार्य अमरीष गोस्वामी का व्याख्यान प्राप्त होगा।

### ऑटो चालक ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित पूजा कॉलोनी में शुक्रवार सुबह ऑटो चालक ने फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि वह नशे का आदी था और उसकी पत्नी विवाद के बाद निशातपुरा बच्चों के साथ अपने मायके चली गई थी। पुलिस के अनुसार पूजा कॉलोनी निवासी रंजीत सिंह पिता कमल सिंह (35) ऑटो चालक था। वह शराब पीने का आदि था। आए दिन होने वाले विवाद के कारण उसकी पत्नी बच्चों को लेकर अपने मायके निशातपुरा चली गई।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 1736 | | |
| दिनः | 158 | 47 | 269 |
| रातः | 250 | 79 | 180 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 259 | 69 | 135 |
| रातः | 467 | 79 | 117 |

## डीआईजी बंगला झुग्गी इलाके में गुरुवार देर रात बदमाश ने की वारदात

# शराब के लिए अड़ीबाजी... रुपए नहीं देने पर बदमाश ने चाकू से गोदकर की युवक की हत्या


### परिजन का आरोप एक से अधिक हैं हत्यारे, थाने पहुंचकर परिजन ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित डीआईजी बंगला झुग्गी इलाके में गुरुवार देर रात एक बदमाश ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। युवक को अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या की वजह शराब के लिए मांगे गए रुपए नहीं देने की बात सामने आई है।

पुलिस के अनुसार शाहरुक खान उर्फ मुन्ना (26) इंद्रा सहायता नगर, झुग्गी, टीलाजमालपुरा में रहता था और प्राइवेट काम करता था। आरोपी अमान जेलानी (30) परेवाखेड़ा में रहता है। शाहरुक और अमान एक दूसरे को करीब छह साल से पहचानते हैं। अमान की डीआईजी बंगला झुग्गी इलाके में ससुराल है। गुरुवार रात शाहरुक डीआईजी बंगला झुग्गी इलाके में था। इस दौरान अमान जेलानी उसे मिला और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। शाहरुख ने उसे पैसे नहीं होने की बात कही। इस पर आरोपी भड़क गया और ससुराल से चाकू लाकर शाहरुक पर हमला कर दिया। चाकू पेट में लगने से शाहरुक को गंभीर चोट आई थी। उसे पास ही स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर हमीदिया ले जाने की सलाह दी। हमीदिया पहुंचने पर डॉक्टर ने शाहरुक को मृत घोषित कर दिया।

**शिकायत के बाद पुलिस ने हत्यारे को किया गिरफ्तार**



शाहरुक खान, मृतक

#### परिजन लेकर पहुंचे थे अस्पताल

गुरुवार देर रात हुई इस चाकूबाजी की जानकारी परिजन को मोबाइल पर मिली थी। परिजन मौके पर पहुंचे और शाहरुक को अस्पताल ले गए। टीलाजमालपुरा से डीआईजी बंगला पहुंचने में देरी हो गई थी। लिहाजा खून अधिक बह चुका था। परिजन ने आरोप लगाया है कि हत्या केवल अमान ने नहीं की, बल्कि उसके साथ तीन अन्य लोग थे। जिनके खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज नहीं किया है। शुक्रवार को परिजन थाने पहुंचे और जमकर हंगामा किया।

### छत पर पानी की टंकी खिसका रहा युवक नीचे गिरा, मौत

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित प्रेस कॉलोनी में छत से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। हादसा गत 4 मई की शाम का बताया जा रहा है। दरअसल, वह पानी की टंकी खींच रहा था, तभी कुंदा टूटने से बैलेंस बिगड़ गया और वह नीचे गिर गया। सिर में चोट होने के कारण चार दिन चले इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने बताया कि सचिन सोनी (22) प्रेस कॉलोनी, पिपलानी में किराए से रहता था और औद्योगिक क्षेत्र गोविंदपुरा की कंपनी में काम करता था। उसके परिवार में पिता के अलावा दो छोटे बहन भाई है। मां का तीन साल पूर्व हार्ट अटैक से निधन हो चुका है। पिता सब्जी का ठेला लगाते हैं। गत 4 मई की शाम बारिश होने के बाद शाम को सचिन छत पर पहुंचा। उसने छत पर रखी डेढ़ सौ लीटर पानी की टंकी का कुंदा पकड़ा और उसे खींचकर साइड में करने लगा। इसी बीच टंकी का कुंदा टूट गया और वह छत से नीचे गिर गया। सिंगलेक्स मकान की छत से गिरने के कारण उसे सिर में गंभीर चोट आई थी। पिता और चाचा उसे लेकर एम्स पहुंचे, वहां इलाज के दौरान गुरुवार रात उसकी मौत हो गई।


### सवारी के विवाद में ऑटो चालकों का विवाद, पीठ पर मारी ब्लेड, गंभीर घायल

स्टेशन बजरिया में भोपाल मुख्य रेलवे स्टेशन के बाहर सवारी बिठाने को लेकर हुए विवाद का बदला लेने ऑटो चालक ने अन्य ऑटो चालक की पीठ पर ब्लेड से हमला कर दिया। ब्लेड पीठ पर लगने से उसे गंभीर चोट आई है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। एसआई कुंजबिहारी सिंह ने बताया कि 32 साल का शुभम अहिरवार अशोका गार्डन में रहता है। वह रेलवे स्टेशन क्षेत्र में ऑटो चलाता है। इसी इलाके में बबलू उर्फ जीशान नामक युवक भी ऑटो चलाता है। एक सप्ताह पहले भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-एक के पास सवारियों को जीशान अपने ऑटो में बैठा रहा था, तभी शुभम ऑटो लेकर आगे पहुंच गया। उसने उन सवारियों को बिठाना शुरू कर दिया। सवारी बिठाने को लेकर शुभम और बबलू के बीच विवाद हो गया। विवाद के बाद बबलू बदला लेना चाहता था। गुरुवार रात करीब 10 बजे जीशान को शुभम स्टेशन के पास मिल गया। उसे देखते ही बबलू ने विवाद शुरू कर दिया। इस दौरान बबलू के साथ उसका दोस्त फैसल भी था। दोनों ने मिलकर शुभम से मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच जीशान ने अपने पास रखी ब्लेड से शुभम पर हमला कर दिया। ब्लैड शुभम की पीठ पर लगी था। जीशान और फैसल नवबहार कॉलोनी के रहने वाले हैं।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दंपती को मारी टक्कर, महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित ओवरब्रिज के पास गुरुवार सुबह अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। हादसे के बाद दंपती को अस्पताल ले जाया गया। वहां महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि पति को मामूली चोट होने के कारण उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर मामला दर्ज कर टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल और मुख्य सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक कर रही है।



पुलिस के अनुसार लीलावती पत्नी रामसिंह (45) ग्राम हर्राखेड़ा में रहती थी और गृहणी थी। उसके पति रामसिंह मजदूरी करते हैं। गुरुवार सुबह लीलावति पति के साथ शादी में शामिल होने के लिए मंडीदीप जा रही थी। दंपती सूखी सेवनिया स्थित ओवर ब्रिज के पास पहुंचे ही थे कि उनकी बाइक को पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक चला रहे रामसिंह को मामूली चोट थी, जबकि पीछे से बाइक को टक्कर लगने के कारण लीलावति को गंभीर चोट आई थी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### स्कॉर्पियो की टक्कर से घायल बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत

**भोपाल।** कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित कलेक्टोरेट के सामने तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने स्कॉर्पियो वाहन के चालक पर मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कांग्रेस नगर टीला जमालपुरा निवासी आरिस खान (19) रेडीमेड कपड़ों की दुकान पर काम करता था। उसके पिता बरकतुल्ला खान ड्राइवरी करते हैं। गत 5 मई की रात करीब सवा 12 बजे आरिस खान वीआईपी रोड से कोहेफिजा होते हुए अपने घर कांग्रेस नगर लौट रहा था। कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने पहुंचते ही लालघाटी की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में आरिस खान को सिर, हाथ-पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई थी। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां गुरुवार शाम उसकी मौत हो गई। परिजन का आरोप है कि टक्कर मारने वाले स्कॉर्पियो वाहन का नंबर पुलिस को बताया था, लेकिन अब तक न तो वाहन और न ही वाहन चलाने वाले का पता लगा सकी है।

#### प्रदेश सहित महाराष्ट्र के प्रतिभागी लेंगे हिस्सा

## बैलगाड़ी प्रतियोगिता 14 को विजेता को मिलेगी बाइक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर के समीपस्थ ग्राम पडोनिया में 14 मई को वृषभ जयंती पर बैलगाड़ी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। यह प्रतियोगिता का दूसरा साल है। इसमें मध्यप्रदेश के भोपाल, नर्मदापुरम, निमाड़ के साथ महाराष्ट्र के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में करीब 55 से 60 प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है। जिसके आमंत्रण बांटे जा रहे है।

प्रतियोगिता में पहली पारी की एंट्री फीस 2100 रुपए और दूसरी पारी की 3000 रुपए रखी गई है। विजेताओं को प्रथम पुरस्कार में



बाइक, द्वितीय पुरस्कार में 35 हजार रुपए, तृतीय पुरस्कार में 25 हजार रुपए और चतुर्थ पुरस्कार में 15 हजार रुपए दिए जाएंगे।

आयोजन समिति के अनुसार बैलगाड़ी भारतीय ग्रामीण जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। पहले इसका उपयोग खेतों से फसल ढोने और शादी-विवाह जैसे अवसरों पर किया जाता था। यह प्रतियोगिता ग्रामीण संस्कृति को जीवंत रखने का प्रयास है।



### पटवा ने दी नप उपाध्यक्ष नमिता अग्रवाल को जन्मदिन की बधाई

**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद उपाध्यक्ष नमिता अग्रवाल के जन्मदिन पर शुक्रवार को विधायक सुरेंद्र पटवा ने गुलदस्ता देकर बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा नेता अनिल मौजूद रहे। वागीश अग्रवाल, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, पार्षद सना आमीर ममनून, नेता प्रतिपक्ष राजेश खटीक, पार्षद भारती सेठी, पार्षद हेमलता चौरसिया, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, पार्षद दीपू परमार, अंकित अग्रवाल, आरती यादव, विद्या अग्रवाल, पार्षद प्रीति अनूप चौधरी, राजेंद्र गुड्डू साहू आदि ने जन्मदिन की बधाई दी।

#### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर पटवा ने कहा

## अब भारत सहन नहीं करेगा बल्कि घुसकर जवाब देगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा ने ऑपरेशन सिंदूर पर की सफलता पर कहा कि भारत की सेना और ऑपरेशन सिंदूर के तहत जिस साहस और सटीकता से पाकिस्तान में छिपे आतंकी ठिकानों पर प्रहार किया है वह हर देशवासियों के मन में गर्व और आत्मविश्वास बढ़ाता है।



पटवा ने कहा भारतीय सेना ने आतंकी अड्डों को निशाना बनाकर यह साबित कर दिया है कि अब भारत सहन नहीं करेगा, बल्कि घुसकर जवाब देगा। पाकिस्तान को अब समझ में आ जाना चाहिए, यह वहीं पुराना भारत नहीं, नया भारत है। जो न केवल जवाब देता है, बल्कि दुश्मन की नीव तक हिला देता है। पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुए आतंकी हमले ने हर भारतीय के दिल में ज्वाला जलाई थी। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना की निर्णायक कार्रवाई उस पीड़ा पर मरहम बनकर आई है। हमें गर्व है, अपने प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री पर। जिनकी मजबूत नीति ने सेना को खुली छूट दी और हमें गर्व है उन वीर जवानों पर जो राष्ट्र की सुरक्षा के लिए तत्पर हैं।



### शिविर में हुई जांच, पुलिसकर्मियों की आंखें और दांत मिले कमजोर

**संतनगर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा पुलिस आयुक्त कार्यालय में नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। शिविर में 149 पुलिस कर्मियों के नेत्र, दंत परीक्षण एवं ब्लड शुगर की जांच की गई। रोगियों में 104 पुरुष, 45 महिला शामिल थीं। स्वास्थ्य परीक्षण में 6 रोगियों को ऑपरेशन करवाने की सलाह दी गई, जबकि 70 रोगियों को दृष्टि दोष की शिकायत पाई गई। इनमें से 35 को निःशुल्क चश्में दिए गए।

वहीं दंत परीक्षण के दौरान 110 लोगों को दांतों में तकलीफ पाई गई, उन्हें दवाइयां प्रदान की गई, तथा आवश्यक शल्य क्रिया आदि करवाने का परामर्श दिया गया। शिविर का शुभारंभ डीसीपी श्रद्धा तिवारी और एडीसीपी नीतू ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में समाज सेवी एमडी भगतानी और सतीष बतरा उपस्थित थे।

#### नगर परिषद की 9 बार मुनादी के बाद भी नगर से नहीं हटाया गया अतिक्रमण

# औबेदुल्लागंज नगर परिषद में आपसी मनमुटाव के चलते नहीं हो पा रहे नगर के विकास कार्य, अतिक्रमण से लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद में विकास, सुंदरता और स्वच्छता के लिए नगर से अतिक्रमण हटाने के लिए विधायक सुरेंद्र पटवा ने ढाई साल में करीब 15 से ज्यादा बार फोन पर नगर परिषद को कहा। विधायक पटवा ने ढाई साल पहले नगर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए जेवी गार्डन में व्यापार महासंघ, गणमान्य नागरिकों, पार्षदों की बैठक में मास्टर प्लान पर कार्य करने कि योजना बताई थी। जनवरी 2025 से नगर परिषद ने प्रस्ताव पास किया




कि अतिक्रमण हटाकर दुकानें बनाकर गरीब बेरोजगारों को दुकान दी जाएगी। दुकान बनाने के टेंडर भी हो गए, अतिक्रमण हटाने की मुनादी भी करा दी, मगर अभी तक न अतिक्रमण हटा न ही दुकानें बनी। जनवरी से मई तक 9 बार अतिक्रमण हटाने की मुनादी हुई, मगर मुनादी मज़ाक बन कर रह गई।

औबेदुल्लागंज के व्यापार महासंघ के प्रतिनिधि मंडल से पटवा ने कहा थाा नगर को सुंदर बनाने के लिए 10 करोड़ मिले हैं। पटवा के आह्वान पर व्यापार महासंघ ने पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया, मगर नगर परिषद में आपसी मनमुटाव के चलते विकास कार्य ठप पड़ा है। एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने व्यापार महासंघ की बैठक में कहा था सरकारी जमीन का अतिक्रमण हटाया जाएगा, मगर चार माह से नहीं हुआ। परिषद के अधिकारी न विधायक की सुन रहे हैं, न ही एसडीएम की।

### नगर परिषद में भ्रष्टाचार चरम पर, बजट के बावजूद नहीं होते विकास कार्य

9 पार्षदों की माने तो नगर परिषद में भ्रष्टाचार चरम पर है। बजट खत्म हो जाता है, विकास कार्य होते नहीं हैं। नगर परिषद में पार्षदों ने नई सूचना के तहत जानकारी मांगी थी, मगर वह ढाई साल बाद भी नहीं मिली। नगर परिषद में खींचतान मची है। 13 मार्च 2025 को प्रभारी सीएमओ राजकुमार शर्मा ने चार्ज लिया, तो नगर परिषद में 24 अप्रैल तक युद्ध स्तर पर बिल वाउचर पास हुए, जो रिकॉर्ड है। नए सीएमओ सुधीर उपाध्याय के आते ही नगर परिषद के नौ रत्न में हड़कंप मचा और सारे काम ठप हो गए। नौ पार्षदों, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और बुद्धिजीवियों ने विधायक सुरेंद्र पटवा से आग्रह किया है कि नगर का विकास हो स्वच्छ और सुंदर बने। स्वच्छता एंबेसडर पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा में 2 साल में 25 बार आग्रह कर चुका हूं, नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जाए, मगर कोई सुनता नहीं है। एसडीएम चंद्रशेखर ने कहा कि सब कार्य होंगे, अतिक्रमण भी हटेगा, नगर का विकास भी होगा, स्वच्छ और सुंदर भी बनेगा बस सब्र करो, क्योंकि सब्र का फल मीठा होता है।

#### पार्षद नहीं उतरे उम्मीद पर खरे

बारिश का मौसम आने वाला है। नगर में फिर बारिश का पानी भरेगा, लोग परेशान होंगे। इसके बावजूद नप के जिम्मेदान आंख पर पट्टी बांधे बैठे हैं। नगर के गणमान्य नागरिक, पेंशनर सदस्य एवं प्रबद्धजनों का कहना है कि नगर के मतदाताओं ने जिस आशा और भरोसे के साथ नगर परिषद के पार्षदों को चुना था, वह उन पर खरे नहीं उतर रहे हैं। विधायक पटवा के विश्वास पर उनके योजना अनुसार कार्य नहीं कर रहे हैं। सारे विकास कार्य ठप हैं। संजीवनी अस्पताल, ऑडिटोरियम, नगर परिषद के सामने बनी दुकाने सब अधूरी हैं।

### सुखसागर उदासीन आश्रम में 19 से होगी भागवत कथा

**संतनगर।** उपनगर संत हिरदाराम नगर में सुखसागर उदासीन आश्रम में भागवत कथा का आयोजन किया गया है। इस संबंध में शुक्रवार को सुखसागर उदासीन आश्रम के गदीशीन महंत बाबा रामदास उदासी द्वारा पत्रकार वार्ता एवं संत नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक की। बैठक में बाबा रामदास उदासी ने बताया कि वैसाख माह में आश्रम में भागवत कथा का आयोजन किया है, जिसमें कालपी वृंदावन के राम व श्याम महाराज के मुखारविंद से श्रीमद भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। कथा 19 से 25 मई तक दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक होगी। इसके अलावा 19 मई शाम 4 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी।

# 'सेव अर्थ' का संदेश देते स्कल्पचर और 'आजाद महिला' को दर्शाती चिड़िया की पेंटिंग

## ध्रुपद संस्थान की राग आर्ट गैलरी में राष्ट्रीय चित्रकला व शिल्प कला प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



आज हम सभी प्रकृति को बचाने के लिए सेव नेचर की बात करते हैं लेकिन हकीकत में नेचर को बचाने के लिए कुछ भी कार्य नहीं किया जाता है। जहां एक ओर बड़े-बड़े पहाड़ों को काटकर नया रास्ता बनाया जा रहा है, तो वहीं जमीन खोदकर बांध। इसके साथ ही घरों में प्रयुक्त विद्युत उपकरणों का अत्याधिक प्रयोग भी प्रकृति को हानि पहुंचा रहा है। प्रकृति की प्रति इसी चिंता को अपने स्कल्पचर के माध्यम से दर्शाया प्रेम शंकर प्रसाद ने। जिन्होंने शहर का बड़ा तालाब और उसके चारों ओर की सूखी पड़ी जमीन को बेहतर ढंग से प्रदर्शित किया। प्रेम शंकर का यह आर्ट वर्क प्रदर्शित किया जा रहा है। शुक्रवार से ध्रुपद संस्थान की राग आर्ट गैलरी में आयोजित राष्ट्रीय चित्रकला व शिल्प कला प्रदर्शनी में। पांच दिवसीय इस प्रदर्शनी में देश के अलग अलग कोनों से आए 21 आर्टिस्ट ने अपने आर्ट वर्क को प्रदर्शित किया।

### समन्वय का प्रतीक बनी ब्रिज फार्म की पेंटिंग





वहीं 69 वर्षीय कैथरीन ने अनटाइटल्ड फॉर्म में अपनी पेंटिंग बनाई है, जिसमें उन्होंने हिडन फॉर्म में ब्रिज को दर्शाया। जो समन्वय का प्रतीक है। कैथरीन कहती हैं कि मैंने कोविड के दौरान पेंटिंग बनाने का निर्णय लिया ओर इस पेंटिंग को बनाने में मुझे करीब 2 महीने का वक्त लगा।

### इंडिपेंडेंट महिला और उसके सपनों को दर्शाती पेंटिंग





वहीं दीपा मौर्य ने ऑटो में बैठी उड़ती हुई चिड़िया को दर्शाया। अक्रेलिक फार्म में बनी इस पेंटिंग को बनाने वाली दीपा ने कहा कि इस पेंटिंग के रुप में मैंने एक इंडिपेंडेंट महिला और उसके सपनों को दर्शाया है कि कैसे एक महिला अपने सपनों को पूरा करना चाहती है और पंखों से ऊंची उड़ान भरकर नीले गगन को छूना चाहती है। यह पेंटिंग महिला द्वारा जीवन में लिए निर्णयों को दर्शाती है।



**तनाव भूल केवल नृत्य को जीने वाली महिला की पेंटिंग**

वही प्रांजल गुप्ता ने एक नृत्य करती हुई महिला की पेंटिंग बनाई है। प्रांजल कहती हैं कि नृत्य एक ऐसी कला है जिसके द्वारा आपका बड़े से बड़ा तनाव और दुख भूलकर अपने आप में रम जाते हैं। इसलिए मैंने यह पेंटिंग बनाई और अपने चित्र में कला के इस रुप से औरत की खूबसूरती को बखूबी बयां किया।

### राजस्थानी दर्शन और झरोखों को दर्शाती पेंटिंग



वहीं, मसीहा असलम ने राजस्थानी दर्शन पर आधारित एक्रेलिक फॉर्म में बनी पेंटिंग प्रदर्शित की। जिसमें एक छोटा सा झरोखा है जिसके आस पास राजस्थानी कलाकृति दिखी। झरोखों से सजे महल के आगे हाथी पर सवारी करता महावत मस्ती में घूम रहा है। मसीहा ने कहा कि मैं ऐसी पेंटिंग्स के माध्यम से भारतीय सांस्कृति और पारंपरिक रहन-सहन पहनावे को दर्शाया हैं।

## रवीन्द्र भवन में आयोजित 'जनजातीय शिल्पग्राम महोत्सव' में आए 500 से ज्यादा ट्राइबल आर्टिस्ट

# पद्मश्री जोधइया बाई की याद में उनके पोता-पोती ने लगाई दादी की बनी पेंटिंग्स की प्रदर्शनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



नाती-पोतों का अपने दादा-दादी, नाना-नानी से असीम प्रेम होता है और यही वजह है कि नाती पोते अपने दादा-दादी, नाना-नानी की बनाई हुई असीम धरोहरों को सहेजकर रखते हैं। ऐसे ही एक पोता-पोती हैं, अमर बैगा और रिंकू बैगा जिन्होंने अपनी दादी पद्मश्री जोधइया बाई की याद में उनकी पेंटिंग्स को 'जनजातीय शिल्पग्राम महोत्सव' में प्रदर्शित किया। अमर बैगा ने कहा कि मैं छोटा था तभी से दादी से उनकी कला को सीखा और आज इस काबिल हो पाया हूं कि उनके द्वारा सिखाई कला को प्रदर्शित कर पा रहा हूं। वहीं जोधइया बाई की पोती रिंकू बैगा ने कहा कि मैं बैगा मुखोटों को लाई हूं। बैगा संस्कृति को दर्शाने वाले इन मुखौटों की खासियत है कि इन्हें विवाह आदि अवसरों पर बारातियों के स्वागत के दौरान पहना जाता हैं। जनजातियों द्वारा बनाए गए बैंबू, कॉस्ट आयरन, मिट्टी और मैटल से बने आयटम्स को प्रदर्शित किया जा रहा है जनजातीय कार्य विभाग की ओर से रवीन्द्र भवन में आयोजित जनजातीय शिल्पग्राम महोत्सव में। तीन दिवसीय इस महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने जनजातीय कलाकारों और जनजातीय योद्धाओं की गाथा को साझा किया। इस महोत्सव में मप्र के 500 से ज्यादा ट्राइबल आर्टिस्ट ने जनजातीय कला, संस्कृति व सभ्यता को दर्शाते आर्टवर्क को प्रदर्शित किया। साथ ही 6 जनजातीय फूड स्टॉल भी लगाए गए। जिसमें भील, कोरकू, गोंड और बैगा जनजातियों के पारंपरिक व्यंजन भी दर्शकों को चखने को मिले। वहीं शाम की बेला में जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुति भी दी जाती है।

**दादी से सीखी कला, तब बने इस योग्य**

### बीस सालों से कर रहे बेल मेटल का काम



बैतूल जिले से आए अनिल, बेल मेटल के बने हुए आकर्षक होम डेकोरेटिव आयटम लेकर आए हैं। कांसा, पीतल और तांबा से मिलकर बने बेल मेटल की इन आकर्षक वस्तुओं में हाथी, घोड़ा, गाय, तबला, नंदी, शिव और वाद्य यंत्र बजाते आदमियों की सुंदर प्रतिकृति बरबस ही किसी का भी ध्यान अपनी ओर खींच लेगी। बीस सालों से इस काम को करने वाले अनिल ने कहा कि मेरे पास सबसे कीमती बेल मेटल से बनी वस्तु में बीस हजार कीमत की जनजातीय जोड़ी है।

### प्रकृति-पशु प्रेम दर्शाती सात फिट की गोंड पेंटिंग



वही, डिंडोरी जिले की सतरूपा गोंड पेंटिंग्स की एक से बढ़कर एक वैरायटी लेकर आई हैं। सतरूपा ने कहा कि गोंड पेंटिंग हमारा पुश्तैनी काम है जिसमें मेरे पति, पुत्र सभी मदद करते है। महोत्सव में सतरुपा गुलाबी रंग की सात फिट की गोंड पेंटिंग लेकर आई हैं। जिसमें प्रकृति और पशु के प्रेम को दर्शाया गया है। वहीं गुलाबी रंग प्रेम और मधुरता का प्रतीक है।

### वैवाहिक समारोह में खमेर की लकड़ी के बने मुखोटे लगाकर करते हैं नृत्य



वहीं प्रदर्शनी में अनूपपुर जिले से आईं सोमवती बाई खमेर की लकड़ी के बने मुखोटे लेकर आई हैं। सोमवती कहती हैं कि हमारे यहां या तो इन मुखोटों को लगाकर नृत्य किया जाता है या विवाह समारोह में,इन मुखोटों को लगाकर नृत्य किया जाता हैं। साथ ही वर्तमान में सभ्य समाज के लोग इन मुखोटों को खरीदकर इन्हें घरों में भी सजाकर लगाते हैं।

### शगुन के रूप में दी जाती हैं बांस से बनी 'बोलनी'



महोत्सव में अलीराजपुर जिले से आए कैलाश, बांस से बनी सुंदर डेकोरेटिव टोकनी लेकर आए है। कैलाश कहते हैं कि इस टोकरी को 'बोलनी' कहा जाता है। यह विवाह आदि समारोह में शगुन की टोकनी के रूप में प्रयुक्त होती है। करीब ढाई हजार से साढ़े तीन हजार रुपए कीमत वाली इस बोलनी को बनाने में तीन से चार दिन का समय लगता है। जिसमें शगुन की मिठाई या शगुन के तोहफे रखकर दिए जाते हैं।

## अभिषेक बनर्जी से हरिभूमि की खास बातचीत

# पहले था कास्टिंग डायरेक्टर पहचानता था लोगों का टैलेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



**हरिभूमि चर्चा**

मैं पहले कास्टिंग डायरेक्टर था और लोगों के टैलेंट को पहचानने का काम करता था, लेकिन मेरे टैलेंट को देवाशीष मखीजा ने पहचाना, जिन्होंने जोराम' बनाई थी। उन्होंने मुझे एक डार्क फिल्म अज्जी' में कास्ट किया। उसके बाद अमर कौशिक ने मेरे टैलेंट को पहचाना और उन्होंने मुझे स्त्री' में जना' का रोल दिया, जो मेरे करियर के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। यह कहना है स्त्री, स्त्री-2 भेड़िया और वेदा जैसी फिल्मों में अपने अभिनय से लोगों का दिल जीत चुके अभिनेता अभिषेक बनर्जी का। वे भोपाल में फिल्म बागी बेचारे' की शूटिंग के लिए आए हुए हैं और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन के अनुभव साझा किए।

### मेरे रोल के प्रति लोगों का प्यार पैसों से बढ़कर

उन्होंने कहा कि स्त्री 2 फिल्म की शूटिंग करते वक्त हमें पता था कि हम एक बड़ी फिल्म बना रहे हैं, क्योंकि जिस लेवल पर उस फिल्म की शूटिंग हो रही थी, वह काफी बड़ा था, तो हमें एक उम्मीद जरूर थी स्त्री 2 को अच्छी ओपनिंग मिलेगी, लेकिन यह नहीं पता था कि लोग इसे इतना प्यार देंगे। लोगों का जो प्यार है इस फ्रेंचाइजी को लेकर, तो मुझे लगता है कि वह पैसों से काफी बढ़कर है।

**जॉन ने दिए कॉफी हेल्थ टिप्स**

वेदा' फिल्म की शूटिंग के दौरान जॉन अब्राहम ने मुझे कॉफी हेल्थ टिप्स दिए थे। हालांकि यह अलग बात है कि मैं उन्हें फॉलो नहीं कर पा रहा हूं। जॉन अब्राहम को देखकर किसी को भी प्रेरणा मिल सकती है। उन्हें देखकर लगता है कि इस जीवनकाल में तो उनके जैसा शरीर बनाना संभव नहीं है।

**दर्शकों को हंसाना चैलेंजिंग**

उन्होंने कहा कि दर्शकों को हंसाना काफी चैलेंजिंग है, क्योंकि मुझे लगता है कि मेरा चेहरा डरावना है तो मेरे चेहरे को देखकर डर पैदा हो ही जाता है, लेकिन हंसाना बहुत बड़ी जिम्मेदारी है और मैं भगवान का शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने मुझे एक ह्यूमर और टाइमिंग, मैं ज्यादा चीजों को सीरियसली नहीं लेता हूं।

**बोस का रोल करना चाहूंगा**

अगर मुझे बायोपिक करने का मौका मिले तो मैं जीवन में सुभाषचंद्र बोस का रोल बड़े पर्दे पर जीवंत करना चाहूंगा। मुझे कभी-कभार लगता है कि कैरेक्टर में घुसने का एक लालच यह भी होता है कि बायोपिक में आपको एक ऐसी जिंदगी के बारे में पता चलता है, जिस जिंदगी को किसी ने जिया है और आपको वह जिंदगी वापस जीने का मौका मिलता है। अगर मुझे मौका मिले तो मैं बिल्कुल सुभाष चंद्र बोस की बायोपिक करना चाहूंगा।

## नए पुराने गीतों से सजी सुर साधना म्यूजिकल ग्रुप की संगीत संध्या



# गौहर महल में सदाबहार गीतों की बौछार ने बांधा समां

### सुर साधना म्यूजिकल ग्रुप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सुर साधना म्यूजिकल ग्रुप के 11वें सीजन के अंतर्गत शुक्रवार को गौहर महल में शाम की बेला में संगीत की लहरियों से सजी महफिल ने श्रोताओं का मन मोह लिया। जिसमें शहर के जाने माने गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक सुमधुर गीतों की तान छेड़कर समा को ओर भी मनभावन बना दिया। करीब 20 कलाकारों ने इस गायन प्रस्तुति में भाग लिया और गीतों की तान छेड़ी। कार्यक्रम में जहां संध्या दुराफे ने ए मेरे हमसफर, एक जरा इंतजार...., गाकर समा रंगीन बनाया तो वहीं गायक बसंत बाथरे ने दिल है के मानता नहीं...., सोचेंगे तुम्हें प्यार करें के नहीं.... गाया।

**राजेश ने गाया लगी आज सावन की फिर वो झड़ी है..**

इसके बाद लगी आज सावन की फिर वो झड़ी है..... गाकर राजेश सरीन ने श्रोताओं की खूब तालियां लूटी। गीतों से सजी संध्या की अगली कड़ी में जितेंद्र शर्मा द्वारा नशा यह प्यार का नशा है..... और डॉली सरीन ने रहे ना रहे हम..... सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, मीता श्रीवास्तव द्वारा दईया दईया दईया रे....., पत्रकार सुमीत शर्मा द्वारा बहारों फूल बरसाओ मेरा महबूब आया है....., तुषार द्वारा इस हसीन शाम को....., सोनाली शर्मा द्वारा ओ मेरे सोना रे सोना रे....., जैसे सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दी गई।

# कला में रचनात्मकता को पुनर्जीवित करती एक अनूठी कार्यशाला 'स्पार्क्स ऑफ इमेजिनेशन'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मंजरी हॉल में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला 'स्पार्क्स ऑफ इमेजिनेशन' ने कला और शिक्षा से जुड़ी विविध पृष्ठभूमियों के 45 प्रतिभागियों को एक मंच पर एकत्र किया। चाइल्ड राइट्स ऑब्जर्वेटरी द्वारा आयोजित इस रचनात्मक पहल में कला शिक्षक, विभिन्न विषयों के शिक्षक, स्कूलों के प्रधानाचार्य, विद्यार्थी और गृहणियां शामिल हुईं। कार्यशाला का संचालन अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से जुड़ीं मालविका राजनारायण ने किया। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों की कल्पनाशक्ति को पुनः सक्रिय करना ऐसा अनुभव देना था, जिसमें वे अपनी सहज रचनात्मकता को पहचान सकें और आसानी से अभिव्यक्त कर सकें।

### कला और शिक्षा से जुड़ी विविध पृष्ठभूमियों को उजागर करती कार्यशाला





**चार अनोखी गतिविधियां की गईं आयोजित**

कार्यशाला की मुख्य गतिविधियों में प्रतिभागियों ने एक कागज पर विभिन्न प्रकार की रेखाएं खींची फिर उन रेखाओं में आकर आकृतियां खोजकर एक करेक्टर बनाया। दूसरी गतिविधि थी पासा बनाओ और चित्र बनाओ गतिविधि। जिसमें पासे की सतह पर अलग आकर, चिह्न और रंग अंकित किया। फिर बारी-बारी से अपने बनाए गए कागजी पासे को फेंक कर जो आकर, चिह्न या रंग आया उसी से प्रेरित होकर उन्होंने चित्र गढ़े।


## चिल्ड्रन थिएटर अकादमी ने किया आयोजन

# गुब्बारे के मुखौटे कार्यशाला में बच्चों ने लिया बढ़-चढ़कर भाग

**भोपाल।** चिल्ड्रन थिएटर अकादमी द्वारा गुब्बारे के मुखौटे कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में बालक-बालिकाएं हिस्सा ले रहे हैं। 30 मई तक चलने वाली इस नाट्य पाठशाला में प्रतिभागी को रंगमंच से संबंधित सभी प्रकार की जानकारियां व उनके अनुप्रयोग की समझाइश दी जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को बच्चों को गुब्बारों के प्रयोग तथा उनके मुखौटे बनाने की विधियां सिखाईं और प्रतिभागियों ने मुखौटे एवं गुब्बारे से अनेक प्रकार का सजावटी सामान भी बनाया। जैसे- मुखौटे, साधुकमंडल, नाव, डमरू, फ्लावर पॉट, बाल्टी, गुड्डा-गुड़िया आदि चीजों को बड़े ही मनोयोग ढंग से सूझ और समझ के साथ तैयार किया है।



### निरूपमा खरे को सुभद्रा कुमारी चौहान अवॉर्ड



**भोपाल।** राजधानी की लेखिका निरूपमा खरे को सुभद्रा कुमारी चौहान अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान 18 मई, रविवार को उन्हें प्रयागराज के आर्यकन्या इंटर कॉलेज में प्रदान किया जाएगा। गुफ्तगू कार्यकारिणी द्वारा निरुपमा का चयन किया गया है।

## आकाशवाणी में देशभक्ति पर केंद्रित काव्य गोष्ठी का आयोजन

# तेरी तारीफ में कुछ शेर लिखता क्या, दीवान लिखता हूं...

### लातों के भूतों को अब तो घर में घुसकर मारो रे..

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आकाशवाणी में देशभक्ति पर केंद्रित कविगोष्ठी और मुशायरे का आयोजन किया गया। इसमें उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी, डॉ. एहसान आजमी, डॉ. मीनाक्षी दुबे और सुप्रसिद्ध कवि गीतकार धर्मेंद्र सोलंकी ने अपनी कलम के जादू से देशभक्ति की अलख जगाई। सर्वप्रथम डॉ. मीनाक्षी दुबे ने हे प्रभु कुछ ऐसा वर दो, सब सुखद वातावरण हो.... कविता सुनाई वहीं मशहूर शायर डॉ. एहसान आजमी ने अपनी गजलों से दुश्मन देश को चेतावनी दी तुम्हारे सर से उतारेंगे खुदसरी का खुमार, तुम्हारे जुल्म का पंजा भी हम मरोड़ेंगे। वहीं भारत देश की शान में आपने पढ़ा तुझे हर वक़्त पढ़ता हूं, तुझे हर आन लिखता हूं, तेरी तारीफ में कुछ शेर लिखता क्या, दीवान लिखता हूं।




कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कवि धर्मेन्द्र सोलंकी ने हुंकार भरते हुए कहा चलो जवानों प्रलय मचा दो, दुश्मन को संहारो रे, लातों के भूतों को अब तो घर में घुसकर मारो रे, सेना में है दम, कर दो खेल खतम। जनसमूह का आह्वान करते हुए आपने कहा उगो दिन से नहीं ढलती हुई तुम शाम हो जाओ, अभी भगवान का अवतार तो मुमकिन नहीं लोगों, उठो तुम किसी रावण के खातिर राम हो जाओ। डॉ. नुसरत मेहदी ने मां भारती के प्रति अपनी श्रद्धा को इन शब्दों से व्यक्त किया मेरी हर सांस का अनुबंध तुझसे है, अस्तित्व मेरा ये तेरे सौगंध तुझसे है, सब रिश्ते नाते तुझपे समर्पित है भारती, सबसे बड़ा तो जन्म का संबंध तुझसे है।

बीएमएचआरसी की निदेशक डॉ. मनीषा ने किया मशीन का लोकार्पण

# बीएमएचआरसीः अब मरीज-डॉक्टर को ऑपरेशन के दौरान नहीं होगा संक्रमण, प्लाज्मा स्टरलाइजर मशीन की स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएमएचआरसी में अब किसी भी प्रकार के आपरेशन में मरीज व स्टाफ को संक्रमित होने की संभावना बहुत कम हो जाएगी। शुक्रवार को यहां उपकरणों को कम तापमान में संक्रमण मुक्त करने वाली अत्याधुनिक प्लाज्मा मशीन (लो-टेम क्रिस्टल प्लाज्मा मशीन) स्थापित हो गई है। बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने इस मशीन का लोकार्पण किया। डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि यह मशीन न केवल स्टरलाइजेशन की गति को बढ़ाएगी,



बल्कि उपकरणों की कार्य क्षमता और आयु को भी बनाए रखेगी। यह बीएमएचआरसी द्वारा गुणवत्तापूर्ण व संक्रमण-मुक्त सेवाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ श्रीवास्तव ने बताया कि इस मशीन की स्थापना से बीएमएचआरसी में उपकरणों की उपलब्धता तेज होगी।

## मशीन की प्रमुख विशेषताएं

- तेज प्रक्रियाः यह मशीन केवल 25 से 60 मिनट में उपकरणों को स्टरलाइज कर देती है, जबकि पूर्व में इस्तेमाल होने वाली मशीन में 12 घंटे से अधिक का समय लगता था।
- कम तापमान पर कार्यः यह मशीन कम तापमान प्लाज्मा तकनीक पर कार्य करती है, जिससे उपकरणों को कोई तापीय क्षति नहीं होती।
- संवेदनशील उपकरणों के लिए आदर्शः एंडोस्कोप, लैप्रोस्कोपिक इंस्ट्रूमेंट, कैमरा, फाइबर ऑप्टिक जैसे नाजुक उपकरणों के लिए यह मशीन उपयुक्त है।
- इको-फ्रेंडलीः हाइड्रोजन पेरोक्साइड गैस का उपयोग करती है, जो प्रक्रिया के बाद जल (एच2ओ) और ऑक्सीजन में बदल जाती है जिससे कोई हानिकारक प्रभाव नहीं होता।
- उच्च सुरक्षा मानकः यह मशीन बैक्टीरिया, वायरस, फंगस और स्पोर्स जैसे सभी रोगाणुओं को प्रभावी ढंग से नष्ट करती है।

कैंसर के साथ-साथ ब्लीडिंग इलाज की नई तकनीकों के बारे में दी जाएगी जानकारी

# आज भोपाल में देश भर के डॉक्टर करेंगे ब्लीडिंग और थ्रोम्बोसिस विषय पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज भोपाल

शनिवार से राजधानी भोपाल में देशभर के वरिष्ठ चिकित्सक दो दिन तक रहेंगे और ब्लीडिंग व थ्रोम्बोसिस जैसी घातक बीमारी के बारे में चर्चा करेंगे। यह दो दिनी सेमीनार 10 व 11 मई को आयोजित किया गया है। मौका है 10वें वार्षिक गैस्ट्रोएंटरोलॉजी कांफ्रेंस 'वैसोकॉन 2025' का। कांफ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार ने बताया कि आधुनिक चिकित्सा पद्धति में संक्रमण और कैंसर के साथ-साथ ब्लीडिंग (रक्तस्राव) और थ्रोम्बोसिस (खून का थक्का जमना) मानव जीवन के लिए अत्यंत गंभीर और घातक परिस्थितियां बन चुकी हैं। चाहे शरीर का कोई भी अंग प्रभावित हो, इन दोनों स्थितियों के मूलभूत सिद्धांत समान रहते हैं। बीते वर्षों में रक्त प्रबंधन, डायग्नोस्टिक तकनीकों और संवहनी रोगों के उपचार में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष के कॉन्फ्रेंस का मुख्य विषय रखा गया है।




### कांफ्रेंस में यह विशेषज्ञ होंगे शामिल

*कांफ्रेंस में दिल्ली से डॉ. एसके सरीन, भुवनेश्वर से डॉ एसके आचार्य, डॉ. एसी आनंद, प्रयागराज से डॉ. एसपी मिश्रा, दिल्ली से डॉ. राजेश पुरी, हैदराबाद डॉ. मोहन राम चंदानी, बेंगलुरू डॉ. उमेश जलिहाल, डॉ. सोनल अस्थाना, चड़ीगढ़ डॉ. राहुल भार्गव, मुंबई से डॉ नितिन शेट्टी समेत अन्य राज्यों के विशेषज्ञ भी होंगे शामिल।*

### कांफ्रेंस में इस बार वीडियो वर्कशॉप होगी

कांफ्रेस में देश के विभिन्न राज्यों से गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट, जीआई सर्जन, हेमेटोलॉजिस्ट, इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट और एंडोस्कोपिस्ट आमंत्रित किए गए हैं, जो अपने अनुभव, रिसर्च और क्लिनिकल केस प्रस्तुत करेंगे। कांफ्रेस में व्याख्यान, पैनल चर्चा, संगोष्ठी, वाद-विवाद, केस स्टडीज और वीडियो वर्कशॉप के माध्यम से प्रतिभागियों को उपयोगी और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया जाएगा। कांफ्रेस में इस बार लाइव डेमोन्स्ट्रेशन के स्थान पर उच्च गुणवत्ता वाली वीडियो वर्कशॉप रखी गई है, ताकि प्रतिभागियों को एक अधिक प्रभावी और संरचित लर्निंग अनुभव मिल सके।

**डॉ. आईके चुघ**
मीडिया प्रभारी, वैसोकॉन कांफ्रेंस

## खबर संक्षेप

### गांधी नगर में अवैध पिलर और फाउंडेशन पर चला हथौड़ा

**भोपाल।** गांधी नगर नई बस्ती क्षेत्र में एक भवन के अवैध रूप से बनाए गए आठ पक्के पिलर और फाउंडेशन वर्क को निगम के अमले ने तोड़ दिया। यह कार्रवाई शुक्रवार को की गई। इसके अलावा निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने अयोध्या नगर, भानपुर, कल्याण नगर, अटल बिहारी नगर, 80 फीट जीनियस स्कूल, शिव मंदिर, करोंद चौराहा, अशोका गार्डन, बरखेड़ी एक्सटॉल कॉलेज, लालघाटी विजय नगर ब्रिज के नीचे, हमीदिया अस्पताल गेट नं. दो, 11 मील तिराहा, कोलार डीमार्ट से ललिता नगर तक क्षेत्र से भी अतिक्रमण हटाया। बीमाकुंज, कलियासोत नदी, न्यू मार्केट, सब्जी मंडी, नेहरू नगर, भदभदा से रातीबड़ तक, नई अदालत, एमपी नगर जोन, ज्योति टाकीज, 10 नंबर क्षेत्रों से भी अतिक्रमण हटाए गए।

### परिसर में अवैध शराब की बिक्री, पुलिस आयुक्त से जवाब तलब

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष (कार्यवाहक) मनोहर ममतानी ने भोपाल शहर के सलैया स्थित वार्ड 83 के प्यारेलाल खंडेलवाल परिसर घरौंदा परिसर में विगत महीनों से अवैध शराब बिक्री होने के मामले में संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने पुलिस आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मामले की रिपोर्ट भी तलब की है। आयोग के संज्ञान में आया है कि परिसर के मेन गेट के पास निर्माणाधीन मंदिर के नजदीक कुछ लोगों द्वारा अवैध तरीके से शराब बिक्री का काम कर हैं। इस कारण परिसर में रहने वाले रहवासियों को कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### आजीविका मिशन का ब्लॉक मैनेजर 10 हजार की रिश्वत लेते ट्रैप

**भोपाल।** छिंदवाड़ा जिले में पदस्थ आजीविका मिशन के ब्लॉक मैनेजर को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते लोकायुक्त पुलिस की जबलपुर यूनिट ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मामला जिले के मोहखेड़ विकासखंड का है। यहां मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के ब्लॉक मैनेजर राजीव चौधरी ने लोन की मंजूरी दिलाने के एवज में महिला समिति समूह से 10 हजार की डिमांड की थी। समूह की अध्यक्ष सोनिया बोहत द्वारा लोकायुक्त में शिकायत के बाद शुक्रवार को छापा मारकर राजीव चौधरी को सोनिया बोहत के घर आकर 10 हजार की घूस लेते रंगे हाथ पकड़ लिया गया।

बिना रजिस्ट्रेशन के कैंसर ठीक करने और बाल उगाने का कर रहे थे दावा

# जीना सीखो अस्पताल और बत्रा क्लीनिक पर प्रशासन ने जड़ा ताला


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैंसर की बीमारी को जड़ से खत्म करने का दावा करने वाले वाले जीना सीखो लाइफ केयर लिमिटेड अस्पताल और सिर पर फिर से बार उगाने का झांसा देने वाले डॉ. बत्रा क्लीनिक को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बंद करवा दिया है।

यह दोनों अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन से संचालित हो रहे थे। निरीक्षण के दौरान क्लीनिक संचालक द्वारा प्रशासन की टीम को आवश्यक दस्तावेज नहीं दिखाए जा सके। दस्तावेज प्रस्तुत न किए जाने तक क्लीनिक संचालन बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि शहर की क्लीनिक और अस्पतालों का निरीक्षण के लिए संयुक्त दल गठित किया गया था। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ कार्यपालिक अधिकारी, पुलिस, औषधि प्रशासन के अधिकारी शामिल हैं।

*स्वास्थ्य, प्रशासन, पुलिस, औषधि प्रशासन ने अस्पताल को किया सील*






### शुद्धि आयुर्वेदिक अस्पताल के पास न लाइसेंस न रजिस्ट्रेशन

*शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज हुरमाड़े, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रितेश रावत, औषधि निरीक्षक मनीषा गुर्जर, अनुविभागीय अधिकारी हुजूर कार्यालय से कार्यपालिक अधिकारी जितेंद्र चौहान एवं रातीबड़ पुलिस द्वारा नीलबड़ स्थित शुद्धि आयुर्वेदिक अस्पताल का निरीक्षण किया। ओपीडी, आयुर्वेदिक फार्मेसी, आईपीडी एवं पंचकर्म संचालित है। अस्पताल संचालक ने स्वीकार किया कि उनके द्वारा अस्पताल संचालन के लिए रजिस्ट्रेशन एवं लाइसेंस नहीं है, न ही इस संबंध में आवेदन दिया गया है। अस्पताल में शुद्धि आयुर्वेद मार्केटेड बाय जीना सीखो लाइफ केयर लिमिटेड की दवाइयां पाई गई, लेकिन प्रबंधन ने औषधि विक्रय की अनुमतियां भी नहीं ली थीं। अस्पताल में फायर एनओसी भी नहीं मिली है।*

### भ्रामक दावों से रहें दूर

*अस्पताल एवं क्लिनिक के पंजीयन, उपचार एवं चिकित्सक के बारे में जानकारी लेना मरीज का अधिकार है। निजी स्वास्थ्य संस्थाओं को भी सीएमएचओ कार्यालय द्वारा जारी लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन स्वास्थ्य संस्थानों के प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इलाज के नाम पर भ्रामक दावों से दूर रहें तथा पंजीकृत स्वास्थ्य संस्थाओं में पंजीकृत चिकित्सक से उपचार करवाएं।*

*डॉ. प्रभाकर तिवारी, सीएमएचओ*

### स्वास्थ्य प्रमुख सचिव संदीप यादव ने डीन और अधीक्षक से पूछा, कब शुरू होगी कैथलैब

हमीदिया अस्पताल का किया निरीक्षण

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव संदीप यादव ने शुक्रवार शाम को हमीदिया अस्पताल का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इसमें क्षेत्रीय रेस्पिरेटरी इंस्टीट्यूट की बिल्डिंग के निर्माण को बारीकी से देखा। संदीप यादव ने निरीक्षण के दौरान गांधी मेडिकल कॉलेज की डीन और हमीदिया अस्पताल के अधीक्षक के साथ पीआईयू के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य समय सीमा में पूरे किए जाएं। इसके अलावा बहुमंजिला इमारत के निर्माण में किसी भी प्रकार की गुणवत्ता की कमी न हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ब्लॉक 1 में बनकर तैयार कैथलेब का भी दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि यह नई कैथलेब कब तक तैयार हो जाएगी। अधिकारियों ने जवाब दिया कि दो से ढाई महीने के अंदर इसे शुरू कर दिया जाएगा। फिर उन्होंने पुरानी कैथलेब के बारे में पूछा कि यह कब तक चालू रहेगी, तो अधिकारियों ने बताया कि जैसे ही नई कैथलेब शुरू हो जाएगी, उसके बाद इसे किसी दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने की योजना बनाई जाएगी। क्योंकि अभी जिस भवन में पुरानी कैथलेब चल रही है, उस भवन को भी तोड़कर नई बिल्डिंग बनाने की योजना तैयार हो चुकी है। निरीक्षण के बाद पीएस यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अस्पताल में आने वाले मरीजों के इलाज में किसी प्रकार की कोई कमी न छोड़ें।

फरारी काट रहे आरोपियों का पुलिस ने निकाला जुलूस

# फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले कुख्यात बदमाश जुबेर मौलाना सहित चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



क्राइम ब्रांच, टीला जमालपुरा और मंगलवारा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कुख्यात बदमाश जुबेर मौलाना और उसके साथियों को ईंटखेड़ी स्थित अरवलिया से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने तीन दिन पूर्व रंजिश के चलते साद के दो ठिकानों पर फायरिंग कर दहशत फैलाई थी। शुक्रवार को आरोपियों का जुलूस निकाला गया और उन्हें कोर्ट में पेश किया गया।

पुलिस के अनुसार मंगलवारा और टीला जमालपुरा में 3 दिन पहले जुबेर मौलाना ने अपने गुर्गों के साथ मिलकर रंजिश में साद नामक युवक के दो ठिकानों पर फायरिंग की थी। फायरिंग से इलाके में दहशत फैल गई। फायरिंग की यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश की। इस दौरान पता चला कि आरोपी ईंटखेड़ी स्थित अरवलिया के फार्म हाउस पर अपने साथियों के साथ रुका हुआ है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने दबिश दी, लेकिन आरोपी फरार हो गए। वहां से केवल आरोपी जहीर पकड़ाया था। इसके बाद पुलिस को जानकारी मिली कि जुबेर मौलाना यूनियन कार्बाइड के पास एक जंगल में छिपा है। पुलिस की टीम यूनियन कार्बाइड के पास जंगल में पहुंची और घेराबंदी करते हुए जुबेर और उसके दो अन्य साथियों में शन्नी उर्फ शकील (40) और फैसल खान (27) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि भागने की फिराक में जुबेर मौलाना गिर गया था और उसके पैर में फैक्चर हुआ है। आरोपी जुबेर पहचान छिपाने अपना सिर मुंडवाकर फरारी काट रहा था। आरोपी जुबेर पर कुख्यात बदमाश है। उस पर दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज है। आरोपी जुबेर की गिरफ्तारी के लिए तीस हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था।

युवा वैज्ञानिकों की भूमिका सुनिश्चित करने विषय पर होगी चर्चा

# आरजीपीवी में आज से आयोजित होगा दो दिवसीय सृजन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छात्रों को वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान करने एवं इमर्जिंग प्रौद्योगिकी पर आधारित प्रोजेक्ट कार्य को आ गे बढाने के साथ साथ इनोवेटिव आइडियाज को स्टार्टअप में बदलने की सहायता प्रदान करने के लिए इनोवेट एमपी मिशन के तहत दो दिवसीय सृजन कार्यक्रम राजधानी में आयोजित किया जाएगा। राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विवि, उच्च शिक्षा विभाग एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित होने वाले दो दिवसीय सृजन कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया जा रहा है। दो दिवसीय सृजन कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह दिनांक 10 मई 2025 को सुबह 11 बजे मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग के मंत्रीइन्दर सिंह परमार के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो. राजीव त्रिपाठी करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. मोहन सेन ने बताया कि तकनीकी एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसंधान आधारित शिक्षा को बढावा देने के लिए एवं विकसित भारत 2047 की संकल्पना को साकार करने में युवा वैज्ञानिकों की भूमिका सुनिश्चित करने हेतु सृजन का आयोजन किया जा रहा है।

हमीदिया अस्पताल परिसर में दो जालसाजों ने की वारदात, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

# नरसिंहगढ़ की महिला को नकली नोटों की गड्डी दिखाकर ठगे जेवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नरसिंहगढ़ से हमीदिया अस्पताल इलाज कराने पहुंची महिला से दो जालसाजों ने मंगलसूत्र और कान के टॉप्स ठग लिए। आरोपियों ने पांच सौर रुपए के नोट की गड्डी थमाई थी और उससे जेवरात उतरवा लिए। महिला ने जब गड्डी चेक की तो केवल उसमें पांच सौ रुपए का एक नोट असली था, जबकि नीचे नोट की तरह दिखने वाले कागज थे। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मंजू गोस्वामी पति रविशंकर गोस्वामी (30) मूलतः नरसिंहगढ़ की है। वह नरसिंहगढ़ से हमीदिया अस्पताल इलाज कराने पहुंची थी। गुरुवार सुबह वह अस्पताल परिसर में थी। इस दौरान उसे दो युवक मिले। दोनों ने मंजू से बातचीत की। इस दौरान कहा कि उन्हें जेवर खरीदने है, लेकिन दुकान कहां है पता नहीं। इस दौरान उन्होंने मंजू को कागज में लपटी एक गड्डी दिखाई। गड्डी में पांच सौ रुपए का नोट दिख रहा था।

मंजू ने उन्हें पैसों की जरूरत है। इस पर आरोपियों ने कहा कि आप अपने जेवर दे दो और बदले में यह गड्डी रख लो। मंजू ने पांच सौ रुपए की नोट की गड्डी देखी और अपना मंगलसूत्र समेत कान के टॉप्स उतारकर दे दिए। मंजू एकांत में गई और गड्डी खोलकर देखी। इस दौरान पता चला कि गड्डी में कतरन लगी हुई है।

### विकसित भारत के वास्तुकार की तरह जिम्मेदारियों को पूरा करें अधिकारीः राज्यपाल

**विप्र.भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों से कहा है कि अतिथि देवों भवः के लोकाचार के समान नागरिक देवों भवः के सिद्धांत पर कार्य करने वाले अधिकारी के रूप में पहचान बनाएं। केवल प्रशासक के रूप में नहीं, विकसित भारत के वास्तुकार की तरह जिम्मेदारियों को समर्पण और करुणा के साथ पूरा करें। राज्यपाल पटेल प्रशासन अकादमी के प्रशिक्षु परिवीक्षाधीन भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल से भारतीय प्रशासनिक सेवा वर्ष 2024 के मध्यप्रदेश कॉडर के अधिकारियों ने राजभवन में सौजन्य भेंट की। राज्यपाल को भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी अनिकेत शॉडिल्य ने प्रशिक्षण के अनुभव की जानकारी दी।

छोला स्थित भानपुर मल्टी में हुआ हादसा

# ममेरी बहन का बर्थ-डे मना रही आठवीं की छात्रा तीसरी मंजिल से गिरी, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भानपुर मल्टी में तीसरी मंजिल से गिरकर आठवीं कक्षा की छात्रा की मौत हो गई। हादसा गत 2 मई की रात का बताया जा रहा है। हादसे के समय वह अपनी ममेरी बहन का बर्थ-डे मना रही थी, तभी रेलिंग के पास से नीचे गिर गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।



पुलिस ने बताया कि सिमरन परिहार (17) भानपुर मल्टी छोला में रहती थी और 8वीं कक्षा में पढ़ती थी। उसके पिता की मौत हो चुकी है। परिवार में मां और दो बड़े भाई है। सभी मजदूरी कर परिवार का गुजारा करते हैं। 2 मई को सिमरन के घर की बिल्डिंग में तीसरी मंजिल पर उसके मामा की बेटी का जन्मदिन मनाया जा रहा था। तीसरी मंजिल पर डीजे लगवाया गया और परिवार के सभी लोग डांस कर रहे थे। डांस करते-करते सिमरन थम गई और बालकनी की रेलिंग से टिककर खड़ी हो गई। इसी दौरान रेलिंग के पास से वह एकाएक नीचे गिर गई। करीब तीस फीट की ऊंचाई से गिरने के कारण उसे सिर में और शरीर के अलग अलग हिस्सों में गंभीर चोट आई थी। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, वहां उसका इलाज चल रहा था। 6 दिन तक चले इलाज के बाद गुरुवार सुबह सिमरन की मौत हो गई।

# करुणा बौद्ध विहार में धूमधाम से मनाई जाएगी बुद्ध जयंती, तैयारियों पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया के तत्वावधान में भगवान गौतम बुद्ध की 2587वीं जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी।

इस संबंध में शुक्रवार को तैयारी को लेकर तुलसी नगर में स्थित करुणा बुद्ध विहार में दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया एवं प्रबुद्ध महिला मंडल की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में तय हुआ है कि इस बार बुद्ध जयंती के उपलक्ष्य पर दस वर्ष से अधिक की सभी आयु वर्ग के लगभग 100 उपासक एवं उपासिकाओं को बुद्ध एवं डॉ. बा बा सा हे ब आंबेडकर के जीवन पर आधारित 30 पृष्ठीय सामग्री को अध्ययन के लिए वितरित की जाएगी। इसी सामग्री के आधार पर 10 मई को लिखित परीक्षा होगी, सर्वाधिक मार्क प्राप्त करने वाले को प्रथम पुरस्कार स्वरूप 5000, द्वितीय 3000, एवं तृतीय 2000 रुपए का नकद पुरस्कार बुद्ध जयंती समारोह के मुख्य अतिथि द्वारा दिया जाएगी। इसके अलावा बुद्ध जयंती पर 12 मई को सुबह 11.30 बजे से निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाया जाएगा।

# माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय तक चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें : सबनानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में प्रतिभा 2025 के अंतर्गत आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

गणेश शंकर विद्यार्थी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक भगवानदास सबनानी, विशेष अतिथि प्रकाश हिंदुस्तानी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी द्वारा की गई। कार्यक्रम में 19 सांस्कृतिक एवं 5 खेल प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पत्रकारिता, संचार शोध, मीडिया प्रबंधन विभाग एवं भारतीय भाषा विभाग से निकलने वाली पत्रिकाओं का भी विमोचन किया गया। सबनानी ने कहा कि विश्वविद्यालय आने तक सड़क की समस्या देखने को मिली है। बरसात से पहले समस्या का समाधान कर लिया जाएगा। सबनानी ने कहा कि 100 इलेक्ट्रिक बसें जल्द ही शुरु होने जा रही है। बच्चों को आवागमन में दिक्कत न हो, इसलिए दो से तीन बसें इस क्षेत्र से होकर गुजरेंगी।

# पशुपालन, डेयरी विभाग संचालक, प्रमुख सचिव के कार्यालय के फर्नीचर की कुर्की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिल्ली की एक फर्म से उपकरण खरीदकर उसका भुगतान नहीं किए जाने के मामले में न्यायालय के नजारत विभाग के कर्मचारियों ने शुक्रवार को राज्य शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के संचालक और प्रमुख सचिव के कार्यालय का फर्नीचर व अन्य सामान को कुर्क कर लिया। वर्ष 2003 में पशुपालन एवं डेयरी विभाग को पारुल इंटरप्राइजेज दिल्ली के प्रोपराइटर प्रेम भसीन ने लगभग 40 लाख रुपाए के उपकरण सप्लाई किए थे। इसमें से भसीन को केवल 10 लाख का भुगतान किया गया। प्रेम भसीन ने शेष भुगतान दिलाए जाने के लिए वर्ष 2006 में दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका प्रस्तुत की थी। याचिका पर सुनवाई के बाद 17 दिसंबर 2013 को हाईकोर्ट के तत्कालीन न्यायाधीश जस्टिस मुरलीधर ने पशुपालन एवं डेयरी विभाग को याचिकाकर्ता को मय ब्याज के 40 लाख रुपए भुगतान के आदेश दिए थे। जब विभाग ने भुगतान नहीं किया तो दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश का पालन न किए जाने पर याचिकाकर्ता ने न्यायालय में वर्ष 2019 में वसूली की याचिका प्रस्तुत की थी। अपर जिला न्यायाधीश अनुज अग्रवाल ने 21 जनवरी 2020 को यह मामला भोपाल के प्रधान जिला न्यायाधीश को ट्रांसफर कर दिया।

जांच की धीमी गति का फायदा उठाकर खामियों को किया जा रहा दुरस्त

# डीईओ कार्यालय से बाबू जॉयसन की जांच की फाइल हुई गायब! दस्तावेज भी नहीं दिए, जांच टीम खाली हाथ लौटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ बाबू सीजे जॉयसन इन दिनों पूरे स्कूल शिक्षा विभाग पर भारी नजर आ रहा है। बाबू जॉयसन के खिलाफ स्कूल शिक्षा मंत्री और लोक शिक्षण संचालनालय तक शिकायतें पहुंचने के बाद मामले में संभागीय स्तर पर जांच तो शुरू हो गई है, लेकिन 15 दिनों बाद भी समिति जांच पूरी नहीं कर सकी है।




इधर, विभागीय सूत्रों की मानें तो पूर्व में जॉयसन के खिलाफ डीईओ स्तर पर हुई शिकायतें, प्रतिवेदन और इनकी फाइलें गायब हो गई हैं, जो टीम को नहीं मिली हैं। वहीं, जो दस्तावेज टीम द्वारा मांगे गए हैं, वह अब तक उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। इसका सबसे बड़ा कारण शिकायतों के बाद भी जॉयसन का उसी विभाग में तैनात होना बताया जा रहा है। विभागीय गलियारों में यह चर्चा है कि समिति की जांच की धीमी गति का फायदा उठाते हुए खेल शाखा एवं आयोजन की फाइलों को अपडेट किया जा रहा है और इसकी खामियों को पूरा किया जा रहा है। इसके पहले भी जॉयसन को तत्कालीन डीईओ नितिन सक्सेना द्वारा खेल शाखा व आयोजन व्यवस्था से हटाया था, लेकिन आदेश पर अमल नहीं हुआ। हालांकि विभाग के अधिकारी इस बात से इंकार कर रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी एनके अहिरवार का कहना है कि इस प्रकार की कोई जानकारी उन्हें नहीं है।

### जांच कराई जाएगी

*मामले में हमारी टीम जांच रही है और जल्द ही रिपोर्ट भी मुख्यालय को भेजी जाएगी। अगर किसी प्रकार की कार्यालय के अभिलेखों में छेड़छाड़ की जा रही है, तो इसकी भी जांच कराई जाएगी और नियमानुसार कार्रवाई होगी।*

*अरविंद चौरगढ़े, संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, संभाग भोपाल*

असम के सीएम सरमा का कांग्रेस पर बड़ा तंज

# जीएसटी ने देश को दिए राफेल और एस-400 जैसे घातक हथियार

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने जीएसटी की तारीफ करते हुए इसे ईश्वर का आशीर्वाद बताया, जो भारत को एकजुट करता है। उन्होंने कहा कि जीएसटी कभी भी गब्बर सिंह टैक्स नहीं था। असम



सीएम की टिप्पणी को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज माना जा रहा है, जिन्होंने अपने एक बयान में जीएसटी की आलोचना करते हुए इसे गब्बर सिंह टैक्स बताया था। सीएम सरमा ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि राफेल लड़ाकू विमान और एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम यूं नहीं नहीं आ गए हैं। बल्कि ये हमारे करदाताओं की ताकत से बने हैं। यही वजह है कि जीएसटी कभी भी गब्बर सिंह टैक्स नहीं था। ये तो ईश्वर द्वारा भेजा गया टैक्स है, जो भारत को एकजुट करता है और देश की सुरक्षा, विकास और इसके जुझारूपन को वित्तपोषित करता है।

### ये अभेद्य सुरक्षा कवच हमारे करदाताओं की ताकत से बने

जीएसटी को बताया ईश्वर का आशीर्वाद, कांग्रेस ने बताया था गब्बर सिंह टैक्स



### लड़ाकू विमान और डिफेंस सिस्टम युद्ध में अहम

भारत पाकिस्तान के बीच इन दिनों संघर्ष छिड़ा हुआ है, जिसमें भारत के राफेल लड़ाकू विमान और एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम अहम भूमिका निभा रहे हैं। राफेल लड़ाकू विमानों ने जहां बीते बुधवार को पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर हमले में अहम भूमिका निभाई। वहीं एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने बुधवार की रात पाकिस्तान के हमले को नाकाम किया। एस-400 ने पाकिस्तान के सभी ड्रोन्स और मिसाइल को हवा में ही तबाह कर दिया।

### एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की खासियतें

एस-400 वायु रक्षा प्रणाली उपकरणों का एक नेटवर्क है, जिसे हवाई खतरों से निपटने के लिए किसी विशिष्ट क्षेत्र में तैनात किया जाता है। यह दुश्मन के लड़ाकू विमानों, मिसाइलों और ड्रोन्स को हवा में ही निशाना बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम को भारतीय वायुसेना के सबसे ताकतवर हथियारों में से एक माना जाता है। यह किसी भी संभावित खतरे को हवा में ही तबाह करने में सक्षम है। एस-400 मिसाइल सिस्टम को चीन और पाकिस्तान के खतरे को ध्यान में रखकर तैनात किया गया है। इसकी रेंज 40 से 400 किलोमीटर के बीच है। भारत और रूस के बीच साल 2018 में एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम का सौदा हुआ था। सौदे के तहत भारत को एस-400 मिसाइल सिस्टम की तीन रेजीमेंट मिल चुकी हैं। भारत को अभी दो और रेजीमेंट मिलनी हैं, लेकिन उनमें देरी हुई है और अब उनके साल 2026 में मिलने की उम्मीद है।



### राफेल का नहीं कोई तोड़, दुश्मन चाहे जितना लगा ले जोर

राफेल लड़ाकू विमान भारत ने फ्रांस से खरीदे हैं। ये विमान महज एक मिनट में 60 हजार फीट की ऊंचाई तक जा सकता है। राफेल की अधिकतम स्पीड 2,130 किमी/घंटा और 3700 किलोमीटर तक मारक क्षमता। अधिकतम भार उठाकर इसके उड़ने की क्षमता 24500 किलोग्राम है। यह परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। विमान में ईंधन क्षमता 17 हजार किलोग्राम है। यह दो इंजन वाला लड़ाकू विमान है, जो हर तरह के मिशन में भेजा जा सकता। 24,500 किलो उठाकर ले जाने में सक्षम राफेल लड़ाकू विमान 60 घंटे अतिरिक्त उड़ान की गारंटी देता है। 150 किलोमीटर की दूरी तक इससे दागी जाने वाली मिसाइल दुश्मन की नजर में जल्दी से नहीं आती। साथ ही यह हवा से जमीन पर मार करने में भी सक्षम है। राफेल जेट स्कैल्प मिसाइल से लैस है। स्कैल्प मिसाइल की रेंज 300 किलोमीटर है।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी ने टैगोर की जयंती पर श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने नोबेल पुरस्कार से सम्मानित रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर



शुक्रवार को उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यों के जरिए मानवतावाद पर जोर दिया और लोगों में राष्ट्रवाद की भावना प्रज्वलित की। पीएम मोदी ने कहा कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि।

### सिमलिपाल उद्यान में 3 शिकारी गिरफ्तार

**बारीपदा।** ओडिशा वन विभाग के अधिकारियों ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है जो सिमलिपाल



राष्ट्रीय उद्यान में जंगली जानवरों का शिकार करने की कोशिश कर रहे थे। इन शिकारियों को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया और मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### हथियारों की आपूर्ति में शामिल 4 पर चार्जशीट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने नक्सलियों और अन्य आपराधिक तत्वों को हथियारों की



आपूर्ति में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार 4 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। विकास कुमार, सत्यम कुमार, देवमणि राय और अहमद अंसारी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है, शस्त्र अधिनियम के आरोप हैं।

### कुए में जहरीली गैस ने ली 3 की जान

**नूंह।** जिले के मांडी खेड़ा गांव में एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ है। इसमें कुएं में जहरीली गैस



की चपेट में आने से 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। यह घटना सुबह करीब 10 बजे हुई, जब 19 वर्षीय मोनिस, मुरादाबाद निवासी, सफाई के लिए एक पानी के कुएं में उतरा। मीथेन होने की अटकलें हैं।

### जैसलमेर में पटाखे जलाने, बेचने पर बैन

**जैसलमेर।** पाकिस्तान के साथ सीमा पर बढ़ते तनाव के कारण राजस्थान के सीमावर्ती जोधपुर,



जैसलमेर, बीकानेर और गंगानगर जिले अलर्ट पर हैं। जैसलमेर जिला प्रशासन ने आदेश दिया है कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए जिले में पटाखे की दुकानें बंद रहेंगी। इस दौरान पटाखे जलाना, बेचना और खरीदना भी प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन ने सख्ती से अमल करने को कहा है।

### चंडीगढ़ स्थित पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट में भी दिखा तनाव का असर

अदालत ने हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के फैसले पर जताई नाराजगी, भड़क गए चीफ जस्टिस

# वकीलों को कार्य स्थगन पर फटकारा, हमारी सेना युद्ध लड़ रही और आप घर बैठकर आराम फरमाना चाह रहे

बार एसोसिएशन ने नो वर्क डे मनाने का किया था फैसला



एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

भारत-पाक तनाव और जंग के हालात का असर अब कई शहरों में दिखने लगा है। कई शहरों के लिए जहां हवाई उड़ानें रद्द की गई हैं। वहीं चंडीगढ़, सिरसा से अमृतसर और कटड़ा जाने वाली रोडवेज बसें बंद कर दी गई हैं। चंडीगढ़ से छात्रों की घर वापसी शुरू हो गई है। चंडीगढ़ स्थित पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट में भी इस तनावपूर्ण हालात का असर देखने को मिला, जब वकीलों के संघ ने दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण माहौल का हवाला देकर शुक्रवार को काम बंद रखने का फैसला किया। इस पर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू ने कड़ी आपत्ति जताई है।

जस्टिस नागू ने कोर्ट रूम में ही दोनों देशों के बीच तनाव के मद्देनजर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा शुक्रवार को न्यायिक कार्य स्थगित करने के निर्णय पर नाराजगी जताई और कहा कि सेना युद्ध लड़ रही है लेकिन आप लोग घर पर बैठकर आराम करना चाहते हैं। बार एसोसिएशन ने युद्ध जैसे हालात के मद्देनजर शुक्रवार को नो वर्क डे मनाने का फैसला किया था और हाई कोर्ट से कोई भी प्रतिकूल आदेश पारित नहीं करने का अनुरोध किया था।

### वकील ने सुनवाई स्थगित करने की मांग उठाई

शुक्रवार को हाई कोर्ट से वकील गायब रहे। कोर्ट को अधिकांश मामलों को स्थगित करना पड़ा। जब चीफ जस्टिस नागू और जस्टिस सुमित गोयल की पीठ ने पंजाब और हरियाणा के बीच जल बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद से संबंधित एक याचिका की सुनवाई करना शुरू किया तो पंजाब सरकार की ओर से पेश वकील ने एसोसिएशन के कार्यस्थगन का हवाला देकर मामले की सुनवाई स्थगित करने की मांग की तो जस्टिस नागू भड़क गए।

**काम बंद करने का आह्वान दुर्भाग्यपूर्ण**

इस दौरान जस्टिस नागू ने कहा कि काम बंद करने का आह्वान दुर्भाग्यपूर्ण है। मैंने आपके बार एसोसिएशन के अध्यक्ष से भी कहा है। खासकर तब, जब सेना लड़ाई लड़ रही है, और आप घर पर बैठकर आराम फरमाना चाहते हैं। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि संस्थाओं को काम करना जारी रखना होगा। हमें भी काम करना होगा, नहीं तो देश की पूरी व्यवस्था ठप्प हो जाएगी।

अवमानना से नाराज सुप्रीम कोर्ट ने दिया बड़ा फैसला

## आदेश की अवहेलना कानून के शासन की नींव पर हमला, डिप्टी कलेक्टर को तहसीलदार बनाएं

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना करने से नाराज सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश सरकार के एक अधिकारी को पदावनत करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना करने वाले डिप्टी कलेक्टर को पदावनत कर तहसीलदार के पद पर नियुक्ति करें। दरअसल उच्च न्यायालय ने आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले में झोपड़ियां न हटाने का निर्देश दिया था, लेकिन अधिकारी ने उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना की। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने पर कड़ी नाराजगी जताई। पीठ ने कहा कि प्रत्येक अधिकारी, चाहे वो कितने भी ऊंचे पद पर क्यों न हो, वह अदालत द्वारा पारित आदेशों का सम्मान करने के लिए बाध्य हैं। पीठ ने कहा कि न्यायालय के आदेश की अवहेलना कानून के शासन की उस नींव पर हमला है, जिस पर हमारा लोकतंत्र आधारित है।



### कानून के ऊपर कोई नहीं

पीठ ने कहा कि हम नरम रुख अपनाते हैं, लेकिन सभी को यह संदेश दिया जाना चाहिए कि कोई भी व्यक्ति, चाहे वह कितना भी ऊंचा क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं है। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के उस आदेश की पुष्टि की, जिसमें अधिकारी को उच्च न्यायालय के आदेश की जान-बूझकर और पूरी तरह से अवज्ञा करने का दोषी पाया गया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारी को दो महीने जेल की सजा सुनाने वाले उच्च न्यायालय के आदेश को संशोधित किया। पीठ ने कहा, 'हम सजा को संशोधित कर रहे हैं और याचिकाकर्ता को उसकी सेवा के पदानुक्रम में एक स्तर की कमी करने की सजा सुनाई जाती है।

**अधिकारी पर एक लाख का जुर्माना भी**

जिस अधिकारी को पदावनत करने का आदेश दिया गया है, उन्हें साल 2023 में तहसीलदार पद से ही डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नति दी गई थी। पीठ ने अधिकारी पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाने का भी आदेश दिया है। न्यायमूर्ति गवई ने आदेश देते हुए कहा कि हम चाहते हैं कि पूरे देश में यह संदेश जाए कि अदालत के आदेश की अवमानना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

महिला सैन्य अधिकारियों को स्थायी कमीशन नहीं देने पर की टिप्पणी

### उनका मनोबल न गिराएं, सुनवाई तक सेवामुक्त न करें

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कहा कि वह शॉर्ट सर्विस कमीशन की महिला सैन्य अधिकारियों को सेवा मुक्त न करे, जिन्होंने उन्हें स्थायी कमीशन देने से इनकार करने के फैसले को चुनौती दी है। मौजूदा स्थिति में उनका मनोबल नहीं गिराया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने 69 अधिकारियों द्वारा दायर याचिकाओं को अगस्त में सुनवाई करेगी।

**सेवा मुक्त करने पर कोई रोक नहीं लगाने का आग्रह**

शीर्ष अदालत से याचिकाकर्ता महिला सैन्य अधिकारियों को सेवा मुक्त करने पर कोई रोक नहीं लगाने का आग्रह किया गया और कहा कि सेना को युवा अधिकारियों की जरूरत है और हर साल केवल 250 कर्मियों को स्थायी कमीशन दिया जाता है।

**महिलाओं को बाहर रखा**

गुरुस्वामी ने कहा कि कर्नल कुरैशी को स्थायी कमीशन से संबंधित इसी तरह की राहत के लिए कोर्ट आना पड़ा था। पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत के समक्ष मामला पूरी तरह कानूनी है, इसका अधिकारियों की उपलब्धियों से कोई लेना-देना नहीं है।

### रेलवे की तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली से जुड़ी याचिका पर सुनवाई से किया इनकार


उच्चतम न्यायालय ने उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें केंद्र को आईआरसीटीसी तत्काल बुकिंग प्रणाली की तकनीकी खामियों की पहचान कर इन्हें सुधारने के लिए गहन ऑडिट कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। ये टिकट रेल यात्रा से एक दिन पहले बुक किए जा सकते हैं और इस श्रेणी के अंतर्गत सीमित संख्या में सीट उपलब्ध होती हैं।

**याचिका में कई खामियों को गिनाया**

याचिका में आईआरसीटीसी की तत्काल बुकिंग प्रणाली का गहन ऑडिट कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था, ताकि 'खामियों' की पहचान कर इन्हें दूर किया जा सके।

बाबा को 'रूह अफजा' पर राहत

## कोई 'आपत्तिजनक' टिप्पणी नहीं करेंगे, कोर्ट ने मामला बंद किया



■ हलफनामों में दिए गए कथन बाध्यकारी होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने योग गुरु रामदेव द्वारा हमदर्द के रूह अफजा के खिलाफ कोई भी अपमानजनक टिप्पणी न करने का वचन देने के बाद मामला बंद कर दिया। न्यायमूर्ति अमित बंसल ने कहा कि रामदेव और पतंजलि फूड्स लिमिटेड द्वारा अपने हलफनामों में दिए गए कथन उनके लिए बाध्यकारी हैं और उन्होंने हमदर्द नेशनल फाउंडेशन इंडिया के पक्ष में मुकदमे का फैसला सुनाया। अदालत ने विवादास्पद ऑनलाइन सामग्री को हटाने का आदेश दिया था। हमदर्द ने दावा किया कि पतंजलि के गुलाब शरबत का प्रचार करते हुए रामदेव ने आरोप लगाया कि हमदर्द के रूह अफजा से अर्जित धन का उपयोग मदरसों और मस्जिदों के निर्माण में किया गया।

### शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि



**लखनऊ।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच, लखनऊ के मनकामेश्वर मंदिर में शांति और शहीद भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए महंत दिव्या गिरि ने हवन किया।

स्टार्टअप के वित्तपोषण, शोध और विकास को बढ़ावा मिलेगा

## 10 करोड़ तक के ऋण के लिए गारंटी कवर की सीमा बढ़ाकर 85 फीसदी की

गुरुवार को ही केंद्रीय कैबिनेट ने दी थी इसकी मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्टार्टअप फर्मों के लिए संशोधित कर्ज गारंटी योजना से उन्हें ऋण देने से जुड़ा जोखिम कम होगा जिससे शोध एवं विकास करने और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के सृजन के लिए उन्हें अधिक वित्तीय मदद मिल सकेगी। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। गुरुवार को ही संशोधित 'स्टार्टअप के लिए ऋण गारंटी योजना' (सीजीएसएस) को मंजूरी दी थी, जिसमें प्रति उधारकर्ता गारंटी




कवर की सीमा 10 करोड़ से 20 करोड़ की है। इसका उद्देश्य स्टार्टअप कंपनियों को वित्तपोषित करने संस्थानों द्वारा ऋण साधनों पर निर्दिष्ट सीमा तक गारंटी देना है। यह योजना स्टार्टअप कंपनियों को बेहद जरूरी गारंटी-मुक्त ऋण मुहैया कराने में मदद करेगी।

### अधिक वित्तीय प्रवाह और मार्ग उपलब्ध होगा

इससे स्टार्टअप के लिए शोध एवं विकास, प्रयोग करने और अत्याधुनिक नवाचार,प्रौद्योगिकियों के सृजन के लिए अधिक वित्तीय प्रवाह और मार्ग उपलब्ध हो सकेगा। योजना में कंपनियों को 10 करोड़ तक के ऋण के लिए गारंटी कवर की सीमा 85 और इससे अधिक के लिए 75 प्रतिशत कर दी है। देश में स्टार्टअप कंपनियों के लिए एक जीवंत पारिस्थितिकी तैयार करने एक कार्ययोजना 16 जनवरी, 2016 को शुरू की गई थी।

मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पूर्वानुमान जारी किया

आगामी 4-5 दिन तक बारिश की संभावना जताई

## पूर्वी भारत में लू चलेगी, कई भागों में होगी बारिश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वी भारत में शनिवार से लू चल सकती है। 4-5 दिन तक उत्तर-पश्चिम और मध्य भागों में बारिश और गरज के साथ



बारिश की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने बताया 13 मई तक पूर्वोत्तर में भारी बारिश, गरज और बिजली गिरने की संभावना है। 11-12 मई के दौरान ऊपरी हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के अलग-अलग इलाकों, 10-14 मई के दौरान बंगाल में, 11-14 मई को बिहार और ओडिशा, 12-12 मई में झारखंड और 14-15 मई को उत्तर प्रदेश में लू चलेगी।

### बंगाल, ओडिशा और झारखंड में चलेंगी गरम हवाएं




**बारिश की संभावनी जताई थी**

इस महीने की शुरुआत में आईएमडी ने कहा था कि मई में भारत के अधिकतर हिस्सों में सामान्य से अधिक गर्मी देखने को मिल सकती है। लेकिन कभी-कभी आंधी-तूफान से गर्मी पिछले साल के भीषण स्तर तक नहीं पहुंच पाएगी। महापात्रा ने कहा था कि उत्तर-पश्चिम, मध्य और उत्तर-पूर्व के कुछ इलाकों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है।

**बंगाल में 12 मई तक गर्मी और सूखे की स्थिति**

10 मई से दक्षिण बंगाल के कुछ जिलों और उत्तर बंगाल के कुछ हिस्सों में लू चलने की संभावना है। दक्षिण बंगाल के अधिकांश स्थानों पर 12 मई तक गर्मी और सूखे की स्थिति बने रहने की संभावना है, इस क्षेत्र में शुष्क हवाएं पश्चम से उत्तर-पश्चिम की ओर चलेंगी।

### देश में 72 दिन लू के केस दर्ज

महापात्रा ने बताया कि अप्रैल में देश में 72 दिन लू के दर्ज किए गए। अप्रैल में राजस्थान और गुजरात में सामान्य से अधिक लू के दिन (छह से 11 दिन) और पूर्वी मध्य प्रदेश और विदर्भ में (चार से छह दिन) दर्ज किए गए, जबकि सामान्य तौर पर दो से तीन दिन होते हैं। पूर्वी-मध्य भारत, महाराष्ट्र और उत्तरी प्रायद्वीपीय भारत के आस-पास के हिस्सो में एक से तीन दिन लू के दर्ज किए गए, जो सामान्य से दो से तीन दिनों से थोड़ा कम है।

ओडिशा के मुख्यमंत्री माझी बोले

## वक्फ अधिनियम न्यायसंगत बना, संदेह होगा तो दूर करेंगे



■ कानून पर विपक्ष गलतफहमी फैला रहा

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को न्यायसंगत और उद्देश्यपूर्ण बताते हुए लोगों से आह्वान किया कि यदि उन्हें कोई संदेह है तो वे आगे आएं, उनके संदेह को दूर किया जाएगा। माझी ने यह बात गुरुवार शाम नए वक्फ अधिनियम पर एक परामर्श कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही जिसमें ओडिशा के विभिन्न धर्मों और जिलों के 250 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। माझी ने कहा कि इस अधिनियम को लेकर कई गलतफहमियां हैं। हालांकि, इसमें प्रावधान न्यायसंगत और उद्देश्यपूर्ण हैं। यदि आपको कोई संदेह है तो उसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

# पाकिस्तानी झंडा फेंका, बलूचिस्तानी झंडा फहराया, 194वां देश बनेगा बलूचिस्तान किया दावा, यूएन में मान्यता के लिए लिखा पत्र, दिल्ली में जल्द बनाएंगे दूतावास!






## टुकड़ों में बंटा पाकिस्तान! बलोच लोगों ने भरी आजादी की हुंकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक सैन्य कार्रवाई से पाकिस्तान बुरी तरह क्षत-विक्षत हो चुका है। भारतीय सेना पाकिस्तान की ओर से किए जा रहे हर दुस्साहसिक हमले को नाकाम कर रही है। इसी बीच पाकिस्तान को एक और बड़ा झटका लगा है। बलूचिस्तान के लोगों ने पाकिस्तानी झंडे को उतार कर फेंक दिया है। पाकिस्तान के कब्जे से लंबे समय से स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ रहे बलोच लोगों को अब ऐतिहासिक सफलता मिली है। बलोच जनता ने अपने क्षेत्र में पाकिस्तानी झंडे उतारने शुरू कर दिए हैं और उनकी जगह बलूचिस्तान के राष्ट्रीय झंडे गर्व से फहराए जा रहे हैं। पाकिस्तान ने जिस बलूचिस्तान को दशकों से दमन और अत्याचार में रखा गया, वहीं से अब आजादी की सबसे बुलंद आवाज उठ रही है। बलोच लोग अब अपने अधिकारों के लिए खड़े हो गए हैं और पाकिस्तान की एकता को खुली चुनौती दे रहे हैं। वहीं लंबे समय से पाकिस्तानी सेना के अत्याचार को सहने वाले बलूचिस्तान के लोगों के लिए ये समय सुकून देने वाला है। लोगों को जल्द ही पाकिस्तान से मुक्ति मिलने वाली है। इसी को लेकर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। देश के कई हिस्सों में लोग बलूचिस्तान का झंडा फहराकर जश्न मना रहे हैं।

### बलूच अपनी संस्कृति को बचाना चाह रहे



*बलूचिस्तान को लेकर पाकिस्तान के सामने मौजूदा मुद्दा सिर्फ आजादी का है और बलूच अपनी संस्कृति को पाकिस्तान से बचाना चाहते हैं। 1948 से चले आ रहे इस विद्रोह ने अब और तेजी पकड़ ली है। हाल ही में सैन्य संघर्ष के बाद बलूचिस्तान के नेता और लेखक मीर यार बलोच ने, बलूचिस्तान की आजादी का दावा किया है। उन्होंने कहा कि गैर बलूच कर्मचारी तत्काल बलूचिस्तान छोड़ दें। साथ ही वहां के ज्यादातर सरकारी दफ्तरों से पाकिस्तान का झंडा हटाकर, आजाद बलूचिस्तान का झंडा भी लगा दिया गया है। मीर यार बलोच ने यूनाइटेड नेशन्स से भी बलूचिस्तान में शांति सेना भेजते हुए उनके देश को लोकतांत्रिक गणराज्य की स्वतंत्र मान्यता देने का लिखित अनुरोध किया है। इसके अलावा भारत से कहा है कि, वह बलूचिस्तान के आधिकारिक कार्यालय और दिल्ली में दूतावास की इजाजत दे। मीर यार जल्दी स्वतंत्रता की परेड कराने और उसमें अपने मित्र देशों को बुलाने का दावा भी कर रहे हैं। अब देखना होगा कि यूएन कब उन्हें मान्यता देता है और दिल्ली में बलूचिस्तान की एंबेसी कहां खुलती है।*

## जय भारत और जय बलूचिस्तान का नारा गूंजा



मीर यार लगातार भारत के समर्थन में पोस्ट कर रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि, प्रिय 140 करोड़ भारतीय भाइयों और बहनों, हम दो महान सभ्यताएं हैं। हम आपके साथ अपनी रोटी बांटते हैं, अपने सुख-दुख साझा करते हैं, और जब हम दोनों पर हमला होता है, तो आइए अपनी गोलियाँ भी साझा करें - ताकि हम मिलकर भारत माता और मातृभूमि बलूचिस्तान की रक्षा कर सकें। हमारी गोलियां हिंगलाज माता मंदिर की रक्षा करेंगी। हमारी गोलियां हमारे हिंदू भाइयों-बहनों को जबरन धर्मांतरण से बचाएंगी। हमारी गोलियां शांति लाएंगी और यही गोलियां आपकी विजय का मार्ग बनाएंगी। जय भारत! जय बलूचिस्तान!

### मदद के नाम पर जिन्ना का धोखा

1946 में, जब ब्रिटेन से आजादी की संभावना दिख रही थी, तो कलात के खान ने कलात की आजादी की वकालत करने के लिए मोहम्मद अली जिन्ना को अपना वकील नियुक्त किया था। इसके बाद, 1947 में दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक में लॉर्ड माउंटबेटन, जवाहरलाल नेहरू, मोहम्मद अली जिन्ना के साथ कलात के खान शामिल थे। इस बैठक में यह तय किया गया कि कलात एक स्वतंत्र देश रहेगा। लेकिन जिन्ना ने खारन, लास-बेला और मकरान को कलात के साथ मिलाकर एकीकृत बलूचिस्तान बनाने का प्रस्ताव रखा। इसमें जिन्ना ने तमाम प्रलोभन इन चारों रियासतों को दिए, बावजूद इसके बात नहीं बनी। 11 अगस्त 1947 को कलात और मुस्लिम लीग के बीच हुए समझौते में कहा गया कि बलूचिस्तान, भारत और पाकिस्तान के साथ आजाद होगा। लेकिन कलात के खान ने तीन दिन पहले 12 अगस्त को आजादी की घोषणा कर दी। हालांकि, सितंबर 1947 में, अंग्रेजों ने दावा किया, कि कलात स्वतंत्र रूप से काम नहीं कर सकता।

### पाक के लिए अफगानिस्तान का धमाकेदार जवाब

## हम उसको छोड़ेंगे नहीं, भारत से हमें बहुत प्यार



अफगानिस्तान ने भारत के लिए प्यार और पाकिस्तान के लिए गुस्सा दोनों खुलकर दिखा दिए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में अफगान नागरिक एक भारतीय पर्यटक से बातचीत में भारत को 'पुराना दोस्त' बताते हैं और पाकिस्तानियों को 'छोड़ेंगे नहीं' कहकर चेतावनी दे देते हैं। वीडियो में एक अफगान नागरिक कहता है, कि हम अपने पड़ोसी (पाकिस्तान) को अंदर नहीं आने देंगे, लेकिन भारत से हमें बहुत प्यार है। भारतीय लोग हमारे पुराने दोस्त हैं। हमारे देश में उनका हमेशा स्वागत है। एक दूसरे अफगानी युवक ने बेझिझक कहा कि अगर कोई पाकिस्तानी यहां दिखा, तो हम उसको लाग मारेंगे। हम उसको छोड़ेंगे नहीं! इस बयान के बाद दोनों युवक भारत के साथ अपने लंबे और मजबूत रिश्ते की बात भी करते हैं।

### अमेरिका सहित कई देशों के समकक्षों से विदेश मंत्री जयशंकर ने की बात, कहा

## पाकिस्तान की किसी भी तनाव बढ़ाने वाली कार्रवाई पर भारत की कड़ी प्रतिक्रिया होगी

जयशंकर ने ब्रिटिश समकक्ष डेविड लैमी से फोन पर बात की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के मध्य जारी सैन्य संघर्ष के बीच विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को अपने ब्रिटिश समकक्ष डेविड लैमी से फोन पर बात की और उनसे कहा कि आतंकवाद के खिलाफ 'कतई बर्दाश्त न करने वाली नीति' होनी चाहिए। जयशंकर-लैमी की बातचीत नयी दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच तनातनी कम करने की भारत के रणनीतिक साझेदारों की कोशिशों की पृष्ठभूमि में हुई। जयशंकर ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा कि हमारी चर्चा आतंकवाद का मुकाबला करने पर केंद्रित थी, जिसके खिलाफ कतई बर्दाश्त न करने वाली नीति होनी चाहिए।

विदेश मंत्री ने इससे पहले गुरुवार को अमेरिकी समकक्ष मार्को रूबियो, इटली के उप प्रधानमंत्री एंटोनियो तजानी और यूरोपीय संघ (ईयू) के विदेश एवं सुरक्षा नीति मामलों की उच्च प्रतिनिधि काजा कलास से फोन पर बातचीत की थी। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के किसी भी उकसावे वाले प्रयास का दृढ़ता से मुकाबला करने के भारत के संकल्प पर जोर दिया। उन्होंने सीमा पार आतंकवाद के प्रति भारत की लक्षित और संतुलित प्रतिक्रिया को रेखांकित किया। तनाव बढ़ाने के किसी भी प्रयास का दृढ़ता से मुकाबला किया जाएगा।



### दोनों पक्ष संयम बरतें: ईयू



यूरोपीय संघ (ईयू) के विदेश एवं सुरक्षा नीति मामलों की उच्च प्रतिनिधि काजा कलास के साथ फोन पर हुई बातचीत को लेकर जयशंकर ने कहा कि ईयू की विदेश और सुरक्षा नीति मामलों की उच्च प्रतिनिधि के साथ वर्तमान घटनाक्रमों पर चर्चा की। भारत ने नपी-तुली कार्रवाई की है। बहरहाल, स्थिति बिगाड़ने वाली किसी भी हरकत के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया दी जाएगी। यूरोपीय संघ ने कहा कि वह क्षेत्र में बढ़ते तनाव और अधिक लोगों की जान जाने की आशंका सहित अन्य परिणामों पर बारीकी से और बड़ी चिंता के साथ नजर बनाए हुए है। उसने कहा कि ईयू दोनों पक्षों से संयम बरतने, तनाव कम करने और नागरिकों के जीवन की रक्षा के लिए हमलों से बचने का आह्वान करता है।

### पाक को लगा झटका, विश्व बैंक के प्रमुख बंगा बोले

## सिंधु जल संधि पर हमारी भूमिका सुविधा-प्रदाता से अधिक नहीं



विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा है कि बहुपक्षीय एजेंसी की भारत और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि में सुविधा प्रदान करने के अतिरिक्त कोई भूमिका नहीं है। बता दें, भारत ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 भारतीयों की हत्या के बाद दशकों पुरानी सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि हमारी भूमिका केवल एक सुविधा-प्रदाता की है। मीडिया में इस बारे में बहुत अटकलें लगाई जा रही हैं कि विश्व बैंक किस तरह से इस समस्या को हल करेगा, लेकिन यह सब बेबुनियाद है। विश्व बैंक की भूमिका केवल एक सुविधा-प्रदाता की है। विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई सिंधु जल संधि के तहत 1960 से भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी के बंटवारे एवं इस्तेमाल को नियंत्रित किया गया है।

### तुर्किये-अजरबैजान के लिए हवाई टिकट की बुकिंग बंद



भारत पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर यात्रा के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग प्लेटफार्म ने तुर्किये और अजरबैजान के बीच हवाई टिकटों की बुकिंग बंद कर दी गई है। इसके साथ ही यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। यात्रियों को तुर्किये और अजरबैजान की यात्रा न करने की सलाह दी गई है। दोनों देश पाकिस्तान का समर्थन कर रहे हैं।

## अमेरिका युद्ध से दूर रहेगा, चाहते कि तनाव व कोई बड़ा संघर्ष न हो

भारत-पाक तनाव पर यूएस उपराष्ट्रपति बोले

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने कहा है कि वह ऐसे युद्ध में शामिल नहीं होगा जिससे उसका 'मूलतः कोई वास्ता नहीं है'। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने गुरुवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान को अमेरिका नियंत्रित नहीं कर सकता लेकिन वह परमाणु-शक्ति संपन्न दोनों पड़ोसियों से तनाव कम करने की अपील कर सकता है।

वेंस ने कहा कि हम इस बात को लेकर चिंतित हैं कि कहीं परमाणु शक्तियां आपस में टकरा न जाएं और कोई बड़ा संघर्ष न हो जाए। वाशिंगटन चाहता है कि तनाव जल्द से जल्द 'कम हो'। उन्होंने कहा कि हम इन देशों को नियंत्रित नहीं कर सकते। भारत को पाकिस्तान से कुछ शिकायतें हैं। पाकिस्तान ने भारत को जवाब दिया है। हम इन लोगों से अपील कर सकते हैं कि वे तनाव को कुछ कम करने की कोशिश करें लेकिन हम युद्ध के बीच में नहीं पड़ेंगे। इससे हमारा मूलतः कोई लेना देना नहीं है।'



### कूटनीतिक और शांत दिमाग से काम करें

*वेंस ने कहा कि अमेरिका दोनों देशों से हथियार डालने के लिए नहीं कह सकता। इसलिए हम कूटनीतिक माध्यमों से इस मामले को आगे बढ़ाते रहेंगे। हम कामना करते हैं कि यह किसी व्यापक क्षेत्रीय युद्ध या किसी परमाणु संघर्ष में न बदले, लेकिन हम इन चीजों को लेकर निश्चित रूप से चिंतित हैं। वेंस ने कहा कि मुझे लगता है कि यहां कूटनीति और शांत दिमाग से काम करना होगा, ताकि यह सुनिश्चित हो कि यह परमाणु युद्ध न बन जाए। अगर ऐसा हुआ तो यह निश्चित रूप से विनाशकारी होगा। अभी हमें नहीं लगता कि ऐसा होने वाला है। बता दें, वेंस, उनकी पत्नी उषा वेंस और उनके तीन बच्चे जब भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर थे तभी 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी थी।*

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने की मुलाकात

आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में समर्थन के लिए जताया आभार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

द्वितीय विश्व युद्ध में विजय की 80वीं वर्षगांठ पर रूस में आयोजित समारोह में भारत की ओर से भाग ले रहे रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मॉस्को में मुलाकात की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही लड़ाई में रूस के समर्थन के लिए आभार जताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि अपनी रूस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। 80वें विजय दिवस की वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित भोज में भारत का प्रतिनिधित्व किया। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में रूस के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।



### रूसी उप रक्षा मंत्री के साथ द्विपक्षीय बैठक में शामिल हुए

*रक्षा राज्य मंत्री सेठ, गुरुवार को रूस की राजधानी मास्को पहुंचे थे। भारत के राजदूत विनय कुमार और रूस रक्षा मंत्रालय के मेजर जनरल ओलेग मोलेसेव ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वह रूसी उप रक्षा मंत्री कर्नल जनरल अलेक्जेंडर फोमिन के साथ द्विपक्षीय बैठक में शामिल हुए। मंत्री सेठ ने बताया कि इस बैठक में बहुआयामी सैन्य और सैन्य-तकनीकी सहयोग पर सकारात्मक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि हमने मौजूदा संस्थागत तंत्र के ढांचे के भीतर इन संबंधों को और गहरा करने पर सहमति जताई। भारत और रूस भविष्य में भी नियमित परामर्श जारी रखेंगे और बदलती स्थिति में आपसी सहयोग बढ़ाएंगे। इसके पहले संजय सेठ द्वितीय विश्व युद्ध के बलिदानी सैनिकों की समाधि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भी शामिल हुए।*

### युद्ध के हालातों पर बोले मौलाना महमूद मदनी

## पूरा देश, सभी धर्म और मुसलमान भारतीय सेना के साथ, सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं

जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की हुई सैन्य कार्रवाई पर बड़ा बयान दिया है। मौलाना मदनी ने कहा कि जमीयत उलमा-ए-हिंद देश की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा के मुद्दे पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान की ओर से कोई युद्ध थोपने की कोशिश की जाती है, तो हम स्पष्ट और दो टूक शब्दों में यह ऐलान करते हैं कि पूरा देश, सभी धर्मों के लोग और विशेष रूप से मुसलमान, अपनी सेना के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं।



### भारत हमारा वतन

मदनी ने कहा कि भारत हमारा वतन है। इसकी रक्षा करना हमारी राष्ट्रीय और संवैधानिक जिम्मेदारी है। हमने हमेशा देशभक्ति, शांति और एकता का संदेश दिया है और आज जब हमारी सीमाओं पर खतरा मंडरा रहा है, तो हम अपनी सेनाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने की घोषणा करते हैं।

### नया भारत घर में घुसकर मारता है: मंत्री शेखावत



केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारत अब नापाक पाकिस्तान की ऐसी किसी भी हरकत को बर्दाश्त नहीं करेगा और आतंकवादियों व उनके आकाओं को कठोरतम दंड दिया जाएगा। यह नया भारत है, जो सक्षम और समर्थ है जो आतंकियों के घर में घुसकर मारता है।

### कोर्ट में पेश किया गया आरोपी राणा

## 6 जून तक बढ़ाई गई न्यायिक हिरासत एनआईए स्लीपर सेल के बारे में पूछ रही

26/11 मुंबई हमलों के कथित मास्टरमाइंड और आरोपी तहव्वुर राणा को शुक्रवार नई दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे 6 जून 2025 तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। राणा को हाल ही में अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया था।

कोर्ट ने अपने आदेश में एनआईए को निर्देश दिया कि राणा की हर 24 घंटे में मेडिकल जांच की जाए और उसे हर दूसरे दिन अपने वकील से मिलने की अनुमति दी जाए। राणा को एनआईए मुख्यालय के हाई-सिक्योरिटी सेल में रखा गया है, जहां 24 घंटे सीसीटीवी और सुरक्षाकर्मियों की निगरानी में है।



एनआईए की पूछताछ में राणा से उसके पाकिस्तानी हैंडलर, फंडिंग के स्रोत, और संभावित स्लीपर सेल नेटवर्क के बारे में सवाल पूछे जा रहे हैं। जांच एजेंसी को शक है कि राणा का पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से भी गहरा संबंध था।

## पीड़ितों से की मुलाकात, इलाज और सहायता का दिया आश्वासन

सीएम उमर अब्दुल्ला पहुंचे जम्मू

गुरुवार रात जम्मू शहर और संभाग के अन्य हिस्सों में पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा किए गए असफल हमलों के बाद स्थिति का जायजा लेने के लिए सीएम उमर अब्दुल्ला जम्मू पहुंचे। सीएम सीमा पार से हुई गोलीबारी में घायल हुए नागरिकों से मिले। उन्होंने जीएमसी जम्मू में पीड़ितों और अस्पताल के कर्मचारियों से बातचीत की और उन्हें उनके इलाज और ठीक होने के लिए पूरी सरकारी सहायता का आश्वासन दिया।



### सेना किसी भी स्थिति से निपटने को तैयार

*जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को उरी सेक्टर में पाकिस्तानी गोलाबारी से प्रभावित गांवों का दौरा करने के बाद कहा कि सैनिकों का मनोबल ऊंचा है और भारतीय सेना किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि मैं सीमावर्ती इलाकों के उन गांवों में गया, जहां नुकसान हुआ है। घायलों और मृतकों के परिवारों को अनुग्रह राशि दी गई है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है।*

### 'आकाश' ने किया पाक ड्रोन के हमलों को नाकाम

## डीआरडीओ और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड ने बनाई मिसाइल

देश में ही तैयार 'आकाश' सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल वायु रक्षा प्रणाली ने गुरुवार को भारतीय शहरों को निशाना बनाकर किए गए पाकिस्तानी ड्रोन हमलों को नकाम करने में अहम भूमिका निभाई है। 8 मई और 9 मई की दरम्यानी रात भारतीय सेना ने पश्चिमी सीमा और जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान की ओर से किए गए कई ड्रोन हमलों को सफलतापूर्वक नाकाम किया और उनका जवाब दिया। भारतीय सेना और वायुसेना दोनों ने पाकिस्तान सीमा पर मिसाइल प्रणाली तैनात की है। आकाश को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने तैयार किया। इसे डीआरडीओ और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड की ओर से निर्मित मिसाइलों द्वारा विकसित किया गया है।



### 18,000 मीटर की ऊंचाई, 45 किमी दूरी तक निशाना


आकाश बैटरी मिसाइल प्रणाली 18,000 मीटर की ऊंचाई पर 45 किलोमीटर दूर तक के विमानों को निशाना बना सकती है। इसमें लड़ाकू जेट, क्रूज मिसाइल और हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों के साथ-साथ बैलिस्टिक मिसाइलों जैसे हवाई लक्ष्यों को बेअसर करने की क्षमता है। इसे एलओसी या अन्य सीमा पर ट्रक या टैंक जैसे वाहनों के जरिए लेकर जाया जा सकता है। इसका एडवांस वर्जन आकाश-एनजी 70 से 80 किमी तक मार कर सकता है। इसकी रफ्तार लगभग 2,500 किमी/घंटा है। यह 150 किमी दूर तक 64 लक्ष्यों को देख सकता है। यह एक साथ 12 मिसाइलों को दाग सकता है। मिसाइल में स्मार्ट गाइडेंस सिस्टम है, जिससे आखिरी पल में भी लक्ष्य को लॉक करने में मदद मिलती है।

### एक बैटरी 64 लक्ष्यों को ट्रैक 12 पर कर सकती है हमला

आकाश में एक राजेंद्र 3डी पैसिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड ऐरे रडार और चार लॉन्चर होते हैं। इनमें से प्रत्येक में तीन मिसाइलें होती हैं। यह सभी आपस में जुड़ी होती हैं। प्रत्येक बैटरी 64 लक्ष्यों को ट्रैक कर सकती है और उनमें से 12 पर हमला कर सकती है।

## जम्मू-राजस्थान वाली ट्रेनों के बदले रूट-टाइम

उत्तर-पश्चिम रेलवे ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। सुरक्षा के लिहाज से कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, कई ट्रेनों को री-शेड्यूल और कई के रूट्स डाइवर्ट किए गए हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकिरण ने जानकारी दी कि कुछ ट्रेन सेवाओं में आंशिक रद्दीकरण, पुनर्निर्धारण और मार्ग में देरी जैसी बाधाएं सामने आ रही हैं। रेलवे ने यात्रियों से अपने यात्रा कार्यक्रमों की जांच करने की अपील की है, ताकि उन्हें असुविधा न हो। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यात्री अपनी यात्रा से पहले नई जानकारी जरूर चेक करें और जरूरत पड़ने पर कोई विकल्प भी तैयार रखें। इस स्थिति के कारण यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए रेलवे ने खेद जताया है और समुचित व्यवस्था करने का वादा किया है।




# दर्शकों को पसंद आई ईशान-भूमि की जोड़ी

**मुंबई।** भूमि पेडनेकर और ईशान खट्टर की रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा वेब सीरीज 'द रॉयल्स' गुरुवार को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। इस सीरीज के जरिए पहली बार ईशान खट्टर और भूमि पेडनेकर एकसाथ नजर आए हैं। एक शाही परिवार की कहानी दिखाती इस सीरीज को लेकर दर्शकों को काफी इंतजार था। ईशान खट्टर और भूमि पेडनेकर की इस सीरीज को 'द रॉयल्स' कुछ लोग सीरीज की तारीफ कर रहे हैं, तो वहीं कई लोग सीरीज से निराश हुए हैं। एक यूजर ने ट्विटर पर लिखा, द रॉयल्स एक खूबसूरत दिखने वाली, लेकिन फ्लैट कहानी है। ये अपनी क्षमता को बर्बाद कर देती है। महल-सेट, इंस्टाग्रामेबल, बिजनेस-मीट-रॉयल्टी रोमांटिक कॉमेडी बनने की कोशिश में, यह न तो आकर्षक बन पाई है और न ही ढंग की बन पाई है।

लाइफ Style

# साईं पल्लवी

## डॉक्टर बनने के बाद चुनी एक्टिंग

जिस दौर में हीरोइनें यानी एक्ट्रेस बिना मेकअप के अपना चेहरा दिखाने तक से बचती हों, उस दौर में अगर कोई अभिनेत्री ऐसी हो जो न सिर्फ असल जिंदगी में बल्कि फिल्मों में भी मेकअप करने से बचती हो तो शायद इस पर यकीन कर पाना थोड़ा मुश्किल है। लेकिन, ऐसी ही एक्ट्रेस हैं साउथ की साईं पल्लवी।


एजेंसी ⏭ मुंबई

साई पल्लवी के बारे में ये मशहूर है कि उन्हें मेकअप करना बिल्कुल भी पसंद नहीं है। साई अपनी सिम्पलीसिटी के लिए जानी जाती हैं। तमिल, तेलुगु और मलयालम फिल्मों में अपने अभिनय से सबको प्रभावित करने वाली साई पल्लवी ने गुरुवार को अपना 33वां जन्मदिन मनाया। साई पल्लवी को उनकी महिला केंद्रित फिल्मों और दमदार किरदारों के लिए जाना जाता है। अपने 10 साल के कॅरियर में साई छह फिल्मफेयर (साउथ) और 2 दक्षिण भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म अवॉर्ड अपने नाम कर चुकी हैं।

इन दिनों साई रणबीर कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' को लेकर चर्चा में हैं। जिसमें वो मां सीता के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म से साई बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रही हैं। 9 मई 1992 को तमिलनाडु के नीलगिरी जिले के कोटागिरी में जन्मी साई पल्लवी एक बडगा (बदगा) परिवार से आती हैं। साई पल्लवी का पूरा नाम साई पल्लवी सेंथमराई है। लेकिन, फिल्मों में वो साई पल्लवी के नाम से ही जानी जाती हैं। साई पल्लवी एक अभिनेत्री के साथ-साथ डॉक्टर भी हैं। उन्होंने जॉर्जिया के त्बिलिसी स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी से मेडिकल की पढ़ाई पूरी की है। उन्होंने 2016 में एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है।



हॉलीवुड मसाला



# स्टंट की दुनिया के बेताज बादशाह

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया में बहुत से फिल्म स्टार्स हैं और फिर हैं टॉम क्रूज । वो शख्स जिसने लगभग तीन दशकों में मिशन इम्पासिबल मिशनः इम्पॉसिबल फ्रेंचाइजी को हाई-ऑक्टेन स्टंट्स की एक मास्टरक्लास बना दिया। जब 1996 में पहली फिल्म रिलीज हुई थी, तब उसकी पहचान एक ही सांस रोक देने वाले सीन से बनी थी। क्रूज एक प्रेशर-सेंसिटिव फ्लोर के ठीक ऊपर, हवा में लटकते हुए। सन्नाटा ऐसा कि बस एक पसीने की बूंद की आवाज सुनाई दे। उस दौर में ये सीन क्रांतिकारी था। लेकिन, आज जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो वो सीन मानो सिर्फ वॉर्म-अप लगता हैं। क्योंकि, इसके बाद हर फिल्म के साथ क्रूज ने सिर्फ बार नहीं बढ़ाई, उसने उसे सीधे खाई में फेंक दिया। मिशनः इम्पॉसिबल 2 में वो यूटा की डेड हॉर्स पॉइंट की सीधी खड़ी चट्टानों पर बिना हार्नेस, बिना स्टंट डबल के चढ़ते दिखे।




# जेम्स फोले ने कई शानदार फिल्मों का किया निर्माण

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी निर्देशक जेम्स फोले का 71 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह लंबे समय से ब्रेन कैंसर से जूझ रहे थे। जेम्स फोले को 'फिफ्टी शेड्स', नेटफ्लिक्स की 'हाउस ऑफ कार्ड्स', 'ग्लेनगैरी ग्लेन रॉस' और 'द करप्टर' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता था। उनका जन्म 28 दिसंबर 1953 को ब्रुकलिन, न्यूयॉर्क में हुआ था। साल 1984 में उन्होंने अपनी पहली फिल्म रेकलेस से फिल्म निर्माण का सफर शुरू किया। इसके बाद निर्देशक ने 'एट क्लोज रेंज' (1986) से क्रिटिक्स की प्रशंसा प्राप्त की, जिसमें सीन पेन और क्रिस्टोफर वॉकन ने अभिनय किया था। फोली ने 'ग्लेनगैरी ग्लेन रॉस' (1992), साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'फियर' (1996), और 'फिफ्टी शेड्स डार्कर' (2017) और 'फिफ्टी शेड्स फ्रीड' (2018) जैसे फिल्मों को बनाया था। निर्देशक ने टीवी में भी योगदान दिया है। उन्होंने 'हाउस ऑफ कार्ड्स', 'बिलियन्स' और 'ट्विन पीक्स' जैसी प्रशंसित सीरीज के एपिसोड का निर्देशन किया है। फोली ने मैडोना के लिए कई संगीत वीडियो का निर्देशन भी किया, जिसमें 'पापा डोंट प्रीच' और 'लिव टू टेल' शामिल हैं।



# अब हॉलीवुड फिल्म में नजर आएंगी कंगना

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत अब हॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं। वह हॉरर ड्रामा 'ब्लेस्ड बी द एविल' में पहली बार मुख्य भूमिका निभाएंगी। इस प्रोजेक्ट में कंगना के साथ टीन वुल्फ, टायलर पोसी और हॉलीवुड आइकन सिल्वेस्टर स्टेलोन की बेटी स्कारलेट रोज स्टेलोन होंगी। वैराइटी की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस फिल्म का निर्माण इस गर्मी में न्यूयॉर्क शहर में शुरू होने वाला है। निर्माताओं ने खुलासा किया कि टीम ने जानबूझकर अमेरिकी स्थानों का चयन किया ताकि हाल ही में घोषित ट्रम्प इंडस्ट्री टैरिफ से उत्पन्न किसी भी अनिश्चितता से बचा जा सके। इस फिल्म का निर्देशन अनुराग रुद्र ने किया है। जिन्होंने गाथा तिवारी लायंस मूवीज के अध्यक्ष और संस्थापक के साथ मिलकर इसकी स्क्रिप्ट भी लिखी है। 'ब्लेस्ड बी द एविल' एक साइकोलॉजिकल हॉरर है।



# छेड़ने वाले को हम छोड़ते नहीं

**मुंबई।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच रणवीर सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्टोरी पोस्ट की है। उन्होंने इस स्टोरी में सेना के ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ की है। साथ ही, इस स्टोरी की जरिए रणवीर सिंह ने उन ट्रोल्स को जवाब दिया है जो उन्हें ऑपरेशन सिंदूर को सपोर्ट करने पर ट्रोल कर रहे थे। रणवीर सिंह ने लिखा- कोई छेड़े तो हम उसे छोड़ते नहीं हैं। रणवीर सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को सपोर्ट किया था जिसके बाद उनके कमेंट सेक्शन में कुछ लोगों ने उन्हें ट्रोल करते हुए कमेंट्स किए थे जिसमे से ज्यादातर कमेंट्स पाकिस्तन की तरफ से आए थे। अब रणवीर ने उन ट्रोल्स को जवाब देते हुए स्टोरी लगाई है। रणवीर ने ऑपरेशन सिंदूर के लोगो की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा- 'राह चलते को हम छेड़ते नहीं, लेकिन अगर कोई छेड़े तो फिर हम उसे छोड़ते नहीं।'

टीवी मसाला



# गौरव चोपड़ा 'पुष्पा इंपॉसिबल' में निभाएंगे प्रोफेसर के किरदार

**नई दिल्ली।** सोनी सब का सीरियल 'पुष्पा इंपॉसिबल' काफी समय से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। जल्द ही इस सीरियल में एक्टर गौरव चोपड़ा भी नजर आएंगे। सीरियल 'पुष्पा इंपॉसिबल' में गौरव चोपड़ा प्रोफेसर राजवीर शास्त्री का रोल करेंगे। यह एक सख्त मिजाज का प्रोफेसर है, जो कि अपनी दमदार वकालत करने की क्षमता के लिए जाना जाता था। सीरियल में इस किरदार को लीड किरदार पुष्पा (करुणा पांडे) की मदद के लिए लाया गया है। कुछ पुरानी घटनाओं के कारण राजवीर का व्यवहार कड़वाहट से भरा है। वह गुस्से में रहता है और शराब पीता है, उसको दुनिया और कानून व्यवस्था पर भरोसा नहीं है। लेकिन, पुष्पा जब उसके जीवन में आएगी है तो सबकुछ बदल जाएगा। अपने रोल के बारे में गौरव चोपड़ा ने भी बात की। वह कहते हैं, 'जब मैंने पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ी तो राजवीर का किरदार काफी जटिल किस्म का लगा। इस किरदार में काफी सारी लेयर्स हैं। एक एक्टर होने के नाते मुझे ऐसे किरदार की तलाश रहती है जो चुनौतीपूर्ण हों।' सीरियल 'पुष्पा इंपॉसिबल' में पुष्पा का किरदार करुणा पांडे निभाती हैं। गौरव उनके साथ काम करने के अनुभव के बारे में भी बताते हैं, 'वह पुष्पा के किरदार को नेचुरल तरीके से निभाती हैं।

# रूपाली गांगुली ने फवाद खान को जमकर लताड़ा

**नई दिल्ली।** अनुपमा अभिनेत्री रूपाली गांगुली ने पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान को जमकर लताड़ा है। अभिनेत्री ने पाकिस्तानी एक्टर को पीओके और पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हुए हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' को 'शर्मनाक हमला' कहा था। अब अभिनेत्री ने पाकिस्तानी अभिनेता की आलोचना की है। फवाद खान के बारे में एक खबर पर रिएक्शन देते हुए रूपाली गांगुली ने एक्स (ट्विटर) पर लिखा, 'आपका भारतीय फिल्मों में काम करना हमारे लिए भी शर्मनाक था।' अभिनेत्री की इस प्रतिक्रिया का यूजर्स ने समर्थन किया। साथ ही पाकिस्तानी एक्टर की आलोचना भी की। 'कपूर एंड संस और 'ऐ दिल है मुश्किल सहित कई बॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुके फवाद खान ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके हमले के बाद मारे गए आतंकियों के लिए दुख जताया था। उनकी पोस्ट में लिखा था, 'इस शर्मनाक हमले में घायल और मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है।



# 'सिंदूर' नाम से आई वो फिल्म, जिसने बॉक्स ऑफिस पर फोड़ा बम, जया प्रदा और शशि कपूर की चमकी थी किस्मत

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बीच अब 38 साल पहले रिलीज हुई 'सिंदूर' चर्चा में आ गई है, जिसने बॉक्स ऑफिस पर दुनिया भर में धमाकेदार कमाई की थी। 'सिंदूर' फिल्म में शशि कपूर, जया प्रदा, गोविंदा और नीलम कोठारी थे, जबकि जितेंद्र और ऋषि कपूर खास रोल में नजर आए थे। कादर खान, शक्ति कपूर, गुलशन ग्रोवर, असरानी और अरुणा ईरानी फिल्म में सपोर्टिंग रोल दिखाई दिए थे। यह के. रवि शंकर के निर्देशन में बनी पहली फिल्म थी। हिंदी ड्रामा फिल्म 'सिंदूर' को कृष्णमूर्ति ने प्रोड्यूस किया था, जिसके डायलॉग कॉमेडियन कादर खान ने लिखे थे। 'सिंदूर' फिल्म स्वंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज हुई थी जो बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। खास बात यह थी कि साल 1987 में सिनेमाघरों में आई इस फिल्म का क्लैश 'वतन के रखवाले' से हुआ था। इसके बावजूद 'सिंदूर' 1987 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म (हाइएस्ट ग्रॉसिंग) बनी थी।



## साउथ रीमेक ने बॉलीवुड में मचाया तहलका

'सिंदूर' की कहानी की बात करें तो ये पति के शक पर आधारित थी कि कैसे विजय को लगाता है कि उसकी पत्नी लक्ष्मी का एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर है। वह इस चलते उसे घर से निकाल देता है। मगर सालों के बाद लक्ष्मी और विजय का आमना-सामना होता है और विजय को सच्चाई पता चलती है और वह हैरान हो जाता है। यह तमिल फिल्म 'उन्नई नान शांतिथेन' की रीमेक थी और इसका निर्देशन के. रविशंकर ने किया था। वहीं 'सिंदूर' को साल 1989 में तेलुगू में 'सुमंगली' नाम से बनाया गया था उस वक्त 2 करोड़ के बजट में बनी 'सिंदूर' ने 3.50 करोड़ कमाए थे।

# लगातार दूसरी बार भारत करेगा मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की मेजबानी

हैदराबाद में होगा आयोजन

**नई दिल्ली।** भारतवासियों के लिए गर्व की बात है क्योंकि भारत लगातार दूसरी बार मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की मेजबानी करने जा रहा है। यह प्रतियोगिता 10 मई से भारत के हैदराबाद में शुरू होगी। पिछले साल यानी 2024 में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का आयोजन मुंबई में हुआ था। लगातार दो संस्करणों का आयोजन करने के साथ ही 1951 में इसकी स्थापना के बाद से लगातार सालों में वैश्विक आयोजन की मेजबानी करने वाला इंडिया यूके के बाद दूसरा देश बन गया है।

## 10 से 31 मई तक होगा आयोजन

इस बार 10 मई को हैदराबाद के गाचीबोवली के इनडोर स्टेडियम में एक भव्य समारोह के साथ मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की शुरूआत होगी। जिसका समापन 31 मई को हाईटेक्स प्रदर्शनी केंद्र में होगा।



## राजस्थान की नंदिनी गुप्ता करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

भारत ने पहली बार 1996 में बेंगलुरु में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की मेजबानी की थी। इस साल राजस्थान की नंदिनी गुप्ता मिस वर्ल्ड 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। भारत द्वारा लगातार मिस वर्ल्ड की मेजबानी करना भारत के लिए गर्व की बात है।

## अब तक इंडिया को मिली हैं छह मिस वर्ल्ड

अब तक इंडिया की कुल छह सुंदरियों ने मिस वर्ल्ड का खिताब अपने नाम किया है। इनमें रीता फारिया (1966, महाराष्ट्र), ऐश्वर्या राय (1994, कर्नाटक), डायना हेडन (1997, तेलंगाना), युक्ता मुखी (1999, महाराष्ट्र), प्रियंका चोपड़ा (2000) और मानुषी छिल्लर (2017, हरियाणा) शामिल हैं।

# ऐसा गांव जहां दुल्हन के लिए श्राप था लाल जोड़ा, डोली से हो जाती थी गायब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लाल जोड़े में दुल्हन बनना हर लड़की का सपना होता है। लेकिन, यह सपना उस गांव के लिए श्राप बन गया, जहां दुल्हन बनीं लड़कियां डोली में बैठते ही गायब हो जाती थीं। हाल ऐसा कि लड़कियां लाल जोड़ा पहनने से भी डरने लगी थीं। लेकिन, घबराइए मत ऐसा रियल नहीं, बल्कि 1979 में रील लाइफ में हुआ था। फिल्म थी जानी दुश्मन, जिसमें बड़े बड़े सुपरस्टार्स नजर आए थे। फिल्म की कहानी ज्वाला प्रसाद की थी, जिसे अपने सपनों की लड़की से शादी करनी थी। शादी के दिन उसकी पत्नी लाल रंग का जोड़ा पहनती है और दूध में जहर मिलाकर मार देती है। इसके बाद वह शैतान बन जाता है।

## जानें कौन था ये 'जानी दुश्मन'




गांव के पुजारी से लेकर कई लोगों पर किया जाता है शक

इसके बाद वह बदला लेने की ठान लेता है और लाल जोड़ा पहने दुल्हनों का अपहरण कर उन्हें मारने लगता है। लेकिन, एक दूल्हे से जब ज्वाला का सामना होता है तो वह उसे मारकर उसके शरीर को कब्जे में कर लेता है। इसके बाद एक के बाद एक दुल्हनों के मरने का सिलसिला जारी रहता है। लेकिन, किसी को कुछ पता नहीं लगता। गांव के पुजारी से लेकर कई लोगों पर शक किया जाता है। अंत में शैतान का खात्मा होता है।

## चलो रे डोली उठाओ कहार

फिल्म जानी दुश्मन पॉपुलर फिल्मों में से एक है, जिसका गाना 'चलो रे डोली उठाओ कहार' आज भी सुनने को मिल जाता है। डरावने और सस्पेंस से भरी इस फिल्म का आज भी कोई तोड़ नहीं है। जबकि डेढ करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने उस समय 9 करोड़ की कमाई हासिल की थी। फिल्म में सुपरस्टार जितेंद्र, सुनील दत्त, प्रेमनाथ, शत्रुघ्न सिन्हा, विनोद मेहरा, रीना रॉय, नीतू सिंह, रेखा, योगिता बाली, बिंदिया गोस्वामी, रजा मुराद, सारिका, अमरीश पुरी, शक्ति कपूर और अरूणा ईरानी जैसे एक्टर्स नजर आए थे।

# 'संदेशे आते हैं' सॉन्ग का नया वर्जन होगा तैयार



**मुंबई।** साल 1997 में रिलीज हुई फिल्म 'बॉर्डर' का अब दूसरा पार्ट भी बन रहा है। इस फिल्म में एक बड़ी स्टार कास्ट मौजूद है। हाल ही में 'बॉर्डर 2' से जुड़ा एक नया अपडेट सामने आया है। इस फिल्म में भी 'संदेशे आते हैं' गाना दर्शकों को सुनने को मिलेगा। फिल्म 'बॉर्डर' में इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौर ने गाया था। फिल्म 'बॉर्डर 2' में यह गाना सोनू निगम के साथ एक दूसरा सिंगर गाएगा। इस सिंगर की भारत में अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। प्रोड्यूसर भूषण कुमार ने जेपी दत्ता और निधि दत्ता के साथ मिलकर 'संदेशे आते हैं' सॉन्ग के राइट्स लगभग 60 लाख रुपए में खरीद लिए हैं। इस गाने की फिल्म में बहुत ज्यादा अहमियत है। यही कारण है कि मेकर्स 'संदेशे आते हैं' को फिल्म 'बॉर्डर 2' में इस्तेमाल कर रहे हैं। साथ ही मेकर्स इस गाने के जरिए भारतीय सेना को सलाम भी करना चाहते हैं। फिल्म 'बॉर्डर 2' को जेपी दत्ता, भूषण कुमार, निधि दत्ता मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म 'बॉर्डर' के निर्देशक जेपी दत्ता थे। फिल्म 'बॉर्डर 2' में 'संदेशे आते हैं' सॉन्ग को सोनू निगम के साथ अरिजीत सिंह गाने वाले हैं। अरिजीत की गायिका के भारतीय दर्शक लंबे वक्त से दीवाने हैं। अब वह 'संदेशे आते हैं' सॉन्ग में अपनी आवाज का जादू चलाएंगे। सूत्रों के अनुसार यह गाना सनी देओल, वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ पर फिल्माया जाएगा। सनी देओल इस फिल्म का हिस्सा हैं क्योंकि, फिल्म 'बॉर्डर' में उनके किरदार को दर्शकों ने खूब पसंद किया था।

# 'ऑपरेशन सिंदूर': चोपड़ा, रोहित, कोहली ने भारतीय सशस्त्र बलों को किया सलाम

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

नीरज चोपड़ा, पीवी सिंधू, रोहित शर्मा और विराट कोहली सहित भारत की शीर्ष खेल हस्तियों ने पाकिस्तान में आतंकी ढांचे के खिलाफ देश की सैन्य कार्रवाई के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और उन्हें 'भारत की आत्मा' करार दिया।

भारत ने जम्मू और पठानकोट सहित अपने सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने की पाकिस्तान की कोशिशों को गुरुवार रात को तुरंत विफल कर दिया था। रोहित ने शुक्रवार को अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, ''हर गुजरते पल के साथ, हर फैसले के साथ मुझे हमारी भारतीय सेना, भारतीय वायुसेना और भारतीय नौसेना पर बेहद गर्व महसूस होता है। हमारे योद्धा हमारे देश के गौरव के लिए खड़े हैं।''



### हम सशस्त्र बलों के साथ एकजूटता से खड़े

कोहली ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर लिखा, ''हम इस कठिन समय में हमारे देश की रक्षा करने के लिए अपने सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता से खड़े हैं और उन्हें सैल्यूट करते हैं। हम अपने नायकों की अटूट बहादुरी तथा उनके और उनके परिवारों द्वारा हमारे महान राष्ट्र के लिए किए गए बलिदानों के लिए तहेदिल से आभारी हैं।''

### हमारी सेना उचित जवाब देगी: सहवाग

पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने मौजूदा हालात के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया है। सहवाग ने एक्स पर पोस्ट किया, ''पाकिस्तान ने युद्ध का विकल्प तब चुना है जब उनके पास चुप रहने का मौका था। वे अपनी आतंकवादी संपत्तियों को बचाने के लिए आगे बढ़े हैं, उनके बारे में इतना कुछ बोलते हैं। हमारी सेनाएं सबसे उचित तरीके से जवाब देंगी, जिसे पाकिस्तान कभी नहीं भूलेगा।''

### भारत मजबूत है: धवन

सहवाग के पूर्व भारतीय साथी शिखर धवन ने भी भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की। धवन ने ट्वीट किया, ''हमारी सीमाओं की इतनी मजबूती से रक्षा करने और जम्मू पर ड्रोन हमले को रोकने के लिए हमारे बहादुर दिलों को सम्मान। भारत मजबूत है। जय हिंद।''



### सेना की बहादुरी के लिए आभारी हूं: बुमराह

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी सुरक्षा बलों का आभार व्यक्त किया। बुमराह ने लिखा, ''हमारे सशस्त्र बलों का उनके साहस और बहादुरी के लिए आभारी हूं। हम उन्हें सैल्यूट करते हैं और हमें सुरक्षित रखने के लिए वे जो कुछ भी करते हैं उसके लिए हम हमेशा उनके ऋणी रहेंगे।''




### आइए हम अपनी भूमिका निभाएं : चोपड़ा

ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले चोपड़ा ने एक्स पर पोस्ट किया, ''हमें अपने बहादुर भारतीय सशस्त्र बलों पर गर्व है जो आतंकवाद के खिलाफ हमारे देश के लिए लड़ रहे हैं। आइए अपनी भूमिका निभाएं और इस दौरान सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देशों का पालन करें।

### भारत आपके साथ खड़ा है : सिंधू

ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली बैडमिंटन खिलाड़ी सिंधू ने पोस्ट किया, ''भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर पुरुषों और महिलाओं के लिए - आपका साहस, अनुशासन और बलिदान हमारे राष्ट्र की आत्मा हैं। ऑपरेशन सिंदूर जैसे क्षणों में, हमें उस मौन शक्ति और निस्वार्थ सेवा की याद आती है जो हमारे तिरंगे को ऊंचा रखती है। भारत आपके साथ खड़ा है। जय हिंद। ''



### हमें अपनी सेना पर गर्व



सूर्यकुमार ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, ''हमें अपनी सेनाओं पर बहुत गर्व है। आपके कारण ही हम अपने घरों में सुरक्षित रहते हैं। सीमाओं पर हमारी रक्षा करने में आपकी ताकत और दृढ़ संकल्प को सैल्यूट। हम आपका आभार व्यक्त करते हैं। जय हिंद।''

### हमारी प्रार्थनाएं सैनिकों के साथ



विश्व कप विजेता पूर्व सलामी बल्लेबाज क्रिस श्रीकांत ने कहा, ''हमारे दिल और प्रार्थनाएं सीमा पर खड़े हमारे सैनिकों के साथ हैं। अब समय आ गया है कि हम एकता और विश्वास के साथ उनके पीछे खड़े हों। हमारे बहादुर हमारी भूमि की रक्षा करें और दुनिया को दिखाएं कि भारत वास्तव में किसके लिए है। जय हिंद इसे हमारे लिए जीतें।''

### हम सशस्त्र बलों के पीछे खड़े है: पार्थिव

पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने कहा, ''आइए हम सभी अपने बहादुर भारतीय सशस्त्र बलों के पीछे खड़े हों क्योंकि वे हमारे देश की रक्षा करते हैं। हम हमेशा आपके साथ हैं।

---

## खबर संक्षेप



### दीक्षा और प्रणवी ने की अच्छी शुरुआत

**सोल।** भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर और प्रणवी उर्स ने यहां बारिश से प्रभावित अरामको कोरिया चैंपियनशिप के पहले दिन एक ओवर 73 के कार्ड से अच्छी शुरूआत की। दीक्षा जब तक नौवें होल तक पहुंची, वह शीर्ष 10 पर चल रही थीं। पर वह इसमें बोगी कर बैठीं और एक ओवर से संयुक्त 19वें स्थान पर खिसक गईं। प्रणवी ने अपने 73 के कार्ड के दौरान महज एक बर्डी लगाई और दो बोगी कर बैठीं जिससे वह भी संयुक्त 19वें स्थान पर बनी हुई हैं।भारत की दो अन्य गोल्फर त्वेसा मलिक (79) और अवनि प्रशांत (79) संयुक्त 86वें स्थान पर बनी हुई हैं जिससे उन्हें कट हासिल करने के लिए दूसरे दौर में अच्छा कार्ड खेलना होगा।

### क्रिकेट आस्ट्रेलिया की नजर भारत-पाक की स्थिति पर

**सिडनी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने शुक्रवार को कहा कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर 'करीबी नजर' रखे हुए है, क्योंकि 20 से अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी और कोच मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग और पाकिस्तान सुपर लीग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। आईपीएल पर गुरुवार को उस समय अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे जब आसपास के शहरों में हवाई हमले की संभावना के कारण धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच मैच बीच में ही रद्द करना पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अभी मौजूदा स्थिति की समीक्षा कर रहा है। इस बीच, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के कारण पाकिस्तान सुपर लीग के बाकी मैचों को यूएई में स्थानांतरित करने का फैसला किया है।

### कॉनराड सभी प्रारूपों के कोच नियुक्त : सीएसए

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट कोच शुकरी कॉनराड 2027 आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप तक सीमित ओवर की टीमों की भी कमान संभालेंगे। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने शुक्रवार को यहां इसकी घोषणा की। कॉनराड 2023 से दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम के कोच है। वह सीमित ओवरों की टीम में रॉब वाल्टर की जगह लेंगे। वाल्टर ने चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अप्रैल में इस्तीफा दे दिया था। इस 58 वर्षीय कोच के सामने सीमित ओवरों के प्रारूप में पहली चुनौती जुलाई में जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में होगी। सीएसए के राष्ट्रीय टीमों और हाई परफार्मेंस निदेशक एनोच एनक्वे ने कहा, '' टेस्ट टीम के साथ शुकरी का रिकॉर्ड काफी कुछ बयां करता है। उन्होंने एक ठोस नींव रखी है और टेस्ट प्रारूप में टीम को काफी मजबूत किया है। मैं उन्हें सीमित ओवर के प्रारूप की जिम्मेदारी उठाते हुए देखने के लिए उत्साहित हूं।''

---

## टीम ने तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में किया प्रवेश

# कम्पाउंड मिश्रित टीम कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में, दीपिका और सालुंखे पहुंचे सेमीफाइनल में

- मधुरा और अभिषेक ब्रिटेन के एला व स्कॉट से हारकर बाहर
- धामनगांवकर और अभिषेक कांस्य के लिए मलेशिया से खेलेंगे
- शूट ऑफ में सालुंखे ने गागोज को 6-5 से हराकर सेफा में जगह बनाई

**शंघाई।** भारतीय कम्पाउंड मिश्रित टीम ने शुक्रवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में कांस्य पदक मैच में प्रवेश किया जबकि दीपिका कुमारी और पार्थ सुशांत सालुंखे ने क्रमशः महिला और पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत सेमीफाइनल में जगह बनाई।

मधुरा धामनगांवकर और अभिषेक वर्मा कम्पाउंड मिश्रित टीम सेमीफाइनल में ब्रिटेन के एला गिब्सन और अजय स्कॉट से 156-158 से हार गए। अब धामनगांवकर और अभिषेक शनिवार को कांस्य पदक मैच में मलेशिया का सामना करेंगे।



### दीपिका अंतिम चार में कोरिया की लिम से भिड़ेगी

दीपिका क्वार्टर फाइनल में चीन की ली जियामन को 6-2 से मात दी और अब अंतिम चार में दक्षिण कोरिया की लिम सिहियोन से भिड़ेंगी। सिहियोन ने प्रीक्वार्टर फाइनल में एक अन्य भारतीय अंकिता भक्त को हराया था।

### सालुंखे ने पहले दौर में किया उलटफेर

वहीं व्यक्तिगत पुरुष रिकर्व स्पर्धा में सालुंखे ने पहले दौर में शूट-ऑफ में टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और पेरिस ओलंपिक के कांस्य विजेता मेटे गाजोज को 6-5 से हराकर उलटफेर करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई जिसमें उनका सामना रविवार को दक्षिण कोरिया के स्टार खिलाड़ी और पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन से होगा जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में एक अन्य भारतीय अतनु दास को मात दी।



### सालुंखे राउंड 32 में जापान से हार गई

सालुंखे ने राउंड 32 में जापान के आओशिमा तेत्सुया को 6-2 से हराने के बाद ऑस्ट्रेलिया के रयान टायक को और फिर क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया के किम जे देओक को समान अंतर से हराया। महिला वर्ग में दीपिका ने सेमीफाइनल में जगह बनाने से पहले स्पेन की लूसिया इबानेज रोमेरो को 6-4 से, कजाकिस्तान की डायना तुर्सुनबेक को 6-0 से और फ्रांस की विक्टोरिया सेबेस्टियन को 6-4 से हराया।

### मिश्रित में दीपिका व धीरज स्पेन से हार गए

रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा में दीपिका और धीरज बोम्मादेवरा दूसरे दौर में स्पेन के एलिया कैनालेस और एंड्रेस टेमिनो मेडिएल से 1-5 से हार गए। भारत शनिवार को कंपाउंड मिश्रित टीम कांस्य पदक मैच के अलावा दो स्वर्ण पदक मुकाबले खेलेगा।

### कंपाउंड महिला टीम फाइनल में मैक्सिको से भिड़ेगी

मधुरा, ज्योति सुरेखा वेन्नम और चिकिथा तानिपार्थी की भारतीय कंपाउंड महिला टीम फाइनल में मैक्सिको से भिड़ेगी जबकि अभिषेक वर्मा, ऋषभ यादव और ओजस प्रवीण देवताले की कंपाउंड पुरुष टीम का भी सामना मैक्सिको से होगा।

---

## क्रिकेट

# मेजबानी के पीसीबी के अनुरोध को खारिज कर सकता है यूएई

- पाकिस्तान सुपर लीग योजना धरी रह सकती है
- भारत-पाक तनाव से अमीरात बोर्ड की मंजूरी मिलने की संभावना कम




**दुबई।** पाकिस्तान सुपर लीग के बाकी मैच संयुक्त अरब अमीरात में कराने की पीसीबी की योजना धरी रह सकती है क्योंकि भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव को देखते हुए अमीरात क्रिकेट बोर्ड द्वारा इसे मंजूर करने की संभावना कम ही है । अमीरात क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों ने संकेत दिया है कि बोर्ड पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के ऐसे किसी भी अनुरोध को खारिज कर सकता है । पीसीबी पहले ही ऐलान कर चुका है कि पीएसएल यूएई में होगा । सूत्र ने इसके लिये सुरक्षा कारणों का हवाला दिया है । समझा जाता है कि हालिया घटनाक्रम के मद्देनजर अमीरात क्रिकेट बोर्ड यह संकेत नहीं देना चाहता कि वह पीसीबी का मददगार है और पीएसएल की मेजबानी से ऐसा ही संकेत जायेगा । सूत्र ने कहा ,'' अमीरात क्रिकेट बोर्ड के हाल ही के कुछ वर्षों में बीसीसीआई से मजबूत रिश्ते रहे हैं । इसने टी20 विश्व कप 2021 और चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान भारत के मैचों के अलावा आईपीएल की भी मेजबानी की है ।'' दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का मुख्यालय भी है जिसके अध्यक्ष बीसीसीआई के पूर्व सचिव जय शाह हैं । सूत्र ने कहा ,'' यूएई में काफी तादाद में दक्षिण एशियाई हैं जिन्हें क्रिकेट काफी पसंद है ।

## जेटली स्टेडियम में बम की धमकी निकली अफवाह

नई दिल्ली। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) को बम की धमकी मिलने के बाद दिल्ली पुलिस की टीम के साथ बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) और 'डॉग स्क्वॉड' की टीम अरुण जेटली स्टेडियम पहुंचीं जो अफवाह निकली। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। डीडीसीए सचिव अशोक शर्मा ने पीटीआई को बताया, ''हमें डीडीसीए के पते पर ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली थी। हमने तुरंत इसे दिल्ली पुलिस को भेज दिया। दिल्ली पुलिस के बम दस्ते ने आकर पूरे स्टेडियम की जांच की जिसमें कुछ भी नहीं मिला। '' दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने कहा कि कई टीम को तुरंत स्टेडियम भेजा गया और पूरी जगह की अच्छी तरह से जांच की गई। सूत्र ने कहा, ''जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इसके अलावा हमने स्टेडियम के अंदर और इसके आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है। ''

---

## खास खबर

# अल्काराज ने चोट से वापसी पर लाजोविच को हराया



एजेंसी ▸▸| रोम

कार्लोस अल्काराज ने चोट से वापसी करते हुए इटालियन ओपन टेनिस में शुक्रवार को यहां सर्बिया के क्वालिफायर डुसन लाजोविच पर 6-3, 6-3 से जीत दर्ज की। रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज अल्काराज ने पिछले महीने मैड्रिड ओपन से नाम वापस ले लिया था।

इससे पहले बार्सीलोना ओपन के फाइनल के दौरान उनके दाहिने पैर में चोट लग गई थी। उनके बाएं पैर भी चोटिल था। चार ग्रैंड स्लैम विजेता का इस साल क्ले कोर्ट पर उनकी यह 11 मैचों में 10वीं जीत थीं। मौजूदा फ्रेंच ओपन चैंपियन अल्काराज को अब 31वीं वरीयता प्राप्त एलेक्स मिशेलसन या लास्लो जेरे ये भिड़ना होगा। इटालियन ओपन से शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी यानिस सिनर की वापसी हो रही है जो डोपिंग से जुड़े प्रतिबंध के कारण तीन महीने तक खेल से दूर थे।

### सिनर का पहला मैच मारियानो से होगा

सिनर और अल्काराज ड्रॉ के अलग-अलग वर्ग में है। सिनर का पहला मुकाबला शनिवार को 99वीं रैंकिंग वाली मारियानो नवोन से होगा। शीर्ष रैंकिंग पर काबिज एरिना सबालेंका ने महिलाओं के टूर्नामेंट में अनास्तासिया पोटापोवा पर 6-2, 6-2 से जीत दर्ज की।


### मैनचेस्टर और टोटेनहैम यूरोपा लीग के फाइनल में

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर यूनाइटेड और टोटेनहैम ने आसान जीत के साथ यूरोपा लीग फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाकर चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की अपनी उम्मीदों को भी जीवंत रखा। इंग्लैंड की इन दोनों टीमों की इंग्लिश प्रीमियर लीग में स्थिति अच्छी नहीं है लेकिन यूरोप की दूसरे स्तर की प्रतियोगिता यूरोपा लीग को जीतने पर उन्हें चैंपियंस लीग में जगह मिल जाएगी। यूनाइटेड ने ओल्ड ट्रैफर्ड में सेमीफाइनल के दूसरे चरण में एथलेटिक बिलबाओ को 4-1 से हराया और इस तरह से स्पेन के क्लब के खिलाफ कुल मिलाकर 7-1 से जीत हासिल की। टोटेनहैम ने नॉर्वे के क्लब बोडो ग्लिम्ट को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में उसके घरेलू मैदान पर 2-0 से पराजित करके कुल 5-1 से जीत हासिल की।



## भुल्लर, चौरसिया जापान में कट में जगह बनाने में सफल

**टोक्यो।** गगनजीत भुल्लर और एसएसपी चौरसिया इंटरनेशनल सीरीज जापान गोल्फ में शुक्रवार को यहां कट में जगह बनाने में सफल रहे जबकि पांच अन्य अन्य भारतीय खिलाड़ियों ने निराश किया। एशियाई टूर पर 11 बार के विजेता भुल्लर ने दूसरे दिन दो अंडर 69 का कार्ड खेला। उन्होंने इस दौरान चार बर्डी के मुकाबले दो बोगी लगाये। उन्होंने बृहस्पतिवार को पार 71 का कार्ड खेला था। वह कुल दो अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 36वें स्थान पर है। चौरसिया ने तीन बर्डी और इतनी ही बोगी कर पार 71 का कार्ड खेला। उन्होंने पहले दौर में भी 71 का कार्ड खेला था जिससे वह संयुक्त 52वें पायदान पर है। इस बीच जीव मिल्खा सिंह (73, 70) एक शॉट से कट में प्रवेश करने से चूक गये। अन्य भारतीयों में युवराज संधू (71-74), राहिल गंगजी (75-70), अजितेश संधू (73-72) और शिव कपूर (73-74) का कट में जगह बनाने में नाकाम रहे।



## तीन गेम के कड़े मुकाबले में प्रतिस्पर्धी को हराया

# उन्नति, आयुष ताइपे ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे

एजेंसी ▸▸| ताइपे

- उन्नति ने जापान की हुंग को दी शिकस्त

युवा भारतीय शटलर आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा ने ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां तीन गेम के कड़े मुकाबले में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर पुरुष और महिला एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सत्रह साल की उन्नति ने 52 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में स्थानीय खिलाड़ी हुंग यी टिंग को महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में 21-8 19-21 21-19 से शिकस्त दी। ओडिशा मास्टर्स 2022 और अबू धाबी मास्टर्स 2023 की चैंपियन के सामने अब शीर्ष वरीयता प्राप्त तोमोका मियाजाकी की चुनौती होगी। जापान की इस खिलाड़ी ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में ताइपे की सियांग लिन को 17-21, 21-8, 21-17 से हराया।



विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता 20 साल के आयुष को भी अंतिम आठ की बाधा पार करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी।

### आयुष ने कनाडा के ब्रायन यांग को दी मात

पिछले दौर में अनुभवी किदांबी श्रीकांत को हराने वाले आयुष ने कनाडा के सातवीं वरीयता प्राप्त ब्रायन यांग 16-21 21-19 21-14 से मात दी। टूर्नामेंट के शुरूआती दौर में ऑल इंग्लैंड के उपविजेता ली चिया हाओं को हराकर उलटफेर करने वाले इस भारतीय खिलाड़ी के सामने अब शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोऊ टीएन चेन और इंडोनेशिया के मोह जकी उबैदुल्लाह के बीच होने वाले दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच के विजेता की चुनौती होगी।

## कपिल ने कहा, मैं उन्हें शानदार कॅरियर के लिए बधाई देता हूं

# भारत में रोहित जैसा क्रिकेट खेलने वाले बहुत कम लोग

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

- रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेकर सबको चौंका दिया था

अपने जमाने के दिग्गज आलराउंडर कपिल देव ने कहा कि भारत में बहुत कम लोग रोहित शर्मा की तरह क्रिकेट खेलने और उनकी तरह राष्ट्रीय टीम की कप्तानी करने का दावा कर सकते हैं। रोहित ने बुधवार को टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट लेकर सभी को चौंका दिया था। इस 38 वर्षीय बल्लेबाज ने अपने करियर में 67 टेस्ट मैचों में 40.57 की औसत तथा 12 शतक और 18 अर्धशतक की मदद से 4301 रन बनाए। कपिल ने कहा, ''उन्होंने बहुत अच्छी क्रिकेट खेली है। समय के साथ जिस तरह से उन्होंने खुद को ढाला और कप्तानी की, विशेषकर जिस तरह से उन्होंने क्रिकेट खेली, भारत में उस तरह की क्रिकेट बहुत कम लोगों ने खेली है। मैं उन्हें शानदार करियर के लिए बधाई देता हूं।'' पिछले साल विश्व कप के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय से पहले ही संन्यास ले चुके रोहित अब केवल वनडे प्रारूप में भारत का नेतृत्व करते नजर आएंगे।




### टीम का कप्तान चुनना चयनकर्ताओं का काम

यह पूछे जाने पर कि आने वाले वर्षों में भारतीय टेस्ट टीम का नेतृत्व करने के लिए सबसे अच्छा उम्मीदवार कौन है, कपिल ने बस इतना कहा कि कप्तान चुनना चयनकर्ताओं का काम है। उन्होंने कहा, ''कुछ चीजें और जिम्मेदारियां चयनकर्ताओं पर छोड़ देनी चाहिए। वे नया कप्तान ढूंढेंगे। हमें ज्यादा राय नहीं देनी चाहिए क्योंकि चयनकर्ताओं का अपना काम है और जब बात भारतीय टीम की हो तो वे जिम्मेदारी के साथ अपना काम करेंगे।''

### रोहित की जगह लेना मुश्किल

कपिल ने कहा, ''वे जिसे भी कप्तान नियुक्त करेंगे वह भारतीय टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ होगा। हालांकि रोहित की जगह लेना मुश्किल है, लेकिन किसी को तो यह जिम्मेदारी लेनी होगी।'' पिछले साल विश्व कप के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से पहले ही संन्यास ले चुके रोहित अब भारत के लिए केवल वनडे प्रारूप में ही कप्तानी करते नजर आएंगे। अब भारत को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच मैचों की सीरीज के लिए नए कप्तान की जरूरत होगी।



# मप्र राज्य क्याकिंग-कनोइंग अकादमी के खिलाड़ी प्रिंस गोस्वामी ने कीबा लेक कोमस्तु में जीता सोना

## जापान के कोटारो सवाटा और फुमिया अंडो ने जीते रजत और कांस्य पदक

एशिया पेसिफिक स्प्रिंट कप 2025 जापान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एशिया पेसिफिक सप्रिंट कप 2025 का आयोजन कीबा लेक कोमस्तु इशिकावा जापान में 9 से 11 मई तक किया जा रहा है। इस अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेल अकादमी के क्याकिंग केनोइंग खिलाड़ी प्रिंस गोस्वामी ने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रिंस गोस्वामी ने सी-1 की 1000मी. पुरूष स्पर्धा में 04:30.198 का समय लेकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर देश और प्रदेश को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में इस स्पर्धा में जापान के कोटारो सवाटा ने 04:32.378 का समय रजत और कांस्य पदक जापान के ही खिलाड़ी फुमिया अंडो ने 04:33.818 का समय लेकर हासिल किया।
खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने खेल अकादमी के क्याकिंग-केनोइंग खिलाड़ी प्रिंस गोस्वामी के खेल प्रदर्शन की सराहना कर उन्हें इस गौरवान्वित उपलब्धि की बधाई दी है।

**खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 2025 बिहार में मप्र का जलवा**



# मप्र 9 स्वर्ण, 4 रजत और 5 कांस्य समेत कुल 18 पदकों के साथ चौथे स्थान पर



शूटिंग के प्रारंभिक मुकाबले हुए, फाइनल आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन बिहार के अलग-अलग शहरों में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 4 मई से शुरू हुई है जो 15 मई तक चलेगी। शुक्रवार को मध्यप्रदेश 9 स्वर्ण, 4 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 18 पदकों के साथ चौथे स्थान पर है। शुक्रवार को आज शूटिंग खेल के प्रारंभिक मुकाबले खेले गए, जिसमें 10 मी. एयर रायफल मिक्स्ड टीम और शूटिंग शॉटगन के मुकाबले खेले गए। कल शनिवार कोशूटिंग रायफल, पिस्टल और शॉटगन के फायनल मुकाबले खेले जाएंगे। इनमें प्रातः 11 बजे से दोपहर 12:30 तक शूटिंग पिस्टल के 25 मी. स्पोर्ट्स पिस्टल यूथ वूमेन के मुकाबले होंगे, जिसमें मध्यप्रदेश के खिलाड़ी अंचल सिंह प्रतिभागिता करेंगे। इसके साथ ही शनिवार को ही बॉक्सिंग, फेंसिंग, वेटलिफ्टिंग और वूमेन हॉकी के प्रारंभिक मुकाबले भी खेले जाएंगे।

**फाइनल में वेदांत सुपर किंग्स को मात्र 2 रन से दी शिकस्त**

# अली हमीदिया बना वीसीपीएल टी 20 कॉर्पोरेट कप-25 का चैंपियन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नेहरू नगर पुलिस लाइन मैदान पर खेले गए वीसीपीएल टी 20 कॉर्पोरेट कप 2025 के फाइनल मुकाबले में अली हमीदिया क्रिकेट क्लब ने रोमांच से भरपूर मुकाबले में वेदांत सुपर किंग्स को मात्र 2 रन से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए अली हमीदिया की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 154 रन बनाए।

देबेंद्र नायक (33 रन) और अभिषेक गिरी (33 रन) की तेज़ शुरुआत ने टीम को गति दी। कप्तान मोहम्मद अमीदुद्दीन ने 12 रन और मुदस्सर आलम ने 17 रन की नाबाद पारी खेली। पियूष राज सक्सेना (13 रन) और रवि RP (14 रन) ने भी अहम योगदान दिया। वेदांत की ओर से आयुष कुशवाहा (4 ओवर, 14 रन, 2 विकेट) और यश जांगिड़ (4 ओवर, 35 रन, 2 विकेट) ने कसी गेंदबाज़ी की, लेकिन स्कोर को 150 के पार नहीं रोक सके। वहीं दूसरी पारी में रवि नरवारा का तूफान, लेकिन दीपक का 'स्पेल ऑफ द टूर्नामेंट' 155 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेदांत सुपर किंग्स की शुरुआत अच्छी रही। रवि नरवारा ने केवल 33 गेंदों में 63 रन (7 चौके, 4 छक्के) की तूफानी पारी खेली और मैच पर वेदांत की पकड़ बनती दिखी। लेकिन दीपक मालवीय ने एक छोर से 4 ओवर में सिर्फ 11 रन देकर 4 विकेट चटकाकर मैच का रुख बदल दिया। सौरभ राजपूत ने अंत तक संघर्ष करते हुए 44 रनों की पारी खेली, लेकिन लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाए। अंतिम ओवरों में दबाव ने वेदांत की पारी को तोड़ दिया और टीम 152/8 पर सिमट गई।

**प्रथम स्व. जीएस पठानिया अंडर-15 बॉयज क्रिकेट प्रतियोगिता**

# अकीरा ने क्रिकेट अकादमी ऑफ पठान्स को 6 विकेट से हराया

दोहरा प्रदर्शन कर दिशांत बने मैन ऑफ द मैच



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी द्वारा भेल स्थित जवाहर लाल नेहरू स्कूल में शुक्रवार को प्रथम स्व. जीएस पठानिया मेमोरियल अंडर-15 बॉयज स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में अकीरा क्रिकेट अकादमी और क्रिकेट अकादमी ऑफ़ पठान्स 'केप' के बीच खेला गया, जिसमें अकीरा क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया।
पठान्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अथर्व के 37 रन और रोहित के 21 रन की बदौलत 24.1 ओवर में 112 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। अकीरा क्रिकेट अकादमी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए दिशांत ने ने 52 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि मनीष ने 12 रन देकर 4 विकेट लिए। दानवीर को 1 विकेट मिला।
जवाबी पारी खेलने उतरी अकीरा क्रिकेट अकादमी की टीम ने 23.4 ओवर में 4 विकेट खोकर 114 रन बनाकर यह मैच 6 विकेट से जीत लिया। दिशांत ने 23 रन, समर्थ ने 22 रन बनाए जबकि अर्जुन ने 15 रन की पारी खेली। क्रिकेट अकादमी ऑफ़ पठान्स की तरफ से गेंदबाजी करते हुए जिगर ने 24 रन देकर 2 विकेट लिए जबकि वेद और अर्जुन ने 1-1 विकेट लिया।
दिशांत पाटीदार को दोहरे प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। शुक्रवा का मैच शुरू होने से पहले पूर्व विधायक और बीडीसीए अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर बीडीसीए सचिव शांति जैन भी उपस्थित थे।

**मयंक चतुर्वेदी अकादमी की इंटर हाउस प्रतियोगिता**

# सचिन तेंदुलकर हाउस ने धोनी हाउस को किया पराजित

प्रथम सक्सेना बने मैन ऑफ द मैच



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के ओल्ड कैंपियन मैदान पर चल रही मयंक चतुर्वेदी अकादमी की इंटर हाउस प्रतियोगिता में शुक्रवार को पहला मैच महेंद्र सिंह धोनी हाउस व सचिन तेंदुलकर हाउस के बीच खेला गया। जिसमें सचिन तेंदुलकर हाउस ने पहले क्षेत्र रक्षण का फ़ैसला किया।

अकादमी के सचिव डॉ. सुशील सिंह ठाकुर ने बताया कि धोनी हाउस ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 113/10 रन बनाए। जवाबी पारी खेलते हुए तेंदुलकर हाउस की टीम ने 9 विकेट पर 114 रन बना कर लक्ष्य हासिल कर लिया और मैच को एक विकेट से जीत लिया। प्रथम सक्सेना को शानदार प्रदर्शन के लिए मैंन ऑफ द मैच चुना गया ।

### तेंदुलकर हाउस ने युवराज सिंह हाउस को हराया

वहीं, दिन का दूसरा मैच मिनी ग्रुप (अंडर-12) का युवराज सिंह हाउस एवं सचिन तेंदुलकर हाउस के बीच खेला गया। तेंदुलकर हाउस ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए पूरे 10 विकेट पर 75 रन बनाए। जवाबी पारी खेलते हुए युवराज सिंह हाउस की टीम ने 51 रन ही बना पाई। इनमें अनादि ने 10, पलक ने 6 और तनुष ने 4 रन बनाए। तेंदुलकर हाउस के ध्रुव पारवे ने 4, प्रिंस ने 3 एवं रोशन ने 2 विकेट लिए। मैच में शानदार दोहरे प्रदर्शन के लिए ध्रुव पारवे को मैंन ऑफ द मैच चुना गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सीनियर जीएसटीई रेलवे और वरिष्ठ क्रिकेटर दिनेश कुमार क़लामे और कोच केडी गुप्ता ने प्रदान किया।

**कार ड्राईवर की आवश्यकता है**

भोपाल में मीडिया समूह में 2 (दो) कार ड्राईवरों की आवश्यकता है। अपने ड्राईविंग लाइसेंस एवं आधार कार्ड के साथ सम्पर्क करें।

पता : हरिभूमि कार्यालय, बी-ब्लॉक, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, शिवाजी नगर, भोपाल (म.प्र.)

मो. नं. 9303508298




Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or call our toll-free no.: 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Finance offer is at sole discretion of the financer, subject to its respective T&Cs. Offers are valid in select states for a limited period or till stock lasts. For more details, please visit your nearest authorized Hero outlet. *Ex-showroom prices are applicable in Bhopal. # Cash Bonus offer valid on Xtreme 125R. $Green Bonus is applicable Pan India on select Hero products and bonus amount may vary as per model/variant. *Terms & Conditions apply.

**अधिकृत डीलर: भोपाल:** वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफ़िज़ा) 9289923150, **बैतूल:** खण्डेलवाल हीरो9289922624, **सीहोर:** मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, **ब्यावरा:** आनंद हीरो 9289922871, **गुना:** गगन हीरो 9289922358, **अशोक नगर:** आरव हीरो 9821743269, **होशंगाबाद:** पुण्यशिला हीरो 9289922360, **हरदा:** राहुल हीरो 9289922491, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **दमोह:** इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, **सागर:** सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, **टीकमगढ़:** आनंद हीरो 9289923112, **छतरपुर:** आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), **ग्वालियर:** तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), **भिन्ड:** शिवम हीरो 9289922787, **दतिया:** शिव हीरो 9289923172, **मुरैना:** गगन हीरो 9289922678, **श्योपुर:** आशीष हीरो 9289922832, **शिवपुरी:** रघुवंशी हीरो 9289922571, **अशोक नगर:** आरव हीरो 9821743269, **इंदौर:** पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स्क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, **बड़वानी:** शर्मा हीरो 9289922742, **बुरहानपुर:** श्रीजी हीरो 9289922372, **देवास:** खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), **धार:** साक्षी हीरो 9289922618, **हाट पिपलिया:** श्रीराम हीरो 9289923154, **झाबुआ:** नाकोड़ा हीरो 9289922679, **कुक्षी:** अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, **खण्डवा:** ठक्कर हीरो 9289923018, **खरगोन:** निमाड़ हीरो 9289922378, **महू:** लक्ष हीरो 9289923176, **पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **सनावद:** राजेश हीरो 9289922774, **एसोशिएट डीलर: आष्टा:** श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, **बगदोना:** आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, **बरेली:** श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, **भोपाल:** मानिक मोटर्स 8827379110, **बंडा:** श्रुति मोटर्स, 7879573737, **नसरुल्लागंज:** जीवन मोटर्स 9977926838, **गंजबासोदा:** ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, **इटारसी:** रेवा मोटर्स 9425630406, **जतारा:** शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, **करेरा:** आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, **पिपरिया:** राज मोटर्स 7576454997, **नरसिंहगढ़:** गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, **पचोर:** प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, **रायसेन:** युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, **बीना:** राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, **टीकमगढ़:** एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, **खरगापुर:** हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, **राघोगढ़:** बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, **श्यामपुर :** गोपी मोटर्स 9111009671, **लटेरी:** श्याम हीरो 7748890061, **जामनेर:** अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, **सिरोंज:** प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, **सियाराली: भयरे मोटर्स**, 9981247007, **टिमरनी :** गंगोत्री मोटर्स 9755101902, **अम्बाह-**उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, **डबरा:** दुर्गा एजेन्सी 9926746001, **करेरा:** आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 7428492559, **पिछोर:** दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, **सबलगढ़:** शिवम मोटर्स 9893085461, **कोलारस:** भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, **बैराड़:** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, **बदरवास:** बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, **गोहद:** ओम साई मोटर्स 8358994876, **लहार:** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, **अलीराजपुर:** विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 **अंजड़:** न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, **बदनावर:** नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, **बेड़िया:** कृष्णा मोटर्स 7428494667, **बामनियां:** अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, **छनेरा:** गुरुनानक मोटर्स 7428390286, **बेटमा:** अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, **धामनोद:** अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, **इंदौर:** गीतांजलि मोटर्स 9630099725, क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, **मुंडी:** अभिषेक मोटर्स 7428390273, **पानसेमल:** हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, **पेटलावद:** भंडारी अभिकरन 9977287143, **धरमपुरी:** कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, **राऊ:** अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, **सेंधवा:** डीलक्स मोटर्स 7428295060, **निवाली :** श्री वल्लभ मोटर्स 9893501517, **पुंजापुरा: पटेल मोटर्स** 9755567226, **सतवास: शिवम मोटर्स** 9826088351, **नागदा:** कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, **सिंघोट:** आकाश मोटर्स 7428494665, **सोनकच्छ:** भारत मोटर्स 9826607753, **घाटाबिल्लौद:** लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, **खाचरोद:** जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, **मांगलिया:** श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) **गुना:** गगन हीरो 9289922358, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **भिन्ड :** शिवम् मोटर्स 9289922787, **पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **छनेरा :** गुरुनानक मोटर्स 7428390286, **सारंगी:** श्री मोटर्स, 9340927342.

L&K | SAATCHI & SAATCHI

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930